विशेषतया बहुत से गुरुओं के संप्रदाय में यही विद्या प्रचलित हैं। दूसरी लोपामुद्रोपासिता पञ्चदशी हैं। इन को हादिपंचदशी विद्या कहते हैं। विशेषतः हयग्रीव क्रम वाली गुरुपरम्परा में इस विद्याका प्रचलन है। तीसरी नन्द्युपासिता पञ्चदशी हैं जिन्हें सादि पञ्चदशी कहते हैं। यह विद्या तथा अन्य भेदकी विद्या अल्प संख्यक गुरुपरम्परा में प्रचलित हैं। जो ब्रह्माण्ड़पुराणान्तर्गत ललितासहस्रनामस्तोत्र, ललितात्रिशतीस्तोत्रादि हैं, वे इसी उर्ध्वाम्नायात्मिका ललिता के हैं, पूर्वाम्नायात्मिका ललिता के नहीं हैं। सकल सहस्त्रनामस्तोत्रों में यह ललितासहस्रनामस्तोत्र उत्तम है, क्यों कि इसके श्लोकों में पादपूरणार्थ निरर्थक (च, तु, वै, हि) पद नहीं हैं, फिर प्रत्येक नाम से प्रत्येक गुढार्थ निकलते है इन के भैरव कामेश्वर हैं। उनका मन्त्र तथा ध्यान ऐसे हैः—

सोमकामेन्द्रयुङ्मायाश्रुतिश्च- परमेश्वरि ।
तारवाणीरमालज्जा बीजैस्तु संपुटी भवेत् ॥
कामेशस्य दशार्णोयं भुक्तिमुक्तिप्रदायकम् ॥
जपाकुसुमसंकाशं त्रिनेत्रं चन्द्रशेखरम् ।
श्रृणिपाशेक्षुकोदण्डप्रसूनेषु धरंस्मरेत् ॥

फिर बालाका भैरव त्रिपुरेश्वर हैं उनका ध्यान तथा मन्त्र ऐसे हैः—

"एकवक्त्रं त्रिनयं चतुर्बाहुसमन्वितम् ।
दक्षिणे चांकुशं खड्गं वामे खेटकपाशकौ ॥
धारयन्तं रक्तवर्णं बृषासनगतं विभुम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऊर्ध्वकेशं हारहारं कपाल मालयान्वितम् ॥
एवं विधं महादेवं ध्यायेत्त्रिपुर भैरवम् " ॥
" माया लक्ष्मी स्तथा हंसः प्रासाद वीजमेवच ।
वह्निजायान्तको मन्त्रो भवेत् त्रैपुर भैरवः ॥
षडङ्गमूलमन्त्रेण वलिपूजादिकं तथा " ॥

मन्त्रार्थ का रहस्य जानना बड़ाही कठिन है। मन्त्रार्थ से ही मन्त्रके महत्वका यथार्थ ज्ञान होगा। पञ्चदशी मन्त्रकी महिमा वैसी क्यों हुई, इस विषय में यह बात है कि इस मन्त्रमें व्रह्मगायत्री के चारही पाद अन्तर्गत हैं। अतएव इस मन्त्रका अर्थ करने के लिए प्रथम इस के अर्थ से गायेत्रीका पदनिकाल अर्थ करना चाहिए। श्रुति ने त्रिपुरातापिन्युपनिषद् में यह श्रीविद्या पञ्चदशाक्षरी (कामराजोपासिता)का मन्त्रार्थ इस प्रकार किया है:-

"अथै तस्य परं गह्वरं व्याख्यास्यामो महामनु समुद्भवं तदिति। व्रह्म शाश्वतम्। परो भगवान्निर्लक्षणो निरञ्जनो निरुपाधिराधिरहितो देवः। उन्मीलते पश्यति विकासते चैतन्यभावं कामयत इति। स एको देवः शिवरूपी दृश्यत्वेन विकासते। यतिषु यज्ञेषु योगिषु कामयते। कामं जायते। स एव निरञ्जनोऽकामत्वेनोज्जृम्भते। अकचटतपयशान्सृजते। तस्मादीश्वरः कामोऽभिधीयते। तत्परिभाषया कामः"क" कारम् व्याप्नोति। काम एवेदं तत्तदिति 'क' कारो गृह्यते। तस्मात 'तत्' पदार्थ इति य एवं वेद। 'सवितुर्वरेण्य' मिति षूङ् प्राणिप्रसवे सविता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्राणिनः सूते प्रसूते शक्तिम्। सूते त्रिपुरा शक्तिराद्येयं त्रिपुरा परमेश्वरी महाकुण्डलिनी देवी। जातवेदसमण्डलं योऽधीते सर्वं व्याप्यते। त्रिकोण शक्ति 'रे' कारेण महा भागेन प्रसूते। तस्मात् 'ए' कार एव गृह्यते। "वरेण्यं" श्रेष्ठं भजनीयमक्षरं नमस्कार्यम्। तस्माद्वरेण्यमेकाक्षरं गृह्यत इति य एवं वेद। "भर्गोदेवस्य धीमही" त्येवं व्याख्यास्यामः। धकारो धारणा। धियैव धार्यते भगवान् परमेश्वरः। भर्गोदेवो मध्यवर्ति तुरीयमक्षरं साक्षात्तुरीयं सर्वं सर्वान्तर्भूतम्। तुरीयाक्षरम् "ई" कारं पदानां मध्यवर्तीत्येवं व्याख्यातं भर्गोरूपं व्याचक्षते। तस्माद्भर्गो देवस्य "धीमही" त्येव "मी" काराक्षरं गृह्यते। महीत्यस्य व्याख्यानं महत्वं जडत्वं काठिन्यं विद्यते यस्मिन्नक्षतेरेतन्म हिलकारः परंधाम। काठिन्याढ्यं ससागरं सपर्वतं ससप्तद्वीपं सकाननमुज्ज्वलद्रूपं मण्डलमेवोक्तं 'ल' कारेण पृथ्वीदेवी महीत्यनेन व्याचक्षते। "धियो यो नः प्रचोदयात्।" परमात्मा सदाशिव आदि भूतः परः। स्थाणु भूतेन "ल" कारेण ज्योतिर्लिङ्गमात्मनं धियो बुद्धयः परे वस्तुनि ध्यानेच्छारहिते निर्विकल्पके "प्रचोदयात्" प्रेरयेदित्युच्चारण रहितं चेतसैव चिन्तयित्वा भावयेदिति। "परोरजसे सावदो" मिति तदवसाने परंज्योतिरमलं हृदि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दैवतं चैतन्यं चिल्लिङ्गं हृदयागारवासिनीं हृल्लेखेत्यादिना स्पष्टं वाग्भवकूटं पश्चात्तरं पञ्चभूतजनकं पंचकलामयं व्यापठ्यत इति। य एव वेद। अथ तु परं कामकला भूतं कामकूटमाहुः। "तत् सवितुर्वरेराय" मित्यादि द्वात्रिंशद-क्षरीं पठित्वा तदिति परमात्मा सदाशिवोऽक्षरं विमलं निरुपाधितादात्म्य प्रतिपादनेन "ह" काराक्षरं शिवरूपं निरक्षरमक्षरं व्यालिख्यत इति। तत्परागव्यावृत्तिमादाय शक्तिं दर्शयति। तत्सवितुरिति पूर्वणाध्वना सूर्याधश्चन्द्रिकां व्यालिख्य मूलादि ब्रह्मरन्ध्रगं सोक्षरमद्वितीयमाचक्षत इत्याह भगवन्तं देवं शिवशक्त्यात्मकमेवोदितम्। शिवोऽयं परमं देवं शक्तिरेषा तु जीवजा। सूर्या चन्द्रमसोर्योगाद्धं-सस्तत् पदमुच्यते। तस्मादुज्जृम्भते कामः कामात्कामः परशिवः। कार्णोऽयं कामदेवोऽयं वरेरायं भर्गो उच्यते। तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवः क्षीरं सेचनीयमक्षरं सम द्यु घुम्नमक्षरं परमात्मजीवात्मनोर्योगान्तदिति स्फष्टमक्षरं तृतीयं 'ह' इति तदेव सदाशिव एव निष्कलमष आद्यो देवोऽन्त्यमक्षरं व्याक्रियते। परमं पदं 'धी' ति धारणं विद्यते जडत्वधा रणम्। 'मही' ति 'ल' कारः शिवाधस्ता-त्तु लकारार्थः स्पष्टमन्त्यमक्षरं परमं चैतन्यं 'धियो योनः प्रचोदयात् परोरजसेसावदो' मित्येवंकूटं कामकलालयं षडध्वपरिवर्तको वैष्णवं परमं धामैति भगवांश्चैतस्माद्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एवं वेद। अथैतस्मादपरं तृतीयं शक्तिकूटं प्रतिपद्यते। द्वात्रिंशदक्षर्या गायत्र्या 'तत्सवितुर्वरेण्यं' तस्मा दात्मन आकाश आकाशाद्वायुः स्फुरते तदधीनं वरेण्यं समुदीयमानं सवितुर्वा योग्यो जीवात्मपरमात्मसमुद्भवस्तं प्रकाशशक्तिरूपं जीवाक्षरं स्पष्टमापद्यते। 'भर्गोदेवस्यधी' त्यनेनोधाररूप— शिवात्माक्षरं गण्यते। 'मही' त्यादिना शेषंकाम्यंरमणीयं दृश्यं काम्यं रमणीयं शक्तिकूटं स्पष्टी कृतमिति। एवं पञ्चदशाक्षरं त्रैपुरं योऽश्नोते स सर्वान्कामानवाप्नोति।"

एवं श्री विद्या पञ्चदशाक्षरी विद्या का अर्थविचार कर एकोच्चारण करने से ही गायत्री के सम्यगाप्ताक्रम की पूर्ति होगी। गायत्री का सम्यगाप्ताक्रम तो गुरूवक्त्रसे ही जानलेना चाहिए। पूर्वोक्त उपनिषद् में ही फिर इसी पञ्चदशाक्षरी विद्याका अर्थ "जातवेधसेत्यादि' ऋचा में घटाया है। वह लेख विस्तारभय से यहाँ नहीं दिया है। श्रीविद्यामहाषोड़शी का अर्थतो ऐसा गहन है कि श्रुति भी उसे वर्णन नहीं कर सका। स्वयं शंकर कहते हैं किः—

"वक्त्रकोटिसहस्रैस्तु जिह्वाकोटिशतैरपि।
वर्णितुं नैवशक्येयं श्रीविद्याषोड़शाक्षरी॥
ब्रह्मविद्यास्वरूपा हि भुक्तिमुक्तिफलप्रदा।
एकोच्चारेण देवेशि वाजपेयस्य कोटयः॥
अश्वमेध सहस्राणि प्रादक्षिण्यं भुवस्तथा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

काश्यादितीर्थयात्राः स्युः सार्धकोटित्रयान्विताः ॥
तुलांनायान्तिदेवेशि नात्रकार्याविचारणा ।
एकोच्चारेणगिरिजे किं पुनर्ब्रह्म केवलम् ॥
षोडशार्णा महाविद्या नप्रकाश्या कदाचन ।
गोपितव्या त्वया भद्रे स्वयोनिरिव पार्वती ॥
अपि प्रियतमे देयं सुतदारधनादिकम् ।
राज्यं देयं शिरोदेयं नदेया षोडशाक्षरी ॥
सप्तलक्षमहाविद्यास्तन्त्रादौ कथिताः प्रिये ।
सारात् सारतरा चेयं महाविद्या सुगोपिता ॥ "

पञ्चदशी, षोडशी तथा महाषोडशी विद्यादि सब का विनियोग एक ही ऐसा है।

"ऋषिरस्य महेशानि दक्षिणामूर्त्तिरव्ययः ।
पंक्तिश्छन्दः समाख्यातं देवी त्रिपुरसुन्दरी ॥
वाग्भवं बिजमित्युक्तं शक्तिस्तु शक्तिकूटकम् ।
कामराजः कीलकं स्याद्दष्याादिन्यास ईरितः ॥ "

तत्रान्तरे– " निः सरन्ति महामन्त्रा महाग्नेर्विस्फुलिङ्गवत् ।
तथैव मातृकावर्णा निःसृता वाग्भवाः प्रिये ॥
अत एवास्य देवस्य वाग्भवं बीजमुच्यते ।
योषित्पुरुषरूपेण स्फुरन्ती विश्वमातृका ॥
महामोहेन देवेशि कीलयन्ती जगत्त्रयम् ।
अतस्तत्कीलकं देवि तेन सौभाग्यगर्भिता ॥
पालयन्ती जगत् सर्वं तेनेयं शक्तिरुच्यते ॥ "

तन्त्रान्तरे करषडङ्गन्यासः—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"अँ आँ सौरिति प्रोक्तं बीजं त्रिविधमुत्तमम् ।
एतद्बीजं द्विरावृत्य मध्यमाद्यङ्गुलीपुच ॥
शुद्धिं करस्य कुर्वीत तलयोः पृष्ठयोरपि ।
चतुर्थी नतिसंयुक्ता नाममन्त्रैः पृथक् पृथक् ॥
मध्यमाऽनामिका चैव कनिष्ठाऽङ्गुष्ठतर्जनी ।
क्रमेण नाम चाख्यातमंगुलीनां महेश्वरि ॥
द्विरावृत्या तु मूलेन षडंगानि प्रकल्पयेत् ॥

महाषोड़शी मन्त्र का विशेष विवरण पीछे किया जाएगा। श्रीविद्या ललिता की भी श्रीयन्त्र में ही पूजा होती है। श्रीयन्त्रार्चन का भी सूक्ष्म तया पीछे वर्णन करूँगा।

११ नं चित्र अब मैं बाला का विवरण लिखता हूँ। वडवानलतन्त्र में जो " बाला " पद दिया इसके अर्थ से बालात्रिपुरा, बालासुन्दरी तथा बालात्रिपुरसुन्दरी इन तीनों ही विद्याओं का सूचक है। सब से प्रथम बालात्रिपुरा की मूलविद्या त्र्यक्षरी का वर्णन कर उनके मन्त्रों के भेद का वर्णन करूँगा। बालात्रिपुरा का मूलमन्त्र त्रिपुरासार-समुच्चय में ऐसा लिखा है:—

"अथ त्रिलोकार्चित शासनाया ।
वक्ष्यामि बीजत्रयमम्बिकायाः ॥
गोप्तव्यमेतत् कुलधर्मविद्भि—
रमुष्य हेतोर्निजसिद्धयेच ॥
कान्तादिभूतपदगं कगतार्धचन्द्रम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दन्तान्तपूर्वजलधिस्थितवर्णयुक्तम् ॥
एतज्जपं नरवरो भुवि वाग्भवाख्यम् ।
वाचां सुधारसमुचां लभते स सिद्धिम् ॥
कान्तान्तं कुलपूर्वपञ्चमयुतं नेत्रान्तदण्डान्वितम् ।
कामाख्यं गदितं जपान्मनुरयं साक्षाज्जगत्क्षोभकृत् ॥
दन्तान्तेन युतं सदण्डिसकलं संमोहनाख्यं कुलम् ।
सिध्यत्यस्य गुणाष्टकं खचरता सिद्धिश्च नित्यं जपात् ॥
ऋषिर्दक्षिणामूर्त्तिसंज्ञो महात्मा ।
भवेच्छन्द एतस्य मन्त्रस्य पंक्तिः ॥
सरस्वत्यचिन्त्यप्रभावा प्रदिष्टा ।
बुधैर्देवता देववृन्दार्चिताङ्घ्रीः ॥
अमुष्यमन्त्रस्य रदान्तयुक्तम् ।
वीजं सदण्डं नकुलीशपूर्वम् ॥
शक्तिस्तुसा खण्डल कर्णपूर्व —
साहार्धजैवातृकमाननान्तम् ॥

अब बालात्रिपुराके मन्त्रभेदका वर्णन करता हूँ । मन्त्रमहोदधिमें ऐसा लिखा हैः—

" अथ वक्ष्यामी बालाया भेदानागमगोपितान् ।
१. मायाकामौ बरारूढं तार्तीयं त्र्यक्षरो मनुः ॥
२. अनुलोमप्रतिलोमाभ्यां बालामन्त्रः षडक्षरः ।
३. बालाश्रीकामहृल्लेखासंपुटोयं नवाक्षर ॥
४. बालान्ते बालात्रिपुरेस्वाहान्तो दशवर्णवान् ।
५. वाक्कामौव्योमभृग्विन्दुयुङ्मनुर्दीर्वभूघरः ॥
पिनाकोत्रिपुरेसिद्धिं देहिहृन्मनुवर्णवान् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

६. मायालक्ष्मीर्मनोजन्मात्रिपुरान्तेतु भारती ॥
कवित्वंदेहिठद्वन्द्वं षोडशार्णो मनुस्मृतः ।
७. कमला पार्वती कामस्त्रिपुरान्ते च मालती ॥
मह्यं सुखं ततोदेही स्वाहा सप्तदशाक्षरः ।
८. भृगुब्रह्मक्रियावह्नियुक्ताशान्तिस्सरात्रिपा ॥
दहनान्त्यमहाकालभुजङ्ग पुरुषोत्तमाः ।
मन्वर्घी शेन्दुसंयुक्ताद्वितीयंबीजमीरितम् ॥
वाग्बीजं त्रिपुरेसर्ववाञ्छितं देहिहृत्ततः ।
वह्नि प्रियासप्तदशवर्णो यं कीर्तितोमनुः ॥
९. हल्लेखात्रितयं प्रौढ त्रिपुरेनं तारोग्यमै- ।
श्वर्यं देहि प्रिया वन्हेर्मनुरष्टादशाक्षरः ॥
१० मायारमामन्मथान्ने त्रिपुरा मदने पदम ।
सर्वं शुभं साधयाग्नेः प्रियान्तोष्टादशाक्षरः ॥
११. हल्लेखाकमलानंगोवालान्तेत्रिपुरेपदम् ।
मदायत्तां ततो विद्यां कुरुहृद्वन्हिवल्लभा ॥
मन्त्रोविंशतिवर्णो यम् ।
१२. मायापद्मामनो भवः ।
परापरेन्ते त्रिपुरे सर्वमीप्सितमुच्यताम् ॥
साधयानलकान्तायमन्यो विंशतिवर्णकः ।
१३. कामद्वन्दंरमायुग्मं मायायुक् त्रिपुरापदम् ।
ललितेन्ते मदीप्सीतितामन्तेयोषितं पदम् ॥
देहिवाञ्छितमित्युक्त्वाकुरुज्वलनकामिनी ।
अष्टाबिंशतिवर्णोयं मनुरिष्टप्रियाप्रदः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१४. कामपद्माद्रिपुत्रीणां प्रत्येकं त्रितयंवदेत् ।
त्रिपुरान्ते सुन्दरीतिसर्वं जगदिनद्वयम् ॥
वशं कुरुद्वयं मह्यं वलं देह्यनलांगना ।
सर्वाभीष्ट प्रदोमंत्र उक्तो वाणगुणाक्षरः ॥"

न्यासादि–"चतुर्दशानामेतेषां मनूनांमृषिरीरितः ।
दक्षिणा मूर्तिसंज्ञस्तुच्छन्दो गायत्रनुच्यते ॥
त्रिपुरादेवता बाला षडङ्गं मातृकासमम् ॥"

अब ध्यान के बिषय में बालात्रिपुरा की मूल त्र्यक्षरी का ध्यान मेरुतन्त्र में ऐसा है।

"अभयं पुस्तकं मालां वरं च दधतीं करैः ।
अरुणामरुणाब्जस्थां रक्तवस्त्रां द्विजेशकाम् ॥"

तन्त्रान्तरे– "रक्ताम्वरां चन्द्रकलावतंसाम् ।
समुद्यतादित्यनिभां त्रिनेत्राम् ॥
विद्याक्षमालाभयदानहस्ताम् ।
ध्यायामिवालामरुणाम्वुजस्थाम् ॥"

बालात्रिपुरा के पूर्वोक्त चतुर्दश भेदों का ध्यान एक ही मन्त्र महोदधि में निम्नलिखित प्रकारका है।:—

"पाशाङ्कशौ पुस्तकमक्षसूत्रम् ।
करैर्दधानासकलामरार्च्या ॥
रक्तात्रिनेत्राशशिशेखरेयम् ।
ध्येयाखिलर्ध्यै त्रिपुरात्रवाला ॥"

बालात्रिपुरा ऊर्ध्वाम्नायात्मिका हैं तथापि मतान्तर में उनका पश्चिमाम्नाय से भी उपासनाकरने की किसी-किसी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुरुपरम्परा-की प्रथा है। इनके यन्त्र के विषय में ऊर्ध्वाम्नायी लोग निम्नलिखित प्रकार के त्रिपुर भैरवी के यन्त्र के मध्य में बिन्दु रखकर पूजा करते हैं। वह यन्त्र ऐसा है:-

"पद्ममष्ट दलोपेतं नवयोन्याढ्यकर्णिकम् ।
चतुर्द्वार समायुक्तं भूगृहं विलिखेत्ततः ॥
बिन्दुयुक्ता भवेद्बाला बिन्दुहीना च भैरवी ॥"

फिर पश्चिमाम्नायीलोग निम्नलिखित प्रकार के यन्त्र में पूजा करते हैं । वह यन्त्र ऐसा हैं:—

"त्रिकोणं बिलिख्यानुबृर्चदलानाम् ।
ततः पंचकं तद्बहिश्चापिवृत्तम् ॥
पुनः षड्दलं बाह्यतश्चापिहृत्तम् ।
लिखेदष्टपत्राणि तद्बाह्यतोऽपि ॥"

उर्ध्वाम्नायात्मिका बालात्रिपुरा के यन्त्र तथा आवरणार्चन के विषय में मन्त्रमहोदधि में ऐसा है:—

"नव योन्यत्मकं यन्त्रं वहिरष्टदलावृत्तम् ।
भूगृहेण पुनर्वीतं पूजनाय लिखेत्सुधीः ॥
मध्ययोनौतु तार्तीयमष्टयोनिषुमन्मथम् ।
केसरेषु स्वरान्यसेद्वर्गानष्टौदलेष्वपि ॥
दलाग्रेषुत्रिशूलानि पद्मं मातृकयावृतम् ।
एवं विलिखिते यन्त्रे पीठ शक्तिः प्रपूजयेत् ॥
इच्छाज्ञान क्रियाचैव कामिनी कामदायिनी ।
रतिरतिप्रिया नन्दा मनोन्मन्यपि चान्तिमा ॥
पीठशक्तिरिमाइट्वा पीठं तं मनुना दिशेत ।
व्योम पूर्वं तु तार्तीयं सदाशिव महापदम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रेतपद्मासनं ङेन्तं नमोन्तः पीठमन्त्रकः ।
षोडशार्णस्ततो मूर्तौ क्लृप्तायां मूलमन्त्रतः ॥
आवाह्यपूजयेद्देवीमुपचारैः पृथग्विधैः ।
देवीमिष्ट्वामध्ययोनौ त्रिकोणेरतिपूर्विकाः ॥
वामकोणेरतिं दक्षे प्रीति मग्रे मनोभवाम् ।
योन्यन्तर्वह्निकोणादावंगानि परिपूजयेत् ॥
मध्ययोनेर्बहिः पूर्वादिक्षुचाग्रेस्मरानपि ।
वाणदेवीस्तद्वदेव शक्तिरष्टसुयोनिषु ॥
सुभगाख्या भगापश्चात्तृतीया भगसर्पिणी ।
भगमाली तथा नङ्गा नङ्गाद्या कुशुमापरा ॥
अनङ्गमेखलानङ्गमदनेत्यष्टशक्तयः ।
पद्मकेसरगाब्राह्मीमुखाः पत्रेषु भैरवाः ॥
दीर्घाद्यामातरः पूज्याह्रस्वाद्याश्चाष्टभैरबाः ।
दलाग्रे ष्वष्टपीठानि कामरूपाख्यमादिमम् ॥
मलयंकोल्लगिर्याख्यं चौहाराख्यं कुलान्तकम् ।
जालन्धरं तथोद्यानं कोह्रपीठमथाष्टकम् ॥
भूगृहेदशदिक्ष्वर्च्यं द्वैतुकं त्रिपुरान्तकम् ।
वेतालमग्निजिह्वं च कालान्तककपालिनौ ॥
एकपादं भीमरूपं मलयं हाटकेश्वरम् ।
शक्राद्यानायुधैः सोर्ध्वं स्वस्वदिक्षुसमर्चयेत् ॥
तद्वहिर्दिक्षुवटुकं योगिनी क्षेत्रपालकम् ।
गणेशं विदिशास्वर्च्यं द्वसून्सूर्यान्छिवांस्ततः ॥ ”

कामना भेदसे बालात्रिपुरा का मूलत्र्यक्षरी विद्याका प्रत्येक अक्षरको एकाक्षर मन्त्र मानकर उर्ध्वाम्नाय से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उपासना होता है। उनका ध्यान तथा उपासनाविधि निम्नलिखित प्रकारका है:–

१. विद्याक्षमाला सुकपालमुद्रा –
राजत्करां कुन्दसमानकान्तिम् ॥
मुक्ताफलालंकृतिशोभिताङ्गीम् ।
वालांस्मरेद्वाङ्मयसिद्धिहेतोः ॥
ध्यात्वैवं वाग्भवं लक्षत्रयं शुक्लां वरावृतः ।
शुक्लचन्दनलिप्ताङ्गो मौक्तिकाभरणान्वितः ॥
जपित्वा तद्दशांशेन पालाशकुसुमैर्नवैः ।
जुहुयात्मधुराक्तैर्यः स कविर्युवतीप्रियः ॥ ”

२. “ भजेत्कल्पवृक्षाधउद्दीप्तरत्ना—
सने सन्निषण्णां मदाघुर्णिताक्षीम् ।
करैर्बीजपूरं कपालेषुचापम् ।
सपाशांकुशं रक्तवर्णं दधानाम् ॥
ध्यात्वा देवीं जपेल्लक्षत्रयं योमध्यबीजकम् ।
रक्तवस्त्रावृतोरक्त भूषणोरक्तलेपनः ॥
दशांशं मालती पुष्पैश्चन्द्रचन्दनलोलितैः ।
जुहुयात्तस्यवश्याः स्युस्त्रिलोकीजनताः क्षणात् ॥ ”

३. “ व्याख्यानमुद्रामृतकुंभविद्या—
मक्षस्रजं संदधतीं कराग्रैः ।
चिद्रूपिणीं शारदचन्द्रकान्तिम् ॥
बालांस्मरेन्मौक्तिकभूषिताङ्गीम् ॥
ध्यात्वैवं शक्तिबीजं च जपेल्लक्षत्रयंसुधीः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सितवस्त्रानुलेपाढ्यामात्मानं देवतां स्मरेत् ॥
मालतीकुसुमैर्हुत्वा चन्दनाक्तैर्दशांशतः ।
लक्ष्मीविद्यासुकीर्तिनामाधारो जायते चिरात् ॥ ”

बालात्रिपुरा के चतुर्दश भेदों में से जो सबसे प्रथम बर्णित मायादि त्र्यक्षरी विद्या हैं उनके स्थितिक्रमसे उच्चारण होने से वह **त्रिशक्तिलक्ष्मी** विद्या होंगी । उनका ध्यान निम्नलिखित प्रकारका हैः-

“ स्मेराननां चतुर्हस्तां पुस्तकाक्षवराभयाम् ।
त्रिशक्तिरूपिणीं वालां शरच्चन्द्रसमप्रभाम् ॥
रक्ताम्बरां चन्द्रमौलीं ध्यायेल्लक्ष्मीस्वरूपिणीम् ॥ ”

इनका उर्ध्वाम्नाय से ही उपासना होगा और बालाका ही रूपान्तर है । मतान्तर में त्रिशक्ति लक्ष्मी दूसरी भी है । उनका उपासना पूर्वाम्नायसे भी होसकता है । उनके मन्त्र ध्यानादि ऐसे हैः-

“ श्री बीजं च पराबीजं कामबीजं समालिखेत् ।
त्रिशक्तिर्देवताङ्गानि द्विरावृत्त्या यजेत् प्रिये ॥
ऋषिर्ब्रह्मास्य गायत्री छन्दोऽपि कथितं प्रिये ।
त्रिशक्तिर्देवताङ्गानि द्विरावृत्त्या यजेत् प्रिये ॥

ध्यानम्— “ नव हेमस्फुरद्भूमौ रत्नकुट्टिममण्डपे ।
महाकल्पवनान्तस्थे रत्नसिंहासनेवरे ॥
कमलासनशोभाढ्यां रत्नमञ्जीरकुण्डलाम् ।
स्फुरद्रत्नलसन्मौलीं रत्नकुण्डलमण्डिताम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनर्घ्यरत्नघटितनानाभूषणभूषिताम् ।
दधतीं पद्मयुगलं पाशांकुशधनुः शरान् ॥
षड्भुजामिन्दुवदनां दूतीभिः परिवारिताम् ।
चारुचामरहस्ताभी रत्नादर्शसुपाणिभिः ॥
ताम्बूलस्वर्णपात्रीभिर्भूपापेटीसुपाणिभिः ।
श्रीमत्त्रिशक्तिलक्ष्म्यस्वां ध्यायेत्सर्वसमृद्धिदाम् ॥

कोई कोई पश्चिमांनायीलोग वागादि त्र्यत्तरी में बाला-त्रिपुराका पूर्वोक्त ललिताका 'बालार्कमण्डलाभासा-मित्यादि' ध्यान करते हैं। परन्तु किस प्रमाण से वेलोग यह ध्यान करते हैं, इस में मैं अनभिज्ञ हूं, क्यों कि मेरे क्रम में बालात्रिपुरा की ऊर्ध्वाम्नाय से ही उपासनो होता है:—

बालासुन्दरी के बिषय में उनका केवल एक ही मूल मन्त्र मैं जानता हूं वह चतुर्दशात्तरी बिद्या है। उसमे दोप्रणव बिद्यमान हैं। जब इस मन्त्र का अर्थ करेंगे तब वह दो प्रणवों से दो अर्थ निकलेंगे। फिर इस बिद्या में एक शक्तिवीज है उस में भी विसर्ग की जगह नाद बिन्दु है। इस विद्या के उद्धार के श्लोक मेरे पास नहोने के कारण मैं यहाँ नहीं दे सकता हूं। इनका ध्यान त्रिपुरभैरवीका ही है। वालात्रिपुरा की मुण्डमाला नही है, परन्तु बाला सुन्दरी की मुण्डमाला है। त्रिपुरभैरवी तथा बाला सुन्दरी का ध्यान ऐसा है:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

" उद्यद्भानुसहस्रकान्तिमरुणक्षौमां शिरोमालिकाम् ।
रक्तालिप्तपयोधरां जपवटीं विद्यामभीतिं वराम् ॥
हस्ताब्जैर्दधतीं त्रिनेत्र विलसद्वक्त्रारविन्दश्रियम् ।
देवीं बद्धहिमांशु रत्नमुकुटां वन्देरविन्दस्थिताम् ॥ "

इसमें भेद केवल इतना ही है कि त्रिपुरभैरवी के युवती और बालासुन्दरी के बाला रुपसे ध्यान करना चाहिये। इन बालाओं की पूजा में यन्त्रावरणादि सब त्रिपुर भैरवी वत् हैं क्यों कि इन दो विद्या में अभेद है। इन दोनों के मन्त्रों में भेद इतना ही है:—

" भैरवीयमुदिता कुलपूर्वा ।
देशिकैर्यदि भवेत् कुलपूर्वा ॥
सैव शीघ्रफलदा भुवि विद्ये–
त्युच्यते पशुजनेष्वतिगोप्या ॥"

बाला-विद्या में बालात्रिपुरसुन्दरी सर्वोत्तम हैं। उनका मन्त्र षडक्षरात्मक है तथा उनका अन्यभेदभी नहीं है। इनके मन्त्र में अन्य महामन्त्रवत् छहो आम्नाय समष्टि होजाते हैं। इस विद्याका भी मन्त्रोद्धार श्लोकरूपमें मेरे पास न होने के कारण मैं यहाँ नहीं दे सकता हूं। यह विद्या उर्ध्वाम्नायात्मिका है। दक्षिणामूर्तिमत से तो इन को उर्ध्वाम्नायनायिका विकल्प से सर्वमन्त्रेश्वरी परादेवता को भी उर्ध्वाम्नायनायिका मानकर श्रीमहात्रिपुरसुन्दरीको सर्वाम्नायनायिका ब्रह्म विद्या मानते हैं अतः 'बाला-त्रिपुरसुन्दरी की पूर्वोक्त उर्ध्वाम्नायात्मक बालायन्त्र में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्री बालात्रिपुरसुन्दरी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूजा होती है। इनकी आवरणपूजा में विशेष विन्दु में निम्नलिखित प्रकारकी आम्नायपूजा भी होती हैं:

"उन्मनी पूर्वाम्नायात्मिका, निशेश्वरी दक्षिणाम्नायात्मिका, कुब्जिका पश्चिमाम्नायात्मिका, गुह्यकाली उत्तराम्नायात्मिका, वज्रवैरोचनी अधराम्नायात्मिका तथा ब्रह्मरूपा उर्ध्वाम्नायात्मिका की पूजा होती है। 'बालात्रिपुरसुन्दरीका ध्यान ऐसा है:—

"अरुणकिरणजालै रञ्जिता सावकाशा।
विधृतजपवटीका पुस्तकाभीतिहस्ता ॥
इतरकरवराढ्या फुल्लकल्हारसंस्था।
निवसतु हृदि बाला नित्यकल्याणशीला ॥"

बालात्रिपुरा के ध्यान में अरुणकिरणजाल नहीं है। बालात्रिपुरसुन्दरी में अरुणकिरण जाल है फिर इनके आसनका कमल पञ्चप्रेत के उपर ध्यान किया जाता है। तन्त्रान्तरमें इनका ध्यान ऐसा भी है:—

"बालांबालदिवाकरद्युतिनिभां पद्मासनेसंस्थिताम् ।
पञ्चप्रेतमयाम्बुजासनगतां वाग्वादिनीरूपिणीम् ॥
चन्द्रार्कानलभूषितात्रिनयनां चन्द्रावतंसां शुभाम् ।
विद्याक्षाभयविभ्रतींवरकरां वन्देपरामम्बिकाम् ॥"

पञ्चप्रेतको निर्गुण अर्थ में पञ्चमहाभूत तथा तदुपरि विराजित शक्तिको सर्वोच्च प्रकृतिरूप में घटाया है। अतः प्रत्येक आम्नयनायिकाओं का पञ्चप्रेतासन की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कल्पना होती है। परन्तु पश्चिमाम्नायनायिका होते हुए भी कुब्जिका का षड्प्रेतासन नहीं है। वह धर्मरूपवृषभके आसन पर बैठे हुए कुब्जिकेश्वर के अङ्कमें अर्द्धाङ्ग और ज्ञानरूपसिंह के पृष्ठ में अर्द्धाङ्ग करके विराजित हैं। किसी ध्यान में केवल ज्ञानरूप सिंहके पृष्ठ पर विराजित हैं। और किसी में सूर्य चन्द्र के आसन पर बैठी हैं। क्यो कि इनको सकल चैतन्यचिद्रूपा में बटाया है। शिवोक्त सुधाधारास्तव के निम्नलिखित श्लोक से कुब्जिका काही वर्णन किया है, क्यों कि उस स्तोत्र में छहों आम्नायनायिकाओं के निर्गुणरूप का पृथक पृथक् श्लोक में वर्णन है:—

"जले शीतलत्वं शूचौदाहकत्वम् ।
विधौ निर्मलत्व' रवौ तापकत्वम् ॥
तवैवाम्बिके यस्य कस्यापि शक्ति—
स्त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥"

इसका यथार्थरहस्य गुरुवक्त्रसे ही जान लेना चाहिए। वाला के क्रम के विषय में वृहद्वडवानलतन्त्र में ऐसा है:—

"शारदा वालात्रिपुरा वालात्रिपुरसुन्दरी ॥"

फिर तन्त्रान्तर में ऐसा भी लिखा है:—

"प्रथमं वालात्रिपुरा द्वितीयं वालसुन्दरी ।
तृतीयं चैव सा देवी वालात्रिपुरसुन्दरी ॥"

वालात्रिपुरा तथा वालासुन्दरी का भैरवी से सम्बन्ध होनेके कारण इनके विषयमें और भी बातें हैं। वे भैरवी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के विवरणमें दी जायेंगी।

पूर्वोक्त वड़वानलतन्त्रवचनमें 'महात्रिपुरसुन्दरी' तथा परातन्त्रमें 'सर्वाम्नायप्रपूजिता' जो पद है, उस पद से महाषोडशी रूपिणी महात्रिपुरसुन्दरी को सूचित करते हैं। महाषोड़शी की महत्वका वर्णन उपर ही करचुका हूँ। महाषोडशी के दो भेद हैं। एक शिवोपासिता रमादि महाषोड़शी तथा दूसरी विष्णूपासिता तारादि महाषोड़शी उन में से बहुतसी गुरुपरम्परामें शिवोपासिता ही प्रचलित है। उसका मन्त्रोद्धार नवरत्नेश्वर तन्त्रमें ऐसा है:—

"लक्ष्मीः परा मदनवाग्भवशक्तिबीजम् ।
तारं च भूतिकमले कथिता च विद्या ॥
कूटत्रयं च विपरीततया नियुक्तम् ।
श्रीषोडशाक्षरमिहागमसुप्रसिद्धम् ॥ "

विष्णूपासिता तारादि महाषोडशीका मन्त्रोद्धार सिद्ध-यामलतन्त्रमें ऐसा है:-

"कामो माया रमा बाला त्रिकूटा स्त्री भगाङ्कुशौ ।
काली कामकला कूर्चः सर्वादौ प्रणवः प्रिये ॥
श्रीमहाषोडशीयं च याख्याता भुवन त्रये ।
ज्ञानेन मृत्युहा विद्या सर्वाम्नायैर्नमस्कृता ॥"

इन दोनों मन्त्रों के ही विनियोग तथा न्यासादि पूर्वोक्त पञ्चदशी मन्त्रवत् हैं। केवल मूल षड़ङ्ग में बीजान्त में ऐसा है:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"सर्वज्ञता नित्यसुतृप्तता च ।
अनादिबोधश्च स्वतन्त्रता च ॥
अलुप्तशक्तित्वमनन्तता च ।
षडाहुरङ्गानि शिवे शिवाद्यः ॥"

इस विद्याका वर्णन ब्रह्मगायत्री के साथ-साथ ही करूंगा। ब्रह्मगायत्री भी ब्रह्मविद्या होने के कारण ऊर्ध्वाम्नायात्मिका हैं। उनके नाम; रूप तथा मन्त्र सन्ध्या ओं के अनुसार पृथक् पृथक् होते हैं। ब्राह्मणोंको व्याहृति के अन्तमें तथा व्याहृति के आगे और मन्त्र के अन्तमें इन ३ जगहों में प्रणव लगाकर ब्रह्मगायत्रीका जपकरना चाहिए। क्षत्रियोंको व्याहृति के आगे तथा मन्त्रके अन्तमें प्रणव लगाकर ब्रह्मगायत्री जपनी चाहिए। वैश्योंको केवल व्याहृति के आगे एक प्रणव लगाके जपकरना चाहिए। परन्तु दुःख की बात है कि बहुत से ब्राह्मण आदिमें एक ही प्रणव लगाकर ब्रह्मगायत्री जपते हैं तो त्रिकालसन्ध्यादि की बात तो उन्हें ज्ञात ही नहीं हो सकती है। फिर वे क्षत्रियों और वैश्योंको ब्रह्मगायत्री किस प्रकार देसकते हैं? इसलिए बहुतसे ब्राह्मणों ब्रह्मत्वहीन होनेकेकारण क्षत्रियों और वैश्योंको अन्य—अन्य गायत्री देकर गुरु बनने की प्रथा चला रहेहैं। शायद वे लोग प्रमाण देंगे कि सूर्यगायत्री में निम्नलिखित वचन हैः—

"इयं तु सूर्यगायत्री जपतामिष्टदायिनी ।
अन्नानां राजपुत्राणां क्षत्रतेजोविवर्द्धिनी ॥"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस वचनका तात्पर्य यह है कि वे लोग अपनी सन्ध्या रूप ब्रह्मगायत्री तो जपते ही हैं। परन्तु क्षत्रतेज बढ़ाने की कामना से इस सूर्यगायत्री की विशेष उपासना करने को कहा है। यहाँ "क्षत्रियों के उपनयन में सूर्यगायत्री देना" ऐसा नहीं लिखा है। ब्रह्मगायत्री ही द्विजों को देने के प्रमाण वेद में प्रसस्त मिलते हैं। फिर "द्विज" शब्द से ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य तीनों ही वर्णों को पुकारते हैं। फिर ब्राह्मणों को तीन, क्षत्रियों को दो तथा वैश्यों का एक प्रणव लगाकर जपने का भी संकेत-प्रमाण वेदमें मिलते हैं। बृहद्वडवानलतन्त्रमें भी लिखा है:—

"ब्राह्मणैस्तुत्रिभिर्जाप्या द्वाभ्यां क्षत्रियजैस्तथा ।
वैश्यैश्चैकेन संयोज्य गायत्रीब्रह्मरूपीणी ॥"

अब मैं सन्ध्या का वर्णन करता हूँ। गायत्री का ध्यान सूर्यमण्डल में करने को कहा है। इस से स्पष्ट विदित होता है कि सूर्यके सम्बन्ध से सन्ध्या बनी। यहाँ मैं यह बात कुछ-कुछ समझाने की चेष्टा करता हूँ। जैसे चन्द्रमा का सम्बन्ध मन से है, वैसा ही सूर्य्य का सम्बन्ध आत्मा से है। सूर्य्य को शास्त्र आत्मा तथा चन्द्रमा को मन ही मानते हैं। जातकालङ्कार में भी "कालात्मा दिनकृत् मनश्च हिमगुः" इत्यादि वचन हैं। प्रातःकाल जब लोग निद्रारूप विश्रान्ति से जागकर शौच-स्नानादि कर्म कर ताजा हो जाते हैं तब उनकी आत्म-स्फूर्ति नूतनसी (बालावस्थाकी) बन जाएगी। उक्त अव-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्था में अनुभवगम्य आत्मा की चेतनाका जो भाव रहता है उसको प्रातः गायत्री कहते हैं। इनका ध्यान निम्नलिखित प्रकार है:—

" ब्रह्माणी चतुराननाक्षवलयं कुंभंकरैः स्रुक्स्रुवौ।
विभ्राणारूणकान्तिरिन्दुवदना ऋग्रुपिणी बालिका॥
हंसारोहणकेलिरम्बरमणींविवान्विताभूषिता ।
गायत्रीहृदिभाविता भवतु नः संपत्समृद्धयौः सदा॥ "

इनको प्रातर्गायत्री, ब्रह्माणी तथा (केवल) गायत्री कहते हैं। यह बिद्या प्रातः कालके जीवोंकी अबिद्या हटाने वाली सत्ता है, जिस से बह ऋग्वेदोक्त महावाक्य " प्रज्ञानं ब्रह्म " के तत्व का ज्ञान करा देती है। इस महावाक्य की ब्याख्या लेख-विस्तार भय से यहाँ नहीं दी है। वह पाठक लोग वेदान्त ग्रन्थादि पढकर जानलेने की कृपा करें। जिस अवस्था में " प्रज्ञानं ब्रह्म " का बोध होगा, उसमें भी " प्रज्ञानं " और " ब्रह्म " ये दो पद होनेके कारण " अहं, इदं, त्वं " का अभास तो अवश्य ही रहता है। परन्तु श्री विद्या बीज रूपा होने के कारण उसमें " अहं, इदम्, त्वं " का लेश भी नहोने से यह केवल ब्रह्मत्व देती है। इसलिए पहले उपनयन में गायत्री मन्त्र ग्रहण करके ब्रह्मचर्य से उन की उपासना करके जब वेदके महावाक्यों के तत्व का ज्ञान होगा तब " अहं, इदं त्वं. " का भाव हटानेकेलिए बीजरूपदीक्षा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का क्रम ग्रहण करके जीवन्मुक्त होना चाहिए। अतः उपनयन के कुछ वर्षबाद दीक्षा ग्रहण करने की प्रथा अभी-तक चलरही है। अतः पहले गायत्री जपकर पीछे दीक्षा मन्त्र जपना चाहिए। श्रीविद्या महात्रिपुरसुन्दरी के भी गायत्री के जैसे ही सन्ध्या, न्यासादि तथा ध्यानादि पृथक् पृथक् हैं।

"प्रज्ञानं ब्रह्म" के बोध से उपर ले जाकर "अहं, इदं, त्वं" का भाव हटानेवाली सत्ता जो महात्रिपुरसुन्दरी हैं, उनका मन्त्र पूर्वोक्त महाषोड़शी के सृष्टिक्रम से प्रातः सन्ध्या में जपना चाहिए। उस अवस्था की महात्रिपुरसुन्दरी का ध्यान ऐसा है।:—

"कोद्यर्कारुणविग्रहां त्रिनयनां चन्द्रार्द्ध चूडामणीम् ।
पाशं सांकुशचापबाणविधृतां स्मेराननां षोडशीम् ॥
पन्चब्रह्ममयात्मके मणिमये सिंहासने संस्थिताम् ।
कामेशांकविराजितां भगवतीं श्रीसुन्दरीं चिन्तये ॥"

महात्रिपुरसुन्दरी का भैरव महाकामेश्वर हैं। उनका मन्त्र न्यास, तथा ध्यान ऐसे है:—

"बाला तारो रमा माया वन्हिवायुधरास्तबः ।
उपस्थरूपशब्दास्तुरतीबिन्दुस्थमाद्यकम् ॥
वाय्वाग्निक्षोपस्थरूपरशस्पर्शयदीपिकाः ।
सबिन्दुक द्वितीयं वै शब्दत्रितयभूमिमाः ॥
रतीरथंबिन्दुसहितं तृतीयं तारएव च ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विलोमषड्वीजयुतो षोड़शार्णो मनुर्मतः ॥
आनन्दभैरवऋषिः पंक्तिश्छन्दप्रकीर्तितः ।
बालाबीजत्रयेनैवन्यासः प्रोक्तो महेश्वरि ॥
यदातु दक्षिणामूर्तेर्मतं स्यात् जलवन्हियुक् ।
यादौ चाद्ये तथा चान्ते क्षादौ नीरं यमान्तके ॥
एवं संयोज्य देवेशि षट्त्रींशत्तत्वयुङ्मनुः ॥

(इन मन्त्र षोडशार्ण हैं। परन्तु इनका ३ कूटों का वर्णों भी अलग अलग करके गिना जायेतो ३६ तत्वरूप ३६ ही वर्णों वन जाएगा। गुरूवक्त्र सें इनका मन्त्रार्थं जानलेनेसे सें यहयाद हो सकेगा।)

"उद्यत्कोटिदिवाकरारूणनिभं वामांकसंस्थांविकम् ।
भक्तारोपितदृक्कटाक्षकलितोल्लासं जटालंकृतम् ॥
दोर्भिः कार्मुकपाशवाणसृणीन् विभ्राणसिन्दोः कलाम् ।
नानारत्नविराजमानवपुषं कामेश्वरं भावये ॥"

मध्यान्ह में सबलोग अपने-अपने काम में संलग्न होकर थोडी देर के लिए जब आरामी (Recreation) लेते हैं, उस अवस्था में पूर्वोक्त प्रकार वही गायत्री सावित्रीरूपा वनजाती हैं। उनका ध्यान ऐसा है:—

" रुद्राणी नवयौवना त्रिनयना वैयाघ्रचर्माम्बरा ।
खट्वाङ्गत्रिशिखाक्षसूत्रवलयाभीतिर्दधानाम्बिका ॥
विद्युत्पुञ्जजटाकलापविलसद्बालेन्दुमौलिः सदा ।
सावित्री वृषवाहना सिततनु ध्येया यजूरूपिणी ॥"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इनको मध्यान्ह-गायत्री, रूद्राणी (माहेश्वरी) तथा सावित्री कहते हैं। यह विद्या यजुर्वेदके महावाक्य "अहं ब्रह्मास्मि तत्व का बोध कराती है। इस महावाक्य में भी " अहं, इदं, त्वं " का लेश वर्तमान है। अतः उसे हटाने केलिए " महाषोडशी कास्थितिक्रम से मध्यान्हकालमें जपकरना चाहिए। उनका ध्यान ऐसा है:—

"गौरांगीं शशिशेखरां त्रिनयनां पूर्णेन्दुबिम्बाननाम्।
मालापुस्तक पाशकांकुशधरां रम्यातिशुक्लाम्बराम्॥
पन्चब्रह्ममये सुरत्नरवचिते सिंहासने शोभिताम्।
वन्दे श्री श्रुतषोडशीं त्रिजगतां पीयूषनिस्पन्दिनीम्॥"

उस अवस्था के महाकामेश्वर का ध्यान यह है:—

"क्षुणत्संमञ्जीरं क्षणितगुणकान्चीपरिलसद् ।
गुरुश्रोणीबिम्बं सुतनुतबिलग्नं पृथुकुचम् ॥
क्षुणत्कण्ठाहारं करकलितपाशांकुशधनुः ।
सरं सोढुं धामस्मितमुखपैसि त्रिनयनम् ॥"

सायं काल में लोग अपने-अपने काम से निवृत्त होकर थकित बनकर अपने अपने विश्रामस्थान पर पहुचकर जब आरामी (Rest) लेते हैं, उस अवस्था में पूर्वोक्त प्रकार वही गायत्री सरस्वतीरूपा बन जाती हैं। उनका ध्यान ऐसा है:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"वृद्धा नीलघनप्रभापरिलसत् पीताम्बरा भूषिता ।
दिव्यैराभरणै रथांगकमले शंखंगदां बिभ्रतीम् ॥
तार्क्ष्यस्कन्धगता समस्तजगदाराध्या परावैष्णवी ।
ध्येया सैव सरस्वती भगवती सामस्वरूपा परा ॥"

इनको सायं-गायत्री, वैष्णवी तथा सरश्वती कहते हैं इस विद्या सामवेद के महावाक्य "तत् त्वमसि" के तत्व का बोध कराती है। इस महा वाक्य में भी "अहं, इदं, त्वं" का लेश हटाने के लिए **महाषोडशीका संहारक्रम** से सायंकाल में जप करना चाहिए। उनका ध्यान ऐसा है।

"सानन्दां मदघूर्णलोचनमुखीं मन्दस्मितां पुष्पिणीम् ।
बाहुभ्यां मधुपूर्णपात्रविधृतां मेघप्रभां श्यामलाम् ॥
त्र्यक्षां शोणितबिन्दुनीलवसनां श्रीपञ्चप्रेतात्मके ।
पर्यंङ्के रुचिरे स्थितां कुचनतां वन्दे महाषोडशीम् ॥"

उस अवस्था के महाकामेश्वर का ध्यान ऐसा है:—

"अर्काभं शशिशेखरं त्रिनयनं पिंगोर्ध्वकेशोज्वलम् ।
हस्तैरंकुशपाशखेटकमहाखड्गान् दधानं विभुम् ॥
दिव्यैराभरणैर्युतं नरशिरोमालाधरं सस्मितम् ।
सानन्दं वृषवाहनं मदमुखं कामेश्वरं भावयेत् ॥"

अर्धरात्री में बहुत से लोग गाढ़निद्रा में पडकर आनन्द में अपने को भूलकर पूरा आराम लेते हैं। उस अवस्था में वही गायत्री **चतुस्पदीगायत्री** रूपा बन जाती है। उन के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्री ब्रह्मगायत्री

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सगुण तथा निर्गुण दो ध्यान हैं, निर्गुण अर्थतो एक ही है। तथापि अपनी अपनी गुरू परम्परा के अनुसार दोमें से एक ध्यान करना चाहिए सगुण ध्यान ऐसा है:—

" मुक्ताविद्रुमहेमनीलधवलच्छायैर्मुखैस्त्रिक्षणैः ।
युक्तामिन्दुनिवद्धरत्नमुकुटां तत्वात्मवर्णात्मिकाम् ॥
गायत्री बरदाभयांकुशकुशाञ्छुभ्रं कपालं गुणम् ।
शंखंचक्रमथारविन्दयुगलं हस्तैर्वहन्तीं भजे ॥ "

निर्गुणध्यानम्–" हृदिविकसितपद्मं सार्कसोमाग्निविम्वम् ।
प्रणवमयमचिन्त्यं यस्यपीठं प्रकल्प्यम् ॥
अचलपरमसूक्ष्मंज्योतिराकाशसारम् ।
भवतुममसुदेऽसौ सच्चिदानन्दरूपः ॥ "

जब लोग गाढनिद्रा में मग्न हो रहते हैं, उस अवस्थामें जपादि पुरश्चरण किस प्रकार हो सकते हैं ? यह एक शंका की बात है। परन्तु मेरा कहना यह है कि उस समय में बहुत से आदमियों को यह अवस्था हो जाती है। इसलिए सर्वसाक्षी प्रकृति का भी यह रूप होता ही है। अतः उपासकको तो जाग्रत अवस्था में ही रहकर उनकी उपासना करनी चाहिए। यह ब्रह्मरूपा चतुस्पदि गायत्री अथर्ववेद के महावाक्य " अयमात्मा ब्रह्म " के तत्व का बोध कराती है। इस महावाक्य में भी " अहं, इदं, त्वं " का लेश होने के कारण यह हटाने के लिए रमादिमहाषोडशी में विशेष एक कूट तथा उनके सादि कूटमें भी कुछ व्यञ्जन वर्ण जोडकर अथवा गुरू परम्परान्तर से निम्नलिखित प्रकारका कूट तारादि महाषोडशी में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जोडकर महासप्तदशी विद्या रचकर जपकरना चाहिए। तारादि महासप्तदशी के विषय में सिद्ध यामलतन्त्र में ऐसा है:—

"लोपायाः शक्ति कूटान्ते हंसबीजयुता यदि ।
तदा सप्तदशी विद्या साक्षाज्ज्ञानस्वरूपिणी ॥"

उनका नाम महाजाख्यासुन्दरी अथवा सप्तदशीमहा-त्रिपुरसुन्दरी है। उनका ध्यान ऐसा है:—

"अमृतार्णवमध्यस्थं रक्तपद्मं विचिन्तयेत् ।
कर्णिकायां शुभ्रवर्णामानन्दमयवेदिकाम् ॥
ततः काच्युतरुद्रेशखुरकाढ्य सदाशिव–
फलकान्वितमुद्दीप्तं नानारत्नसमूहकैः ।
सिंहासनं तदूर्ध्वस्थं षड्दलाम्नायपंकजम् ॥
तदुपरिस्थितांदेवीं तप्तकाञ्चनसन्निभाम् ॥
विकीर्णकुन्तलांनग्नां चन्द्रार्द्धकृतशेखराम् ।
मन्दस्मितास्यकमलां चन्द्रार्ककुण्डलाननाम् ॥
छिन्नभैरवमुण्डस्रग्धरां तुंगकुचद्वयाम् ।
नवयौवनसंपन्नां चारुदेहां चतुर्भुजाम् ॥
पाशंचैवेक्षुकोदण्डं वामोर्ध्वाधः कराम्बुजाम् ।
अंकुशं पञ्चबाणं च दक्षिणोर्ध्वाधतोधृताम् ॥
ऋतुस्नातां स्फुरन्नेत्रां परब्रह्मस्वरूपिणीम् ।
एवं ध्यायेत्परां रूपां महात्रिपुरसुन्दरीम् ॥"

जब साधक "अहं, इदं, त्वं" का भाव छोडकर समाधिस्थ हो जाएगा तब अजपा गायत्री के दो बीजों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की समष्टि से एक प्रासाद बीज बन जाएगा। यह प्रासाद बीज के विषय में कुलार्णवतन्त्र में ऐसा है:—

" श्रीप्रासादपरामन्त्रमूर्ध्वाम्नायमधिष्ठितम् ।
आवयोः परमाकारं यो वेत्ति स स्वयं शिवः ॥
शिवादि कृमिपर्यन्तं प्राणिनां प्राणवर्त्मना ।
निश्वासोच्छ्वासरूपेण मन्त्रोऽयं वर्तते प्रिये ॥ "

उस अवस्था को प्राप्त कराने वाली " सर्व मन्त्रेश्वरी परादेवता रूप महात्रिपुरसुन्दरी और महाकामेश्वरका सामरस्य एक स्वरूप बन जाता है। उन के जपादि तुरीया सन्ध्या के बाद करने से उक्त समाधि मिलजाएगी। इस विद्याको प्रासादी विद्या कहते हैं। इस विद्या के दो मन्त्र हैं एक श्रीप्रासाद दूसरा पराप्रासाद दोनों के ही न्यास ध्यानादि समान ही हैं। इनका मन्त्रोद्धार कुलार्णवतन्त्र में ऐसा है: —

" अनन्तचन्द्रभुवनमिन्दुबिन्दुयुगान्वितः ।
श्रीप्रासादपरामन्त्रो भुक्तिमुक्तिफलप्रदः ॥
पराप्रासादमन्त्रस्तु सादिरुक्तः कुलेश्वरि ।
प्रकाशानन्दरूपत्वात् प्रत्यक्षफलदानतः ॥
प्रसन्नचित्तवश्यत्वात् प्रसिद्धार्थनिरूपणात् ।
प्राक्तनाघप्रशमनात् प्रपन्नार्त्तिविनाशनात् ॥
प्रासादकरणात् शीघ्रात् प्रासादमनुरीरितः
परमानन्दजननात् परमैश्वर्यकारणात् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परोक्षफलदानाच्च परधर्मनिदर्शनात् ।
परत्वात्सर्वमन्त्राणां परामन्त्र इतीरितः ॥
कुलमन्त्रमिदं देवि न्यास श्रृणु वरानने ॥ ”

तत्रैव अस्यन्यासादि “ ऋषिरस्य परः शम्भुश्छन्दश्चाव्यक्तपूर्विका ।
गायत्री देवता यत्र सर्वमन्त्रेश्वरी परा ।
दीर्घत्रययुतं मूलं बीजशक्त्या च कीलकम् ॥
षड्दीर्घमूलयुक्तेन षडङ्गानि च पार्वति ।
ईशतत्पुरुषाघोरसद्योजातात्मनस्तथा ॥
पंचांगुलिषु विन्यस्य मूर्त्तौ वक्रेषुवर्जयेत् ।
पंचब्रह्माणि तथैवांगुलिन्यासमाचरेत् ॥
आधारशक्तिमारभ्य पीठमन्त्रान्तमम्बिके ।
अस्यषोढां महेशानि कुर्यात्पूर्वोक्तवर्त्मना ॥
महाषोढ़ाह्वयं न्यासं तत. कुर्यात्समाहितः ।
वक्ष्माणेन विधिना देवता भावसिद्धये ॥
यस्यतस्य न वक्तव्यं तव स्नेहाद्वदाम्यहम् ।
प्रपञ्चो भुवनं मूर्त्तिर्मन्त्रदैवत मातरः ॥
महाषोढाह्वयं न्यासं सर्वन्यासोत्तमोत्तमः ॥ ”

महाषोढान्यास न कर इस मन्त्रका जप करना निरर्थक है। अतः महाषोढ़ाका जो लोग अनधिकारी हैं, उन लोगों के लिए यह मन्त्र फलदायक नहीं है। इस मन्त्रके देवता सर्वमन्त्रेश्वरी हैं उनका ध्यान कुलार्णवतन्त्रमें ऐसा हैः—

“ एवं न्यस्ततनुर्देवि ध्यायेद्देवीमनन्यधीः ।
अमृतार्णवमध्योद्यन्मणिद्वीपे सुशोभिते ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कल्पवृक्षवनान्तस्थनवमाणिक्यमण्डपे ।
नवरत्नमयेश्रीमत्सिंहासनगतेऽम्बुजे ॥
त्रिकोणान्तः समासीनं चन्द्रसूर्यसमन्वितम् ।
अर्द्धाम्बिका समायुक्तं प्रविभक्तविभूषणम् ॥
कोटिकन्दर्पलावण्यं सदा षोडशवार्षिकम् ।
मन्दस्मितमुखाम्भोजं त्रिनेत्रं चन्द्रशेखरम् ॥
दिव्यांवरस्रगालेपं दिव्याभरणभूषितम् ।
पानपात्रञ्च चिन्मुद्रां त्रिशूलं पुस्तकं करैः ॥
विद्यासंसिद्धिविभ्राणं सदानन्दमुखेक्षणम् ।
महाषोढोदिताशेषदेवतागणसेवितम ॥
एवं चित्ताम्बुजेध्यायेदर्धनारीश्वरंशिवम् ।
पुरुषं वा स्मरेद्देवि स्त्रीरूपं वा विचिन्तयेत् ॥
अथवानि ष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम् ।
सर्वं तेजोमयं देवि सचराचरविग्रहम् ॥
ततः संदर्शयेन्मुद्रादशकं परमेश्वरीम् ।
योनिं लिंगं च सुरभिञ्चेति मुद्राचतुष्टयम् ॥
वनमालां महामुद्रां नभोमुद्रामितिक्रमात् ।
यथाशक्तिजपेन्मन्त्रंमूलं श्रीपादुकामपि ॥
मूर्ध्नि संचिन्तयेद्देवि श्रीगुरुं शिवरूपिणम् ॥ "

इनको अर्द्धनारीश्वरी अथवा अर्द्धनारीश्वर भी कहते हैं। परन्तु यह गौरीशंकररूप अर्द्धनारीश्वर नहीं हैं। उनका भी उपासना उर्ध्वाम्नाय से ही होता है, तथापि उनके मन्त्र ध्यानादि पृथक् हैं वह ऐसे हैं:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

" अग्निः संवर्तकादित्यरानिलाःषष्ठ विन्दुमत् ।
चिन्तामणिरितिख्यातं वीजं सर्वसमृद्धिदम् ॥
कस्यपोमुनिराख्यातश्छन्छोऽनुष्टुबुदाहृतम् ।
अर्धनारीश्वरः प्रोक्तो देवता जगतां पतिः ॥
रेफादिर्व्यञ्जनः षड्भिः कुर्यादंगानिषट्क्रमात् ॥

अस्य ध्यानम्– " नीलप्रभातरुचिरं विलसत्त्रिनेत्रम् ।
पाशारुणोत्पलकपालत्रिशूलहस्तम् ॥
अर्धाम्बिकेशमनिशं प्रविभक्त भूषम् ।
वालेन्दुवद्धमुकुटं प्रणमामिरूपम् ॥ "

अब फिर सन्ध्या की ओर चलें। तुरीया सन्ध्या में शिव और शक्ति दोनों की ही समष्टि एक रूप होनेके कारण भैरव का जप नहीं होगा।

निद्राके पश्चात् और जागने के पूर्व [निद्रादौ जागरान्ते] की अवस्था प्रायः आदमियों की व्राह्ममुहूर्त में होती है। उस अवस्था का जीव [हंस] के उपर रहने वाले चैतन्य का रूप महानिर्वाण भैरव तथा उनका वोध करानेवाली सत्ता स्फूर्ति [शक्ति] जो है वह निर्वाण-महात्रिपुरसुन्दरी का रूप वन जाता है। उक्त निर्वाणभैरव का मन्त्र षोडशाक्षरात्मक है उनका उद्धार वडवानलतन्त्र ने इसप्रकार किया है। उनका ध्यान ऐसे है:—

" अस्य मन्त्रं श्रृणुदेवि ऋष्यादिञ्च श्रृणुप्रिये ।
तारं श्रीशाकिनी वीजं पराप्रासादमेवच ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सम्वर्तकं महाबीजं कवचाङ्कुशकूर्चकम् ।
अङ्कुशं कूर्चतृतयं अस्त्रान्ते वन्हिवल्लभा ॥
षोडशार्णेति मन्त्रोऽयंत्रैलोक्ये चाति दुर्लभम् ।
मन्त्रोच्चारणमात्रेण साक्षात्परशिवो भवेत् ॥
षोडशार्णेति मन्त्रस्य शब्दब्रह्मस्वयं ऋषिः ।
उष्णिक्छन्दो देवता च निर्वाणभैरवेश्वरः ॥
पराप्रासादबीजञ्च लक्ष्मीः शक्तिस्तथैवच ।
अंकुशं कीलकं प्रोक्तं स्वेच्छया विनियोगकः ॥
षडङ्गञ्च न्यसेद्देवि पराप्रासादबीजकम् ॥"
"श्वेतरक्तफलाकारतदूर्ध्वेनन्तपत्रकम् ।
कर्णिकेदलमध्येतु ब्रह्मादिपञ्चदेवता ॥
ब्रह्माविष्णुश्चेश्वरश्च रुद्रो मध्ये सदाशिवः ।
सदाशिवोर्ध्वंपत्राष्टं पत्रमध्येष्टभैरवम् ॥
असिताङ्गोरुरुश्चण्डः क्रोध उन्मत्तभैरवः ।
कपाली भीषणश्चैव संहारभैरवस्तथा ॥
सशक्तिकांञ्चसंध्यात्वा कर्णिके चिन्तयेत्ततः ।
शक्त्यायुतं पिङ्गकेशं श्रीमहाभैरवेश्वरम् ॥
तस्यनाभ्युद्धृतं पद्मं षड्दलास्नायसंस्थितम् ।
मध्ये निर्वाणरुद्रञ्च हंसासनव्यवस्थितम् ॥
रक्तवर्णं महारौद्रात्मानं परमभैरवम् ।
पञ्चवक्त्रं विंशबाहुं नेत्रद्वादशकं प्रिये ॥
अट्टाट्टहासनिरतं तीक्ष्णदंष्ट्रं भयाननम् ।
भ्रुभङ्गं कुटिलं भीमं प्रदीप्तानलनोज्वलम् ॥
शटाधृतोर्ध्वरक्ताभं चन्द्रार्धंकृतशेखरम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सिंहास्यं मध्यवक्त्रं तु दक्षिणे कोल कृष्णकम् ॥
वामेवृषभवक्त्रन्तु श्वेतवर्णं सुदीपितम् ॥
महिषास्यमूर्ध्व वक्त्रं कृष्णाभं कृष्णवर्चसम् ॥
तदूर्ध्वं ज्योतिवक्त्रं तु शिखाकारं विचिन्तयेत् ।
ज्योतिवक्रयान्तरेसिद्धि करालीं च विचिन्तयेत् ।
वक्षे श्रीचक्रचिन्हन्तु कुंकुमंज्योतिभं ततः ॥
अधंचक्रसुशीताभं अर्द्धाधः कुंकुमंस्मृतम् ।
नानारत्नविभूषाढयं लक्षब्रह्माण्डभालकम् ॥
ब्रह्मविष्णवीशमुण्डस्रगापादान्तविभूषणम् ।
शिवचर्मशिरोदेशे विष्णुचर्मोत्तरीयकम् ॥
ब्रह्मचर्मकटीदेशे मेखलात्रयसंयुतम् ।
ज्योतिर्ज्वालामयं सर्वं नृत्यमानंविचिन्तयेत् ॥
दक्षेदशभुजे पद्मं वामेदशभुजे तथा ।
दक्षिणाकालिकाद्यादि दशविद्या करेस्थिताः ॥
इत्येवं ध्यानमात्रेण साक्षात् परशिवो भवेत् ।
मथा पूर्वोद्धृता देवी महात्रिपुरसुन्दरी ॥
तस्यायं भैरवो देवि गोपनीयं स्वयोनिवत् ।
महात्रिपुरसुन्दरी चण्डयोगेश्वरी परा ॥
नतयोर्विद्यते भेदो भेदकृत्नरकं व्रजेत् ।
तस्मादात्मैक्य संभाव्यमिति ज्ञानं सदा स्मरेत् ॥ १

निर्वाणमहात्रिपुरसुन्दरीका मन्त्र बीजत्रयपुटित दशकूटात्मक षोड़शाक्षरान्वित है। उनका ध्यान बृहद्वड़वानल तन्त्रमें ऐसा है:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

" महात्रिपुरसुन्दर्याध्यानमत्त: शृणुप्रिये ।
जपाकुशुमसंकाशां कोटिमार्तण्डतेजसाम् ॥
वक्त्रैः षोडशभिर्युक्तां विशाललोचनप्रियाम् ।
अष्टाधिकशतैर्हस्तैर्युक्तां त्रिपुरसुन्दरीम् ॥
ऊर्ध्वं वक्त्रं रक्तवर्णं तदधः श्यामवक्त्रकम् ।
तदधः श्वेतवक्त्रञ्‌तु तदधो हरितप्रभं ॥
तद्दक्षेश्वेतवक्त्रयन्तु वामे च पीतवक्त्रकम् ।
तदधोरक्तवदनं दक्षे हरितकुंकुमे ॥
वामेलाक्षारसाभञ्च तद्वामेकापिलन्तथा ।
तद्दक्षाधो दाडिमाभं तद्दक्षेनीलश्वेतकम् ॥
वामेव धूकवर्णं च पीतं धूम्रकवर्णकम् ।
मुक्तकेशीं चन्द्रमौलीं शशिमार्तण्डकुण्डलाम् ॥
देवानां दुर्लभै रत्नैर्विराजितकिरीटिनीम् ।
रक्तवस्त्रपरीधानां ब्रह्मचर्म्मोत्तरीयकाम् ॥
विष्णुचर्म्मरीधानां योगपट्टविभूषिताम् ।
मनोहरे कटीदेशे किंकिणीजालमण्डिताम् ॥
वैडूर्यमुक्ताहाराभिस्तनमध्येविराजिताम् ।
छिन्नभैरवशीर्षैश्च कृतामालातशोभिताम् ॥
रक्तपद्ममयीमालामापादान्तावलम्बिनीम् ।
अङ्कुशं पाशबाणांश्च पिनाकशूलपट्टिशान् ॥
सिद्धिलक्ष्मीं कुब्जिकाञ्च भुवनेशीञ्च वारुणीम् ।
वाराहीं ब्राह्मींनारसिंहीं चामुण्डां वैष्णवीं तथा ॥
भैरवीं छिन्नमस्ताञ्च ह्यर्धनारीश्वरीन्तथा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

खड्गं शूलं गदां चक्रं पद्मं नीलोत्पलन्तथा ॥
रक्तोत्पलं त्रिदण्डञ्च मूशलं चाक्षमालिकाम् ।
पुस्तकं शरवीं शक्तिं तोमरं हीरवज्रकम् ॥

छत्रं ध्वजं भिन्दिपालं कृपाणं कलशन्तथा ।
पताकां तर्जनीं मुण्डं कपालं यमदण्डकम् ॥
गरुडं कुक्कुटं गृध्रं शिवां श्वानं षडस्त्रकम् ।
दामिनीं सोमगंगाञ्च वृक्षं डमरु जाम्बुकम् ॥
वरदं धारयन्तीञ्च दक्षहस्तोर्ध्वतः क्रमात् ।
त्रिपुरां दक्षिणाकालीमुग्रताराम्रमान्तथा ॥
ऐन्द्रीं माहेश्वरीं लक्ष्मीं कौमारीमुग्रचण्डिकाम् ।
ब्रह्माविष्णुशिवानग्निं भैरवं शारदान्तथा ॥
शार्दूलं केशरीं व्याघ्रं सिंहमर्कटहस्तिकान् ।
कुठारचर्म्मखट्वाङ्गं पर्वतं शवमत्स्यकम् ॥
श्मशानं तक्षक काकं मकरञ्च शिलान्तथा ।
शङ्खमुद्गरवीणांश्च फेटकं मांस खण्डकम् ॥
चैत्यं सरस्वतीं सिन्धुं मार्जारं गृहकच्छपम् ।
मातुलुंगं तुरंगञ्च सूर्यमष्टाश्रघण्टिकाम् ॥
श्रुक्‌श्रुवौ सुमुखीदेवीं मयूरं गाञ्च माहिषम् ।
अभयंवामतो हस्तैर्धारयन्तीञ्च सुन्दरीम् ॥
आनन्दभैरवं देवं श्मशानोर्ध्वेकृतासनम् ।
श्मशानाधो रक्तपद्मं शून्यपद्मं विचिन्तयेत् ॥
सदाशिवस्यनाभिस्थ पद्मनालामृतोत्थिताम् ।
ततः सिंहासनं दिव्यं मध्यरत्नादियुतम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्रह्माविष्णुश्चरुद्रश्च ईश्वरश्च सदाशिवः ।
एते प्रेतासनाद्राह्ये दिक्पालादिभिसंस्थिताम् ॥
खगान्तरे शून्यमध्ये ज्वालाव्याप्तदिगन्तरे ।
तदन्तरे स्थितां देवीं ध्यात्वा मोक्षमवाप्नुयात् ॥"

इन के मन्त्र को लघुसाम्राज्यमेधा दीक्षा कहते हैं। इन दोनो (शिवशक्तिसमष्टिमन्त्र) अलेखिनी विद्या ही यथार्थ लघुसाम्राज्यमेधा हैं। इस महानिर्वाणभैरव तथा निर्वाण महात्रिपुरसुन्दरीका उपासना लघुसाम्राज्य मेधा-दीक्षा के बिना नहीं होसकता। वैसे साधक को इसका रहस्य स्वयं ही विदित होगा। अन्य लोगोंको विशेष बताने की जरुरत नहोने के कारण यहा केवल दिग्दर्शन रूप से वर्णन किया गया है। इस विद्या को सन्ध्या को भासा-सन्ध्या कहते हैं। तदनन्तर महासाम्राज्यमेधादीक्षा है। जिसे ग्रहण करने से गृहस्थाश्रम को त्याग करके बान-प्रस्थाश्रम ग्रहण करना होता है। अतः वह दीक्षा मुझे नहोने के कारण उसविषय में मैं कुछ भी व्याख्या नहीं कर सकता हूँ। ऐसा गुरु ही सजीवमीनयुक्त कर सुधाकलस से गृहस्थाश्रमियों को महापूर्णाभिषेक देकर लघुसाम्राज्यमेधा का उपदेश देसकता है। फिर जिसने कमसेकम १०।१२ वर्ष तक दत्तचित्त हो कर शास्त्रोक्त नियमानुसार पूर्ण क्रम के पथानुयायी बनकर उपासनासे कुछ-कुछ सिद्धि प्राप्त किया है, वही महापूर्णाभिषेक तथा लघुसाम्राज्यमे-धादीक्षा ग्रहण करने का अधिकारी बनसकता है। नहीं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तो सजीवमीन रहित का अभिशेक महापूर्णाभिशेक नहोकर लघुपूर्णाभिशेक तथा उपासनादिसे सिद्ध नकिए हुए क्रम आडम्बर क्रम होने के कारण इसे कुछ भी नहीं होगा। और आदमी लोग शास्त्र तथा मन्त्र में दोष ड़ालकर हस्सीकर वायु में फूँक देंगे। हमारी प्राचीन पद्धतियों की ऐसी ही दशा है। योग्य गुरु कलिके प्रभाव से सहसा मिलना कठिन है। अतः गुरु के बिषय में यह ध्यान रखना चाहिए कि आडम्बरी गुरुओं के वदले सीधे-सादे शुद्धचित्तवाले मन्त्रज्ञ ब्राह्मणों से मन्त्र ग्रहण करके उसमें दृढ़ विश्वास रखकर किसी उपासक से अपनी पद्धतियाँ संशोधित कराके उपासना करना ही श्रेयशरकर है। परन्तु यह यादरखना चाहिए कि जो उपासक बिनावित्त परोपकार के लिए संशोधन कर देते हैं, वे ही उपासक हैं। ऐसे उपासक को कोई बित्त भी देतो वह वापस कर देगा। जो लोग मुँह से "वित्त की जरूरत नहीं हैं" ऐसा कहते हैं और देनेसे ग्रहण करते हैं। उनको कैसे उपासक कहें? कलि में यथार्थ सिद्धिवाला गुरु मिलना मुश्किल है। इसलिये पूर्वोक्त शुद्धचित्त वाले ब्राह्मण गुरु से मन्त्र ग्रहण करके निम्नलिखित मेरुतन्त्रोक्त वचनानुसार असिद्ध गुरु से लिए मन्त्रका दोष निवारण करले। दूसरे का चित्त शुद्ध है या अशुद्ध है यह बात यथार्थ जानना असंभव है। तथापि उनके आचार व्यवहार से सन्तोषी वा असन्तोषी, शान्त वा क्रोधी, दंभी वा अदंभी, परोपकारी वा स्वार्थी,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दयालु वा नीर्दयी, परनिन्दक वा योग्यपरोपदेशग्राही एवं अनेक विचार कर शुद्ध चित्त का अनुमान करना चाहिए। मंत्र संस्करण के बिषय में मेरुतन्त्र में ऐसा हैं।:-

" असिद्धत्वाद्गुरोर्दैवात शिष्ये सिद्धिर्नजायते ।
तदोपायं प्रकुर्याद्धि यद्गोप्यमधुनोच्यते ॥
अनुलोम विलोमेन बिन्दुवन्मातृकाक्षरैः ।
जपेत्संपुटितं मन्त्रं प्रत्यहं शतसंख्यया ॥
एकमासं ततो होमादिकात् सिद्धोभवेन्मनुः ।
पुरश्चर्याक्रमखिलमान्हिकं च समाचरेत् ॥ "

अर्थात गुरूके असिद्धत्व से मन्त्रसिद्धि न होगी तो एक मास तक पुरश्चरण के नियम में रहकर अँ से क्षँ तक की वर्णमाला का उच्चारण कर उसके बाद मूलमन्त्र फिर उसके बाद क्षँ से अँ तक उच्चारण करें। यह मन्त्रका ९क जप हुआ। इसप्रकार अष्टोत्तर-शत जप नित्य करना चाहिए। तब एकमास के बाद उसी प्रकार स्वहान्त कर ३२४ आहुति हवन करना। उसके बाद कुलाचारी होतो कुल-पञ्चामृतसे, पश्वाचारी हो तो पशु-पञ्चामृत से ३३ बार उसी प्रकार तर्पण कर ४ बार मार्जन करे। तत् पश्चात् कुलाचारी हो तो निशा में चक्रार्चन करके एक कौलिक को वीर-भोजन करावे, यदि पाशव कल्पवाला हो तो पूजा की जरूरत नहीं है। केवल एक साधारण ब्राह्मण भोजन करावे। यदि सिद्ध गुरूके मुख से कोई मन्त्र मिले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और भूल से असिद्ध गुरू समझकर उसका कोई इसप्रकार संस्कार करेगा तो गुरू और मन्त्रके अनादर का दोष होकर उसमन्त्र का विपरीत फल होगा। यह भी याद रखना चाहिए कि पाशव कल्पके ब्राह्मण के मुखसे केवल पाशव कल्पकी ही दीक्षा, वीरकल्प वाले ब्राह्मण से पशु-कल्प और वीरकल्प दोनो कि ही दीक्षा हो सकती है। फिर कुल-कल्पवाले ब्राह्मण के मुख से तो पशु-कल्प, वीर-कल्प तथा कुल-कल्प इन तीनों कल्पों की ही दीक्षा हो सकती हैं। अब यहाँ एक शंका की बात है। वह यह है कि बहुत से लोग वीर-कल्प और कुल-कल्प को एक ही समझते हैं, परन्तु वेपृथक् है। जब पाशव कल्प से वीर-कल्प में आरूढ़ होते समय मपञ्चक के प्रयोगसहित चक्रार्चन करके दीक्षा देते है, उस समय में गुरु जो अभिषेक देते हैं, उसका नाम **शाक्ताभिषेक** है। शाक्ताभि-षेकी पुरुष वीर शाक्त यानि वीर-कल्प वाला हो जाएगा। जब शाक्ताभिषेक हो जाएगा तब पशुत्वका मोचन हो कर वीर बन जाएगा। फिर वीर दो प्रकारके हैं। **मानववीर** तथा **दानववीर**। रावणादि उपासक दानव वीर थे फिर भरतादि तथा वशिष्ठादि उपासक मानववीर थे। दानव वीर देवताको साक्षात्कार कराके उनके शस्त्रद्वारा परम-पदको प्राप्त करते हैं। मानव वीर पूर्णाभिषेक ग्रहण करके कौलबन कर आत्माका साक्षात्कार कराके ज्ञानद्वारा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परमपदको प्राप्त करते हैं। अभी कलिकालमें भी अपने-अपने प्राक्तनीय संस्कारानुसार वीर उपाशकों में कोई दानववीर कोई मानववीर बनते हैं। दानव वीर "अन्य लोगों को आपत पडे वा न पड़ें जो कुछ भी होवे, परन्तु अपने स्वार्थ सिद्ध होवें।" ऐसे ध्येय से मारणमोहनादि षट्कर्म में मग्न हो कर ऐहिक सिद्ध वनकर अपने परमार्थ का रास्ता विगाड देते हैं। मानव-वीर "अपने को आपद पडे वा नपडे जो कुछ भी होवे, परन्तु अन्यलोगों के उपकार होवें।' ऐसे ध्येय से स्वार्थत्यागकर अपने परमार्थ का रास्ता सुधार लेते हैं। जब मानववीर का मनोभाव ठिक हो जाएगा तब द्वितीय क्रम में आरूढ होते समयमें जो अभिषेक होगा, उसको कौलाभिषेक कहते हैं। तब वह वीर कुल- कल्प वाला कौल बन जाता है। अभी कलिकाल में (सजीवमीनयुक्त) महापूर्णाभिषेक देने-लेने की वात दुर्लभ सी ही होने के कारण कौलाभिषेक में ही अभिषेकी पुरुषका नाम अमुकानन्दनाथ देव तथा स्त्रीका नाम अमुकम्यम्बा देवी एवं गुरुदेव से नामाकरण होगा तथा उन लोगोंका शाम्भव गोत्र होगा। यह कौलाभिषेक को नामाकरण होनेके कारण लघुपूर्णाभिषेकभी कहते हैं। अभी पूर्णाभिषेक नाम से जो लोग अभिषेक दिया-लिया करते हैं, वह केवल लघुपूर्णाभिषेक अथवा कौलाभिषेक है। यह अभिषेक भ्रमसे दानव-वीर भी ले सकते हैं क्योंकि इस में सजीवमीन की जरुरत नहीं है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महापूर्णाभिषेक में तो अयोग्यव्यक्ति के लिए संस्कृत सुधा-घट में मीन सजीव नहीं रहसकता। यदि दैववश भ्रमसे दानव-वीर कौलाभिषेक प्राप्त कर कौल बन जाने से भी उसकी दानवी स्वार्थता हटकर देवत्व भाव नहीं हो सकता। लघुपूर्णाभिषेक के बाद यदि योग्य गुरू मिलजाएगा तो महापूर्णाभिषेक के साथ लघुसाम्राज्यमेधादीक्षा का उपदेश होगा। इस विषय में जिज्ञासु लोगों को घवडाने की कोई बात नहीं है। उपासनामें दृढ होकर लगजाने से कोई न काई रोज योग्य गुरू अवश्यमेव मिल जाएगा। इस जन्म में नहोगा तो दूसरे जन्म में होगा। लिखा भी है कि "अनेक जन्मसंसिद्धस्ततोयाति परां गतिम्" महापूर्णाभिषेकी की वात तो क्या कहें, नारायण ऋषि भी एक ही जन्ममें ब्रह्म नहीं वनसका, दूसरी जन्म में श्रीकृष्ण बन कर अनेक यागकिया। तत्पश्चात् योगेश्वर बनकर ईश्वर ही बन गये। हमलोग जैसे क्षुद्र व्यक्ति को तो इसी जन्म में मोक्ष की आशा करना तो निरर्थक है। अतः हमलोग श्री १०८ स्वामी शंकराचार्य की निम्नलिखित स्तुति के अनुयायी बने। वह स्तुति ऐसी है:-

"नमोक्षस्याकांक्षा नच विभववाञ्छापि च नमे।
न विज्ञानापेक्षा शशिमुखि सुखेच्छापि न पुनः॥
अतस्त्वां संयाचे जननि जननं यातुमम वै।
मृडानी रुद्राणी शिव शिव भवानीति जपतः॥"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब गुरू के विषय में मेरा कुछ निवेदन है। वह यह है कि लौकिक गुरू यानि अपनी वंश-परंपरा से माने हुए गुरूओं की सन्तान का, चाहे वह असिद्ध ही क्यो नहो, त्यागकरना कदापि उचित नहीं है, क्यों कि हम हिन्दू लोगों के लिए गो, ब्राह्मण, यति तथा राजा देव तुल्य हैं। इन लोगों का आदर करना और रक्षा करना हम हिन्दू ओं का परम कर्तव्य है, क्यों कि यह बात शास्त्रों में बताई है। गो लक्ष्मी का, ब्राह्मण विधिका, यति शंकर का तथा राजा विष्णुका प्रतिनिधि रूप है। शास्त्रों का उपदेशका पालन करना हम लोगों का परम कतव्य है। देखिये, हमलोग भी वही आदमी हैं फिर उन लोगोंने पूज्य स्थान क्यों पाया ? इसका तात्पर्य यह है कि उनलोगों ने पूर्वजन्म में उपासना कर इस जन्म में पूज्य बने गए हैं। इस जन्ममें वे लोग कुछ करें, उसका भोग अगले जन्ममें वे ही करेंगे। यदि उत्कट पाप तथा उत्कट पुण्य करेंगे तो उसका भोग इसी जन्म में होगा। लिखा भी है 'अत्युत्कटैः पुण्यपापैरिहैव फल-मश्नुते।' हमलोगोंका उससे कुछ सरोकार नहीं है। परन्तु पूर्व जन्म में वे लोग अवश्य उपासक थे। उपासकों को पूजना हमलोग जैसे सामान्य आदमियोंका परम कर्तव्य है। इसलिए यदि हमलोग अपने लौकिक कुलमें प्रचलित गुरुका त्याग करें तो उनकी अवहेलना करनेका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दोष हमलोगों पर आजाएगा। फिर अन्त्यजों को भी अवहेलना करना योग्य नहीं है, क्यों कि पूर्वजन्म के पाप से वे लोग वैसे हुए हैं। उन लोगों का अवहेलना करने से उनलोगो के पापका दोष हमलोगों पर आजाएगा। अतः दुःखी, दरिद्री, रोगी इत्यादि असहायकों का सहायक वनकर दयाकरके यथाशक्य परोपकार करना तथा मानव मात्र में समभावरखकर, ब्राह्मण यति और राजा में पितृभाव अन्य मनुजों में भ्रातृ भाव स्त्रीयों में मातृभाव रखकर व्यवहार करना हम हिन्दूओं का परम धर्म्म और कर्तव्य है। इसी भाव में रहकर जो उपासना होता है, वही सत्य उपासना है। नहीं तो आडंबरी उपासना होगा इससे परमार्थ के लिए कुछ भी नहीं होगा। यह सब बात यादरख कर लौकिक तथा परमार्थिक रस्ता सुधारकर जीवन यात्रा में चलना चाहिए। अतः यदि आपका लौकिक गुरु पाशव—कल्प वाला है, और आप वीर—कल्प तथा कुलका जिज्ञासु हैं तो भी पहले उनसे पाशव—कल्प की दीक्षा ग्रहण करके पूर्वोक्त विधानसे मन्त्रसिद्धकरके पाशव कल्पसे ही एक पुरश्चरण करके वीरकल्पवाले या कुलकल्प वाले गुरुका अन्वेषण करके दीक्षा ग्रहण करना चाहिए। मैने भी ऐसा ही किया था। मेरे चार गुरु हैं। उन्हीं की कृपा से मैं कुछ कुछ तन्त्र शास्त्रका मार्ग देख कर इस पथका अनुयायी हो रहा हूं। यदि अपना लौकिक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुलगुरु (दानवीर) प्रसिद्ध वीरकल्पका है तो पूर्वोक्त विधिसे मन्त्र तथा पद्धतियों का संशोधन करना चाहिए। उस संशोधन के लिए ब्राह्मण गुरुओं की ही जरूरत नहीं है। सिद्धउपासक होगा तो, जो कोई यह कर सकता है। परन्तु इसके लिए दक्षिणा तथा बित्त लेने—देने की बात नहीं होगी। ऐसा चलन हमारे नेपालमें भी नेवार जाति में विशेष है। बहुत से नेवारजाति के घरमें कुलपरम्परागत प्राचीन आगम (तान्त्रिक कुलाचार तथा वीराचार से प्रतिष्ठित देवता तथा प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थादि और चित्रादि) विद्यमान है। वह आगम बडा ही प्रयत्न से गुप्त और सुरक्षित रखा जाता है। वहाँ उस आगम का दीक्षाविहीन होगा तो उसी घरका मालिकको भी प्रवेश करना मनाई है। उन लोगों के गुरु देव– ब्राह्मण जाति का ब्राह्मण है। उन की सन्तति में यदि बाप गुजर गया और उनके लडके ने केवल वीराचार की दीक्षा तक ग्रहण की है, परन्तु हस्तक्रियादि बताने में वह अनभिज्ञ है तो शिष्य उन से ही मूल मन्त्र ग्रहण करते हैं और उस समय पूजाकरने वाले आचार्य भी अन्य लोग होते हैं। हस्तक्रियादि भी वही बताते हैं। ऐसे आदमीको नेपाल में 'अचाज्यू' कहते हैं। वे लोग जातमें ब्राह्मण से नीचे हैं और नेवार जाति के क्षत्रिय से विवाहादिक व्यवहार करते हैं। प्रायशः उनलोगों में ब्राह्मण से अचाजु लोग ही तन्त्र में निपुण हैं, क्यों कि शूद्रान्न उनलोगों के पेट

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

में नहीं पडता है। शूद्रान्न से सिद्धि की हानि होती है अतः असिद्धावस्था में शूद्रके दिए हुए दानको ग्रहण करना उपासकों के लिए उचित नहीं है। कोई—कोई ब्राह्मण लोग भी मूलमन्त्र के सिवा अन्य सब उपासना काण्ड क्षत्रिय तथा वैश्य सिद्ध उपासकों से सीख कर उन की ही गुरु परम्पर के अनुयायी बन सकते हैं। यह कुलमार्ग देहाभिमान से सिद्ध नहीं होता है। आत्माभिमान से ही सिद्ध होता है। अतः यहमार्ग सीखने—सिखाने के लिए जाति का विचार करने की जरुरत नहीं है। प्राचीन कालमें भी शुकदेव स्वामीने ब्राह्मण होकर भी एक क्षत्रीय राजा जनक से शिक्षा ली थी, परन्तु वित्तादि दक्षिणा लेना—देना कुछ नहीं किया था। यह बात पुराणों से स्पष्ट है। फिर वशिष्ट ऋषि ने चीन जाकर एक वौद्ध को गुरुवनाकर उपदेशदीक्षा उन से ग्रहण कर चीनक्रम से तारा विद्याको सिद्ध किया था। ये दोनों ही वाते किसी तान्त्रिक से छिपी नहीं है। परन्तु मूलमन्त्र तो प्रथम श्रेणिमें ब्राह्मण गुरुसे ही लेना पड़ेगा और दक्षिणा भी स्ववित्तानुसार देनी पड़ेगी। यह तन्त्रविद्या अगाध है। इसके सव रहस्यों को कौन जान सकता है ? एक साधक-को केवल एक ही रहस्य मालूम होगा और दूसरेको दूसरा ही। इसलिए परस्पर उपदेश लेने में कोई शर्म्म की वात नहीं है। कौल-संगठन के द्वारा परस्पर प्रेम बढाकर लाभ उठाना चाहिए।"अथ ाः विद्यया विद्या ऐसा लिखा हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब फिर सन्ध्या की ओर लौटें। पाचौं काल की सन्ध्या के विषय में एक कहने की वात है। जो लोग गृहस्थाश्रमी हैं उन्हें देवी को संहारावस्था अथवा अन्त-र्लीनावस्था में रखकर समाप्ति नकरना चाहिए सायं सन्ध्या के साथ-साथ ही तुरीया-सन्ध्या और भाषा सन्ध्या भी उसी अवस्था में करने की प्रथा है। यदि निशा पूजा करनी है तो उसी अवस्था में सायं, तुरीया और भाषा सन्ध्या के जप भी पूजा को अबस्था में करने की प्रथा है।

मतान्तर में गायत्री, साबित्री और सरस्वती का ध्यान निम्नलिखित प्रकार का है। उसमें सावित्रीको वैष्णवी और सरस्वती को माहेश्वरी मानलिया है। इसका रहस्य पीछे वर्णन करूंगा अभी ध्यान देताहूँ:—

" प्रात ब्राह्मीं रक्तववर्णां द्विभुजाञ्च कुमारिकाम् ।
कमण्डलुं तीर्थपूर्णमक्षमालाञ्च विभ्रतीम् ॥
कृष्णाजिनाम्वर धरांहंसारूढां शुचिस्मिताम् ।
मध्यान्हे तां श्यामवर्णां बैष्णवीञ्च चतुर्भुजाम् ॥
शङ्खचक्रगदापद्मधारिणीं गरुडासनाम् ।
पीनोत्तुङ्गकुचद्वन्द्वाम् वनमालाविभूषिताम् ॥
युवतीं सततं ध्यायेन्मध्ये मार्तण्ड मण्डले ।
सायान्हे वरदां देवीं गायत्रीं संस्मरेत्त् यतिः ॥
शुल्कत्रां शुल्कत्राम्वर धरां बृषासनकृताश्रयाम् ।
त्रिनेत्रां वरदां पाशं शूलञ्च नृकरोटिकाम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विभ्रतीं करपद्मैश्च वृद्धां गलितयौवनाम् ।
एवं ध्यात्वा महादेव्यै जलानामञ्जलित्रयम् ॥
दत्वा जपेत्तु गायत्रीं दशधा शतधापिवा ॥"

इस का रहस्य यह है वैष्णवी विष्णु की शक्ति और माहेश्वरी शिव की शक्ति हैं। फिर विष्णु श्यामवर्ण के होनेके कारण तामसिक मूर्ति हैं। तथा शिव श्वेत वर्णके होनेके कारण सात्विक मूर्ति है। विष्णु सात्विक मूर्ति शिव का ध्यानादि करते करते सत्वगुणी स्वभाव के बन गए। शिव तामसिक मूर्ति विष्णुका ध्यानादि करते करते तमोगुणी स्वभाव के बनगए। अतः विष्णु सत्वगुणात्मक तथा शंकर तमोगुणात्मक ही बनगए। लिखा भी है किः—

"विष्णुस्वरूपसिद्धार्थं तपस्तेपे हरः स्वयम् ।
शिवस्वरूपसिद्ध्यर्थं तपस्तेपे हरिः स्वयम् ॥
षड्वृन्दयुगसंख्यातमुभौ तपःपरौ शिवे ।
शिवोविष्णुस्वरूपत्वं विष्णुश्च शिरूपताम् ॥"

अतः जो परम्परा मूर्ति मानती है उस में मध्यान्ह में माहेश्वरी का और सायं में वैष्णवीका ध्यान करते हैं। फिर जो परम्परा स्वभाव मानती है उसमें मध्यान्ह में वैष्णवी और सायं में माहेश्वरी मानते हैं।

सकल ही अवस्था में गायत्री का भैरव वेदमन्त्रात्मक ब्रह्म हैं। गायत्री का यन्त्र तथा आवरणपूजा मेरु तन्त्र में निम्न लिखित प्रकारका है।:—

"पद्ममष्टदलं लेख्यं न्हीं कार कणिकास्थितम् ।
द्वौ द्वौ स्वरौ दिग्विदिशं प्रतिपत्रं समालिखेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किञ्जल्केषु तदग्रेषु गायत्र्यार्णा स्त्रिशस्त्रिशः ।
तद्बहिर्वृत्तयुगलान्तराले तु समालिखेत् ॥
ककाराद्यांस्तथोमापोऽज्योतिरसोऽमृतं ब्रह्म ।
भूर्भुवः स्वरोमिति च यन्त्रं सर्वार्थसिद्धिदम् ॥ ”

अस्यावरण पूजा–“ ततस्तु पूजयेद्देवीमष्टावरणसंयुताम् ।
अदौ संपूज्य देवेशीं कोणाग्रे पूजयेत्ततः ।
त्रिकोणस्याग्निकोणैस्तु प्रादक्षिण्येन देवताः ॥
ब्राह्मी माहेश्वरी चैव वैष्णवी प्रथमावृतिः ।
तस्याग्रतस्त्वष्टदिक्षु क्रमादष्टौ प्रपूजयेत् ॥
आदित्यमूषाञ्च रविं प्रज्ञां भानुं प्रभान्तथा ॥
भास्करं चापि सन्ध्यां च द्वितीयावरणं त्विदम् ।
ततोर्चयेदष्टदलकेशरेष्वङ्गषट्ककम् ॥
गायत्र्याश्च तृतीयोक्तं दलमध्ये यजेदिमाः ।
प्रल्हादिनींप्रभां नित्यां विल्वरुद्रां विलासिनीम् ॥
प्रभावतीं जयां शान्तां चतुर्थावरणं त्विदम् ।
ततोयजेद्दलाग्रेषु कान्तिं दुर्गां सरस्वतीम् ॥
विल्वरूपां विशालां च ईशानीं व्यापिनींक्रमात् ।
विमलां च क्रमात्प्रोक्तं पञ्चमावरणं त्विदम् ॥
तदग्रिमे त्वष्टदले एताः पूज्यास्तु शक्तयः ।
तमोहारिणिका पूज्या विश्वयोनिर्जयावहा ॥
पद्मालया पराशोभा पद्मरूपा च षष्ठकम् ।
भवेदावरणं चाग्रे ब्राह्मयाद्याः सप्तमातरः ॥
अष्टमी त्वरुणा प्रोक्ता प्रोक्तमावरणं त्विदम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रविः सितः कुजो राहुः शनिश्चन्द्रो बुधो गुरुः ॥
अष्टमावरणं चै तच्चतुरस्रादिगष्टके ।
दिपपालाः सप्तमेप्रोक्तास्तदस्त्राणि तथाष्टमे ॥
एवं सम्पूजयेद्देवीं तस्या मुद्राः प्रदर्शयेत ।
व्याहृतित्रयसंयुक्तां गायत्रीं सर्वदाजयेत् ॥ "

महालक्ष्मी संपत्तिंदेने तामसीरूप वाली होने के कारण यहाँ उनके बदले में अरुणा पूजित हैं। यह विद्या विशेषतः ब्रह्मज्ञान की मूर्त्ति है, अतुल संपत्ति से ऐश आराम उत्पन्न हो जाते हैं और वैराग्य खो जाते है। इसी कारण इस विद्या की आवरण पूजा में महालक्ष्मी अलग रही हैं।

वडवानलतन्त्र के नामावली में जो 'त्रिपुरा' पद तथा परातन्त्र में जो 'सर्वचक्रेश्वरी' पद दिया है, उस से त्रिपुरादि ११ चक्रेश्वरियों का संकेत किया गया है। आदमी के ११ अवस्था होनेके कारण श्रीचक्र में ११ चक्र तथा ११ चक्रनायिकायें बन गये। फिर श्रीविद्या महाषोडाक्षरी में षोड़श बीज विद्यमान होनेके कारण षोडशावरण बन गए। अब यहाँ मैं यामलतन्त्रोक्त श्रीयन्त्रोद्धार देता हूँ। वह ऐसा है:—

१ २ ३ ४ ५
"विन्दु त्रिकोण वसुकोण दशारयुग्मम् ।
६ ७ ८
मन्वस्र नागदलसंयुत षोडशारम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

९ १०

वृत्तत्रयं च धरणीसदनत्रयं च ।
श्री चक्रराजमुदितं परदेवतायाः ॥"

इस यन्त्र का चक्रसंकेत बहुत ही गम्भीर है उसके रहस्य का यथार्थ व्याख्या करना होगा तो यह पुस्तक १० गुणा बडी पुस्तक होगी। अतः यहाँ चक्रेश्वरियों के वर्णन के पश्चात् संक्षेपतः चक्रसंकेत का वर्णन कर षोड़शावरणदेवता ओं का नाम तक देदूँगा। यदि कालवश यह देहरहेगी और यह पुस्तक आपलोगोंको रुचिकर होसकेगीतो कुछ वर्ष के वाद श्रीयन्त्र के संकेत का भी व्याख्या लिखने की चेष्टा करूँगा।

१. तीव्र जाग्रदवस्था में लोगों में चेतना की जो अवस्था होती है, उस अवस्था की चेतना को 'त्रिपुरा' कहा गया है। वह भूपूर (त्रैलोक्य मोहनकरचक्र) की चक्रेश्वरी हैं। उसका ध्यान निम्नलिखित प्रकारका है:—

"शुद्धस्फटिकवर्णाभां त्रिनेत्रां च चतुर्भुजाम् ।
पुस्तकं चाक्षसूत्रं च पद्मद्वयकरां शुभाम् ॥
त्रलोक्यमोहने ध्यायेत्त्रिपुरां चतुरस्त्रके ॥"

सकलं ही चक्रेश्वरियों का मन्त्रोद्धार श्लोकरूप में मेरे पास नहोने के कारण मैं यहाँ नहीं देसकता हूँ। अतः मैं क्षमा प्रार्थी हूँ।

२. वैसेही मन्द जाग्रदवस्था में वही चेतना 'त्रिपुरे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिनी ' बन जाती है। वह वृत्तत्रय (त्रैवर्गसाधनकर चक्र) की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है।:—

रक्तवर्णां त्रिनेत्रां च पुस्तकाक्षवराभयैः ।
शोभितां हस्तकमलां नानालङ्कारभूषिताम् ।
त्रैवर्गसाधने चक्रे ध्यायेच्छित्रिपुरेशिनीम् ॥"

३. वैसे ही स्वप्नावस्था में वही चेतना 'त्रिपुरेशी' बन जाती हैं। वह षोड़शार (सर्वाशापरिपूरक चक्र) की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है:—

"शुभ्रां चतुर्भुजां ध्यायेत् पाशांकुशवराभयैः ।
भूषितां षोडशाराब्जे त्रिपुरेशीं सुरेश्वरीम् ॥"

४. सुषुप्त्यवस्था में वही चेतना 'त्रिपुरसुन्दरी' बन जाती है। वह अष्टसदल (सर्वसंक्षोभणचक्र) की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है:—

"रक्तवर्णां चतुर्हस्तां पुस्तकाक्षवराभयैः ।
भूषितां सर्वसंक्षोभणाष्टदलचक्रकें ॥
त्रिनेत्रां सस्मितां देवीं ध्यायेत्त्रिपुरसुन्दरीम् ॥"

यह ४ चक्र अज्ञानावस्था के हैं। अब अन्य चक्र ज्ञानावस्था के हैं और भूमिका में बँट गए हैं।

५. जब उपासक को शुभेच्छा होगी तो उस अवस्था में वही चेतना 'त्रिपुरावासिनी' बन जाती है। वह चतुर्दशार (सर्वसौभाग्यदायक चक्र) की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"सहस्रार्कसमाभासां पुस्तकाक्षवराभयैः ।
शोभितां हस्तकमलां वहिर्दशारचक्रके ।
सर्वार्थसाधकाख्याने चिन्तयेत्त्रिपुराश्रियम् ।"

७. तनुमानसा में वही चेतना 'त्रिपुरामालिनी' बन जाती है। वह अन्तर्दशार (सर्वरक्षाकरचक्र) की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है:-

"रक्तवर्णां त्रिनयनां पाशांकुशकपालकम् ।
वराभयाक्षमालां च दधतीं त्रिपुरां पराम् ॥
मालिन्यन्तर्दशाराख्ये सर्वरक्षाकरे यजेत् ॥"

८. सत्त्वापत्ति में वही चेतना 'त्रिपुरासिद्धा' बन जाती है। वह अष्टार (सर्वरोगहरचक्र) की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है:-

"शुक्लवर्णां त्रिनयनां पाशांकुशकपालिनीम् ।
अभयं सर्वरोगघ्नेऽष्टारकेचिन्तयेत्सदा ॥
साधकैस्त्रिपुरां सिद्धां सर्वालङ्कारभूषिताम् ॥"

९. असंशक्ति में वही चेतना 'त्रिपुराम्बा' बन जाएगी। वह त्रिकोण (सर्वसिद्धिप्रदचक्र) की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है:—

"रक्ताम्बरां मुण्डमालीं पुस्तकाक्षवराभयैः ।
भूपितांत्र्यस्रमध्यस्थां सर्वसिद्धिप्रदायके ॥
सर्वालङ्कार संयुक्तां ध्याये च्छ्रीत्रिपुराम्बिकाम् ॥"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१०. पदार्थ भाविनी में वही चेतना 'त्रिपुरभैरवी' बन जाएगी। वह विन्दु [सर्वानन्दमय चक्र] की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है:—

"उद्यद्भानुसहस्रकान्तिमरुणक्षौमां शिरोमालिकाम्।
रक्तालिप्तपयोधरां जपवटीं विद्यामभीतिं वरान् ॥
हस्ताब्जैर्दधतीं त्रिनेत्रविलसद्वक्त्रारविन्दश्रियम्।
देवीं बद्धहिमांशुरत्नमुकुटां वन्देऽरविन्दस्थिताम् ॥"

११. तुर्यगा में वही चेतना 'ललिता महात्रिपुरसुन्दरी' बन जाएगी। वह विन्दोरन्तरगत [परब्रह्मात्मक महा वैन्दव चक्र] की चक्रेश्वरी है। उसका ध्यान ऐसा है।

"सूर्येन्द्वग्निमयैकपीठनिलयांबालार्कबिम्बारुणाम्।
त्र्यक्षां चन्द्रकलावतंसमुकुटां पीनस्तनीं सुन्दरीम् ॥
पाशं चांकुशमिक्षुचापविधृतां पुष्पेषुहस्तां पराम्।
नाना भूषण भूषितातिसुकुमाराङ्गीं भजे वैन्दवे ॥ "

अब श्रीयन्त्रका चक्रसंकेत अतिसूक्ष्मतः वर्णन करता हूँ। श्रौतस्मार्तधर्म्मावलम्बी हम लोगों के लिये श्रीविद्योपासना ही सर्वोत्तम उपासना मानी गई है। इस विषय को समस्त विद्वज्जन जानते हैं। श्रीविद्योपासकों के लिए श्रीचक्रार्चन तथा महाषोडशी मन्त्र जप ही मुख्य मानेगए हैं। परातन्त्र में ऐसा लिखा है।:—

" कोटिलिङ्गप्रतिष्ठायां यत्फलं समुदाहृतम्।
तत्फलं लभते नूनं श्रीचक्रस्य प्रपूजने ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सर्वदेवगणास्तत्र सर्वे धर्म्मांश्च तत्रवै ।
गङ्गाद्याः सरितः सर्वाः पुष्कराद्या जलाशयाः ॥
पुरुषोत्तममुख्याश्च क्षेत्रानन्दा वनादयः ।
वाजिमेधस्य यज्ञस्य पुरायं त्वविकलं भवेत् ॥
वामदक्षिणयोगेन सुन्दरीद्विविधास्मृता ॥"

अतएव श्रीविद्याउभयाचारों की उपास्य देवता मानी गई हैं। "वामदक्षक्रियायुक्तः कौलश्चोभयमिश्रितः" इत्यादि तन्त्रके वचनसे भी श्रीविद्या कुलमार्ग की प्रधान उपास्य देवता है। इस विषय में शंका का अवकाश नहीं है। अतएव श्रीयन्त्र को ब्रह्माण्ड--स्वरूप माना गया है। इसी कारण श्रीयन्त्र में सब देवताओं की पूजा हो सकती है। अब पूजाक्रमका संक्षेपतः वर्णन करता हूँ। श्रीयन्त्र की आवरणपूजा में आम्नायों की तीन बार पूजा अवश्य करनी चाहिए।:—

१. भूपुर के चारद्वारों में द्वारनायिका रूप से चार आम्नायें।

२. अपने अपने चक्र की जो नायिका हैं (अर्थात् सृष्टिचक्र की पूजा के अन्तमें पूर्वाम्नाय, स्थितिचक्र की पूजा के अन्तमें दक्षिणाम्नाय, संहार चक्र की पूजा के अन्त में पश्चिमाम्नाय, अनाख्या-चक्र की पूजा के अन्तमें उत्तराम्नाय और भासाचक्र की पूजा के अन्त में ऊर्ध्वाम्नाय) इन पाँच आम्नायोंकी चक्रेश्वरी रूपमें पाँच आम्नायें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

३. बिन्दुचक्र में आम्नायेश्वरी रूप से नव आम्नाय। इन सबकी भी तुरीयारूपा श्री में ही समष्टि होती है।

श्रीविद्या के उपासना में तीन मत हैं। एक हयग्रीवमत दूसरा आनन्दभैरवमत और तीसरा दक्षिणामूर्तिमत हैं। श्रीचक्रावरणपूजा प्रत्येक मत में भिन्न भिन्न प्रकार से होती है।

१. हयग्रीव के मतानुसार श्रीयन्त्र में दक्षिणाचार से पूजा होती है। इसमें त्रिवृत्तचक्र की पूजा नहीं होती है। वह चक्र लिखा भी नहीं जाता है। सृष्टिक्रम में (अर्थात् प्रातःसन्ध्या में) बिन्दु चक्रसे आरम्भ कर भूपुरचक्रमें पूजा की विश्रान्ति होगी। स्थितिक्रम में अर्थात् मध्याह्न समय में) प्रथमतः त्रिकोण के बाहर षोडशनित्या ओं, गुरुमण्डल तथा षडङ्ग युवतियों की सपर्या करके भूपुरचक्र से आरम्भकर बिन्दुचक्र में पूजा का समाप्त होगा। संहारचक्रम में [अर्थात् सायंकाल में] भूपुरचक्र से आरंम्भकर बिन्दुचक्र में पूजा की पूर्ति होगी। सृष्टिक्रम तथा संहारक्रम में जिस समय त्रिकोणचक्र की पूजा होती है, उसी समय षोडशनित्याओं, गुरुमण्डल तथा षडङ्गयुवती की पूजा होती है। शुष्कपाशवकल्प और स्मार्तमतमें श्रीयन्त्रकी आवरणपूजा से ललितासहस्रनाम, ललितात्रिशतिस्तोत्र नामावलि और ललिताशतनाम का कुंकुमार्चन का अधिक महत्व माना गया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

२. आनन्दभैरवमत में बिन्दुचक्र को नायिका याने चक्रेश्वरी ललितामहात्रिपुरसुन्दरी मानकर यदि उसकी पूजा की जावे तो दक्षिणाचार माना जाता है। फिर बिन्दुचक्र की नायिका त्रिपुरभैरवी और बिन्द्वन्तरगत चक्रान्तर भावना करके उस चक्रकी नायिका ललितामहात्रिपुरसुन्दरी को मानकर पूजा करने से वामाचार कहलाता है। कौलाचार में भी इसी क्रम से सपर्या होती है। आनन्द भैरवमतमें त्रिवृत्त चक्रतो लिखाजाता है, परन्तु उसकी पूजा नहीं होती है। सृष्टिक्रम में बिन्दुचक्र से पूर्ववत् भूपुरचक्रपर्यन्त, स्थितिक्रम में त्रिकोणचक्र के बहिर्भागस्थ गुरूपंक्ति, षोड़शनित्याओं तथा षडङ्गयुवतियों की सब से पहले पूजाकर भूपुरचक्र से बिन्दुचक्रपर्यन्त तथा संहारक्रम में भूपुरचक्र से बिन्दुचक्र पर्यन्त ही पूजा होती है।

३. दक्षिणामूर्ति के मतमें त्रिवृत्तचक्र लिखाजाता है और उसकी पूजा भी होती है। यह क्रम सर्वोत्तम मानागया है। इस क्रममें कुलाचार से ही पूजा हो सकती है। इस दक्षिणामूर्त्ति मत में भी ३ क्रम हैं सृष्टिक्रम में बिन्दु चक्रसे भूपूरपर्यन्त, स्थिति में भूपूरचक्र से अष्टदल चक्रतक तथा बिन्दुचक्र से चतुर्दशारचक्रतक, और संहारक्रम में भूपुर-चक्र से बिन्दुचक्रपर्यन्त अर्चाकी जाती है। यह क्रम के संकेत से प्राचीन हस्तलिखित तन्त्रान्तरमें यन्त्रोद्धार निम्नलिखित प्रकारका दिया है।:—

सृष्टिक्रम-" बिन्दुत्रिकोणवहिरष्टककोणवरद्य—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिक्कोणयुक्परचतुर्दशकोणयुक्तम् ।
वृत्ताष्टषोडशदलानलवृत्तलोक— ॥
भूपुश्चतुर्मुखमहं प्रणमामिचक्रम् ।

स्थितिक्रम-- " भूविम्वचक्र खलु षोडश चाष्टबिन्दु—
अग्न्यग्न्यष्टसंयुतमहत्त्रितयं दशारम् ॥
वेदारसंयुतदशास्पदमध्यरूपाम् ।
त्वां वै महात्रिपुर सुन्दरि नौम्यहं श्रीः ॥ "

संहारक्रम- " भूवेश्मगत्रिवृतषोडशनागशक्र—
दिग्युग्मवस्वनलकोणगबिन्दुमध्ये ॥
सिंहासनोपरिगतारकपीठमध्ये ।
प्रोत्फुल्लपद्मनयनां त्रिपुरां भजेहम् ॥

अब श्रीयन्त्र के १० चक्रों के भाग का वर्णन करता हूँ ॥ श्रीयन्त्र शिवशक्त्यात्मक होने के कारण इसमें शिव तथा शक्ति दोनों के ही भाग के चक्र विद्यमान हैं। वह वृहद्बड़वानलतन्त्र में ऐसा है:—

" बिन्दुचाष्टदलंपद्मषोढशारंत्रिवृत्तकम् ।
चतुरस्राख्यधकं च शिवचक्राणिपंच च ॥
त्रिकोणं चाष्टकोणञ्च दशकोणद्वयं तथा ।
चतुर्दशारमेतानि शक्तिचक्राणि पञ्च ह ॥ "

फिर श्रीयन्त्र में सृष्टिस्थितिसंहारानाख्याभासा एवं पाँचों ही भाग विद्यमान हैं। अतः वही आम्नायों का भाग भी होगा, क्यों कि वृहद्बडवानलतन्त्र में ऐसा है:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीयन्त्रराजः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

" पूर्वाम्नायः सृष्टिरूपः स्थितिरूपश्च दक्षिणः ।
संहारो पश्चिमो देवि त्वुत्तरानुग्रहो भवेत् ॥

श्रीयन्त्रका आम्नाय- विभाजन के विषय में वही तन्त्र म ऐसा है:—

" भूवृत्तशशिनागाढ्ं सृष्टिचक्रं वरानने ।
मनुर्दीग्दशकैर्युक्तं स्थितिचक्रं शुवावहम् ॥
वस्वग्निबिन्दुसंयुक्तं चक्रं संहारकं स्मृतम् ।
सर्वैश्चानाख्यचक्रंतु भावयेत्सा धकोत्तमः ॥

इसलिए श्रीयन्त्र का क्रमार्चन पूर्वोक्त प्रकारका हुआ। अर्थात् भूपूर, त्रिवृत्त, षोडशदल और अष्टदल इन चार चक्रों का समष्टिरूप पूर्वाम्नायात्मक सृष्टिचक्र; चतुर्दशार, वहिर्दशार तथा अन्तर्दशार दक्षिणाम्नायात्मक स्थितिचक्र फिर अष्टर, त्रिकोण तथा बिन्दु पश्चिमाम्नायात्मक संसार चक्र होते हैं। अतएव दक्षिणामूर्ति मतकी श्रीचक्रावरणपूजा कासृष्टिक्रम में, स्थितिचक्र में, स्थितिक्रम में स्थितिचक्र में तथा संहारक्रम में संहारचक्र में पूजाकी विश्रान्ति होती है। तथा बिन्दु से भूपूर तक सबचक्रों का समष्टिरूप उत्तराम्नायात्मक आनाख्याचक्र बनता है। इसके अनन्तर बिन्द्वन्तगतचक्र, षड्डाकिनीविद्या, पञ्चपञ्चिका विद्या तथा षडध्व इत्यादि सबमिलकर बिन्दु चक्र से भूपूरचक्रपर्यन्त के समस्त चक्रों का समष्टिरूप ऊर्ध्वाम्नायात्मक भासाचक्र रूप बनता है। दक्षिणामूर्ति मत की श्रीचक्रवरणपूजा में पञ्चधा आम्नायपूजा होती है। तीन प्रकारकी आम्नाय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्व ही लिखीजाचूकी हैं। चतुर्धा सर्वाधिकार अर्थात् जगदम्बिका के सर्वाम्नायों की चेतनासत्तारूप और पञ्चधा षडन्वयशांभवविद्या अर्थात् मूलसमष्टिरूपिणी श्रीविद्याके षट्चक्रस्फुरणसत्तारूप की सपर्या होती है।

केवल एक काल में ही श्रीचक्रार्चन करने वालों के लिए तो ब्रह्मचर्याश्रम के अन्तर गृहस्थाश्रम ग्रहण करने की आकांक्षा जिन ब्रह्मचारियों की है उनके लिए सृष्टिक्रम से, गृहस्था श्रमियों के लिए स्थितिक्रम से और गृहस्थाश्रम में न आनेवाले ब्रह्मचारियों तथा वानप्रस्था श्रमियों के लिए संहारक्रम से अर्चन करनी चाहिए।

कुलमार्ग में निशापूजा की आवश्यकता दिखाकर उसकी वडी महिमा लिखी है। किन्तु श्रीयन्त्रमें प्रातः, मध्यान्ह और सायं तीनों कालों में श्रीचक्र क्रम दिखाया गया है। तुरीयाका क्रम अर्थात् निशा-पूजा का क्रम नहीं दिया गया है। कारण यह है कि जो एकावार पूजा करते हैं, वे प्रातः काल में अथवा निशाकाल में पूर्वोक्त आश्रम के नियम से एक सम में ही करते हैं। परन्तु यथार्थ क्रमानुसार क्रमार्चन करने वाले साधक सन्ध्यात्रय में सृष्टि स्थिति तथा संहारक्रम से सपर्या कर निशीथिनी में तुरीय सन्ध्यारूप से पूर्ण श्रीयन्त्रको तेजोमय तुरीया श्रीविद्याधाम भावना करके महानिर्वाण भैरव तथा निर्वाण महात्रिपुरसुन्दरी की समर्चना किया करते हैं। "ब्रह्मविद्याजीवदशां

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निरन्त्री ' इत्यादि श्रुतिवचन से पशु-बलि भी निशा समय में ही देकर वीरभोजनादि किये जाते है। उस निशा-पूजा की अवस्था में समस्त श्रीचक्र ज्योतिर्मय होकर महानिर्वाण भैरवात्मक बन जाता है। उन महानिर्वाण भैरवका वक्षस्थलान्तर्गत शुक्लारुणरूप अन्य श्रीयन्त्रके बिन्दुके अन्तर्गत शुन्यागारमें ज्वाला के अन्तःस्थिता परब्रह्मस्वरूपिणी निर्वाणमहात्रिपुरसुन्दरी विद्यमान होती है। सायुध सालङ्कार ही ध्यानोक्तरूप उसकी पूजा होती है।

हमारा हिन्दुमत द्वैतवाद और अद्वैतवाद अर्थात् कर्मकाण्ड तथा ज्ञानकाण्ड के भेद से दोप्रकार का है। कर्मकाण्ड़ के गाणपत्य, सौर, वैष्णब, शैव तथा शाक्त इत्यादि अनेक भेद हो गए हैं। फिर ज्ञानकाण्ड़ में सांख्य, मिमांसक, न्याय, वैशेषिक, पातञ्जल तथा वेदान्त इत्यादि अनेक भेद हो गए है। किन्तु इन सब भेदों की श्रीयन्त्र में ही समष्टि हो जाने पर भी कर्मकाण्डानुसार श्रीविद्या का पूजा-विधान होने के कारण यह द्वैतवाद (कर्मकाण्ड) जैसा प्रतीत होता है। दृष्टिगोचरीभूत त्रिकोणचक्र जो है वह चिच्चक्र, दृष्टिगोचरीभूत बिन्दुचक्र जो है वह आनन्दचक्र तथा अदृष्टिगोचर अर्थात् केवल भावना-ज्ञेय बिन्दुन्तर्गत चक्र जो है वह सच्चक्र होने के कारण श्रीचक्र सच्चिदानन्दरूप कहलाता है। अद्वैतवादी लोग भी सच्चिदानन्द कोही मानते हैं। पुनश्च पूजारम्भमें भूतशुद्धि के अन्त में निम्नलिखित प्रकार की भावना करनी चाहिए:-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

" अह देवि नचान्योस्मि ब्रह्मैवाहं न शोकभाक्।
सच्चिदानन्दरूपोहमात्मानमिति चिन्तयेत् ॥ "

इस वचन से भी विदित होता है कि केवल पाठमात्र नहीं करना वरन भावना भी करनी चाहिए। तथा पूजा के अन्त में और तत्व शुद्धि के बाद भी " गुरुचरणरतोऽहं भैरवोऽहं शिवोऽहम् " इत्यादि जो पाठ करने के लिए बनाया गया है, वह भी भावना के लिए लिखा है। " जीवन्मुक्ताश्च कौलिकाः " इत्यादि वचन भी तत्तस्थानों में देखने में आते हैं। इससे भी अद्वैतवादियों का " सोऽहं ब्रह्म " इत्यादि सिद्धान्त भी इसी में मिल गया। केवल भेद इतना ही हुआ कि अद्वैतवादी वेदान्तियों की प्रक्रिया विषय में चित्तशुद्धि हो जाने पर किसी कर्म्म और उपासना के अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं रहती। किन्तु फिर भी सर्वकर्मसंन्यासपूर्वक सद्गुरूपदिष्ट रीति द्वारा वेदान्त के मत से " प्रज्ञानं ब्रह्म, अहं ब्रह्मास्मि तत्वमसि, अयमात्माब्रह्म " इत्यादि चारों वेदों के महावाक्यों के अर्थ का श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन करना चाहिए। श्रीविद्या के मत में क्रमदीक्षा ग्रहण करके मन्त्रार्थ का मनन कर मन्त्र चैतन्य के साथ जप करना चाहिए। अतः श्रवण मंत्रग्रहणकरना ही है, मनन मन्त्रार्थ का ही है और निदिध्यासन मन्त्र चैतन्य के साथ जपकरना है। अन्तःकरणनिष्ठ असंभावनाविपरीतभावनादोष

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निवृत्ति बनती ही नहीं। असंभावनादिदोषनिवृत्ति के बिना अनर्थ की निवृत्ति परमानन्दप्राप्तिरूप मोक्ष नहीं हो सकता। यही तो मोक्षमार्ग (वेदान्त तथा श्रीविद्या) का सिद्धान्त है। अतः तन्त्रों में शंकर बार—बार कहते हैं कि:—

" जपात्सिद्धिर्जपात्सिद्धिर्जयात्सिद्धिर्वरानने ॥ "

पुनश्च— " नदेशकालनियमो शौचादिनियमो नहि ।
भक्ष्यादिनियमो नास्ति महामन्त्रस्यसाधने ॥ "

वेदान्तविषय में आत्मा तथा ब्रह्मका अभेद वर्णित है अथवा भेद? यह प्रमाणगत संशय है। फिर आत्मा और ब्रह्म का अभेद सत्य है अथवा भेद? यह प्रमेयगत संशय है। इन दोनों संशयों को असंभावना के नाम से पुकारा गया है। वेदान्त के मतमें श्रवण-मनन करके, श्रीविद्योपासना के मतमें मन्त्रार्थचिन्तन तथा मन्त्रचैतन्य-भावसे तत्वशुद्ध्यादि करने के अनन्तर ही असंभावना दोष की निवृत्ति होगी। आत्मा और ब्रह्म का भेद ही सत्य हैं अथवा देहादिप्रपञ्च ही सत्य है? इस प्रकार के विपरीत निश्चय को विपरीत भावना के नाम से पुकारते हैं वेदान्त में निदिध्यासन करके और श्रीविद्योपासना में चक्रार्चन के पश्चात् मपञ्चक से तत्वशुद्धि के पश्चात् मन्त्रशिखा के विचार से विपरीतभावना-दोष की निवृत्ति होगी। उक्त रीति से असंभावनादिदोष की निवृत्ति होने पर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

" शुद्धोऽहं, बुद्धोऽहं, मुक्तोऽहं, परिपूर्णोऽहं, चैतन्यानन्द घनोऽहं, भैरवोऽहं, शिवोऽहम्, " इत्याकार दृढ अपरोक्ष आत्मसाक्षात्कार हो जाता है। उसी समय अनारब्ध [सञ्चित] कर्म का भी विनाश होता है और आगामी (क्रियमाण) कर्म का भी कमलदलगतजलवत् असंबन्ध तो अवश्य होगा, किन्तु विक्षेपकी वासना जो प्रारब्धकर्म है, उसे तो भोगकरने से ही समाप्त करना हैं। भोग के बिना नष्ट न होने वाले प्रारब्धकर्मों का भी सर्वतो बलवान् संयम द्वारा उपशम हो सकता हैं।

" त्रयमेकत्र संयम " इस सूत्र द्वारा योगीश्वर पतञ्जलिने योगदर्शन-विषय में धारणा, ध्यान तथा असंप्रज्ञात समाधि इन तीनों को ही संयम माना है।

यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार तो इसके उपयोग के लिए जानने चाहिए। जब संयम द्वारा मनोनाश और वासनाक्षय होगा, तब योगी की असंप्रज्ञातसमाधि सिद्ध होगी। सकल वृत्तियों के विलय के साथ ध्येयाकार वृत्ति के लोप का नाम ही तो शास्त्र में असंप्रज्ञातसमाधि कहागया हैं। एवं संयमद्वारा मनोनाश [वासनाक्षय] होने पर भी तत्व ज्ञान नहोने के कारण निर्बीज समाधि नहीं हो सकती, किन्तु सर्वप्राणि साधारण सुषुप्ति के सदृश सबीज ही होगी। यद्यपि लय-चिन्तनपूर्वक लयसमाधि ही क्यों न हो, तथापि उस में भी सबीज

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

समाधि ही होगी। जब वेदान्त के श्रवण, मनन, निदिध्यासनादि से अथवा श्रीविद्योपासना से तत्वज्ञान और संयमद्वारा मनोवासना का क्षय होगा तब जीवन्मुक्ति दृढ होगी। इसी अवस्था को अत्यन्ताभावसमापत्ति माना गया है। अर्थात् वाधितानुवृत्तिद्वारा जीव ईश्वर-जगद् भेदभ्रान्ति-वृत्ति व्युत्थित नहोनेकेकारण बिलकुल प्रतीत न होना ही अत्यन्ताभाव समापत्ति कही जाती है। इनको श्रुति, (वेद तथा तन्त्र दोनों की एकता ही श्रुति है) स्मृति, पुराण, युक्ति और अनुभूति आदि अनेक प्रमाणों से बिद्वत्संन्यास, परमयोगी अथवा कौलावधूत कहा गया है। जिसप्रकार तत्वज्ञान न होनेके कारण सबीज समाधिवाले अपरम योगी हैं, फिर संन्यासहोनेपर भी विविदिषा संन्यास है न कि विद्वत्संन्यास। उसी प्रकार कुलमार्ग में आरूढ होने पर भी उपासक सामान्य कौल है न कि कौलावधूत। किञ्च संयम के न होने से मनोनाश (वासना—क्षय) नहीं होता हैं। "तत्वमसि" आदि महावाक्यों के श्रवण—मननादि विचारजन्य 'अहंब्रह्मास्मि ऐसाज्ञान होने से अथवा श्रीविद्या की क्रमदीक्षा द्वारा क्रमार्चनकर तत्वशुद्ध्यादियों से "भैरवोऽहं शिवोऽहम्" इस प्रकार ब्रह्म और आत्मा की ऐक्य-निश्चयात्मिका अखण्डाकारवृत्ति उत्पन्न होते ही अविद्या और तत्कार्यको नष्ट करके स्वयं भी वृत्ति होने के कारण वह (अखण्डाकारवृत्ति) अपने अधिष्ठान आत्मा में लीन हो जाती है। जिस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकार काष्ठस्थित अग्नि काष्ठ—समुदाय का भस्मकर स्वयं भी नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार उक्त अखण्डाकारवृत्ति भी आत्मा तथा अनात्मा के अनादि इतरेतराध्यास (जड-चेतनाग्रन्थि) को भेदन करके स्वयं निःस्नेह दीपवत् निर्वाण हो जाती है। किन्तु इस प्रकार वृत्ति-विलय होने के पहले भ्रान्तिनिवृत्तिवाले जीवन्मुक्त को विचारावस्था में अनादि अनिर्वचनीया त्रिगुणात्मिका माया तथा माया के कार्य जीवन्ईश्वर-जगद्-भेद-भ्रान्ति अपने अधिष्ठान ब्रह्म में वाध होने पर भी वृत्युत्थान अवस्था विषय में प्रारब्ध कर्म्म की प्रेरणा से वाधितानुवृत्ति द्वारा सुख-दुःखादि प्रपञ्च का अनुभव हो ही जाती है। इसी अवस्था का नाम अभाव—समापत्ति है न कि अत्यन्ताभाव—समापत्ति। क्यों कि मनोनाश (वासना—क्षय) के बिना तत्वज्ञानीको मिथ्यारूप से भी प्रारब्धप्रेरणा से सुख—दुःखादिप्रपञ्च का अनुभव अवश्यम्भावी है। श्रुति में ऐसा लिखा है:—

" भिद्यते हृदय ग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ॥ "

इस वचनानुसार जिन महात्माओं की हृदयग्रन्थिका भेदन तथा सर्व संशयों का उच्छेदन, और प्रारब्धातिरिक्त कर्म (संचित आगामी) का नाश हो गया है, ऐसे जीवन्मुक्त महात्माओं को प्रारब्ध की प्रेरणा से सुखदुःखादि प्रपञ्च की प्रतीति होने पर भी प्रारब्धकला भोग की समाप्ति कर देने के बाद विदेहकैवल्य अर्थात् पुनर्जन्म न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

होना अवश्यम्भावी मानागया है। यतः—

"न स पुनरावर्तते नस पुनरावर्तते ॥"

तथा— "यद्गत्वा न निवर्तन्ते तध्दामपरमं मम ॥"

इत्यादि अनेक शास्त्रवचन से इस विषय का समर्थन करते हैं।

जैसा कि वेदान्त—विषय में है कि ब्रह्मज्ञान होने पर भी प्रारब्ध का भोग भोगना ही पड़ेगा, श्रीविद्योपासना—विषय में वैसा नहीं है। कौलावधूत अपने तथा दूसरे के बनेहुए प्रारब्धको भी रोक सकते हैं। विश्वामित्रजीने जिस प्रकार दूसरे स्वर्ग की रचना करदी थी, उसी प्रकार कौलावधूत भी दूसरे प्रारब्ध की रचना करने के लिए समर्थ है। तन्त्रान्तर में श्रीविद्या विषय में लिखा भी है कि '**कर्मरेखानाशकर्त्री कर्मरेखाविनोदिनी**' इति। पुनश्च योगवाशिष्ठ महारामायण की रीति से तो ये ज्ञान योगी चतुर्थ भूमिका से लेकर सप्तम भूमिका पर्यन्त आरूढ होने वाले होते हैं। तथाहि शुभेच्छा, शुभविचारणा, तनुमानसा, सत्वापत्ति, असंशक्ति, पदार्थाभाविनी, तुर्यगा एवं नाम से ज्ञान की सप्त भूमिकायें मानी गई हैं। इन सप्त भूमिकाओं में तृतीय भूमिका तकतो ज्ञानप्राप्ति की साधना भूमिका मात्र होने से श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन पर्यन्त ही जानना चाहिए। इन तीन भूमिकाओं को जाग्रत भूमिका भी कहा गया है, क्यों कि ज्ञान के बिना बोध न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

होने वाले जीव ईश्वर जगत् की भेद भ्रान्ति जगत् के न सत्यरूप प्रतीत होते हैं। तथा ये ३ भूमिकायें तो ज्ञानप्राप्तिसाधन भूमिका होने के कारण ज्ञानप्राप्ति के बिना सिद्ध भूमिका नहीं हो सकती। सिद्ध भूमिकायें तो चतुर्थ भूमिका से लेकर सप्तमी भूमिका पर्यन्त ही मानी गई हैं। चतुर्थी भूमिका को स्वप्न-भूमिका भी कहते है, क्यो कि आत्मज्ञानके बल से वाध होने पर भी इस भूमिका में मिथ्यारूप से स्वप्नके समान जीवेश्वरजगद्भेदभ्रान्ति प्रतीत होती है। अतः इस चतुर्थ—भूमिका में स्थित ज्ञानयोगी 'ब्रह्मविद्' कहा गया है। पञ्चम—भूमिका को सुषुप्ति भूमिका माना जाता है, क्यो कि इस भूमिका में सुषुप्ति के समान समाधि काल में जीवेश्वरजगद्भेद की भ्रान्ति प्रतीत नहीं होती। परञ्च समाधि से पञ्चम भूमिका के ज्ञानयोगी स्वयं व्युत्थित भी हो जाते हैं। यहाँ पर ये 'ब्रह्मविद्वर' नाम से पुकारे जाते हैं। षष्ठ भूमिका गाढ सुषुप्त्यवस्था है, क्यों कि जिस प्रकार समाधि में जीवेश्वरजगद्भेद की भ्रान्ति की स्फूर्ति नहीं होती है, उसी प्रकार सुषुप्ति में भी जीवेश्वरजगद्भेदभ्रान्ति का स्फुरण नहीं होता है। परन्तु षष्ठ—भूमिका के ज्ञानयोगी समाधि से स्वयं नहीं उठ सकते, वरन् उन्हें उठाना पडता है। इस भूमिका में इन का नाम 'ब्रह्मविद्वरीयान्' माना जाता है। यद्यपि चतुर्थ-भूमिका में योगी जीवन्मुक्ति का भाव सिद्ध होता है, तथापि समाधि से व्युत्थान होने तथा न होने के तारतम्य से सप्तम-भूमिका पर्यन्त यह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वीकार किया गया हैं। अतएव सप्तमभूमिका में स्थित ज्ञानयोगी स्वतः अथवा प्रयत्न से किसी प्रकार समाधि से नहीं उठते हैं। यह भूमिका ज्ञाननिष्ठा की पराकाष्ठा है अतएव मनसा वाचा अगम्य है। इसी भूमिका में आरूढ ज्ञानयोगी ब्रह्मविद्वरिष्ठ कहलाती है। यह भूमिका में तो किसी काल में भी जीवेश्वरजगद्भेदभ्रान्ति का स्फुरण नहीं होता है। ईश्वर-प्रेरणा से केवल प्राणवायु का संचालनमात्र होता रहता है। परन्तु शरीर का होना न होना इन के लिए समान है। इनको शरीरादिकों का भान बिलकुल नहीं होता है।

इन प्रकार के वेदान्त-सिद्धान्त का भी श्रीविद्योपासना में ही श्रीयन्त्रद्वारा समावेश हो जाता है। पूर्व में भी कह चुका हूँ कि किस किस चक्र किस किस अवस्था के तथा किस किस आम्नायात्मक हैं। अब यहाँ उनका विशेष वोध कराने के लिए फिर दुबारा वर्णन करता हूँ। भूपूर चार्वाकदर्शनात्मकचक्र में तीव्रजाग्रदवस्था, त्रिवृत्त जितेन्द्रिय [स्मृतिपुराणादि] दर्शनात्मकचक्र में जाग्रदवस्था, षोडशदल. बौद्धदर्शनात्मकचक्र में स्वप्नावस्था तथा अष्टदल गाणपत्यदर्शनात्मकचक्र में सुषुप्त्यवस्था समाविष्ट होती है। इन प्रकार ये चारों चक्र पूर्वाम्नायात्मक सृष्टिचक्र हैं। और इन को अज्ञान की ४ अवस्था में समाविष्ट जानना चाहिए। ज्ञान की सप्त भूमिकाओं में भी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उक्तप्रकार से समावेश होता है। चतुर्दशार सांख्यमिमांसकन्यायवैशेषिकपातञ्जलवेदान्तोद्दिदर्शनात्मक चक्र में शुभेच्छा नामक प्रथम-भूमिका, बहिर्दशार वैदिकदर्शनात्मक चक्र में शुभविचारण नाम्नी द्वितीय-भूमिका तथा अन्तर्दशार सौरदर्शनात्मकचक्र में तनुमानसा तृतीय-भूमिका समावेश होता हैं इस प्रकार ये ३ चक्र दक्षिणाम्नायात्मक स्थितिचक्र हैं और इन को ज्ञान की ३ साधन भूमिका में समाविष्ट जानना चाहिए। अष्टकोण वैष्णव दर्शनात्मकचक्र में सत्वापत्ति चतुर्थ-भूमिका, त्रिकोण शाक्तदर्शनात्मक चक्र में असंशक्ति पञ्चम-भूमिका और बिन्दु शैवदर्शनात्मक चक्र में पदार्थाभाविनी षष्ठम-भूमिका का समावेश होता है। इस प्रकार ये तीनों चक्र पश्चिमाम्नायात्मक संहारचक्र हैं और इन को ज्ञान की ३ सिद्ध-भूमिका हैं। परन्तु ये ३ सिद्धभूमिका होने पर भी समाधि से उठ सकने के कारण पराकाष्ठा में नहीं मानी गई है। इस लिए इन १० ही चक्रों का समष्टि रूप को उत्तराम्नायात्मक अनाख्यचक्र माना गया है। फिर बिन्दु का अन्तर्गत महावैन्दव कौलात्मकचक्र में तुर्यगा सप्तम-भूमिका समाविष्ट होती है। इस चक्र सहित के श्रीयन्त्र उर्ध्वाम्नायात्मक भासाचक्र माना गया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब आम्नायों का भावना का वर्णन करता हूँ । पूर्वाम्नाय में अज्ञानावस्था होने के कारण उपास्य देवता को भैरवी माता और अपनेको दास अथवा पुत्र मान कर मातृ—पुत्र भाव से सेवा भाव से उपासना करना लिखा है। क्षमास्तुति में ऐसा है:—

" अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम ।
दासोऽयमितिमां मत्वा क्षमस्व परमेश्वरि ॥ "

दक्षिणाम्नाय में ज्ञान की साधन-भूमिका होने के कारण उपास्य देवता को भैरवी शक्ति और अपने को भैरव भर्ता मानकर दाम्पत्य-भाव से कुलसन्ध्यादि विधि द्वारा उपासना किया जाता है। भावना करने के लिए ऐसा लिखा है:—

" अलिपिसितपुरन्ध्रीयोगपूजापरोऽहम् ।
वहुविधकुलमार्गारम्भसंभावितोऽहम् ॥
पशुजनविमुखोऽहं भैरवीमाश्रितोऽहम् ।
गुरुचरणरतोऽहं भैरवोऽहं शिवोऽहम् ॥ "

यहाँ पर " मैं भैरवी का आश्रय करने वाला भैरव तथा शिव हूँ " एवं भावना से स्पष्ट विदित होता है कि " भैरवोऽहं शिवोऽहम् " की भावना होने से भी भैरवी को पृथक् निज-शक्तिरूप माना है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पश्चिमाम्नाय में ज्ञान की सिद्ध-भूमिका होनेके कारण उपास्य देवता का और अपना ऐक्य मानकर भैरवी—स्वरूप जानकर कुलार्चनादि विधि से उपासित दिखाई गई है। लिखा भी है:—

" साऽहमस्मीत्यभेदेन विविक्तस्था उपासते ॥ "

यहाँ ऐसा भाव होने से भी " अहं, इदं, त्वं " का लेस रह जाता है। उत्तराम्नाय में भी ऐसा ही है किन्तु भावना में शूक्ष्म भेद है वह अनुभवगम्य है। मैं इतना ही लिख सकता हूँ की उत्तराम्नायोपासना में पश्चिमाम्नायवत् भावना तो है ही फिर निम्नलिखित भावना भी करनी चाहिए:—

" रचितयुवतिवेशस्तद्धिया ध्यायते सः ॥ "

ऊर्ध्वाम्नाय में ज्ञान—भूमिका की पराकाष्ठा होने के कारण उपास्य देवता तथा अपने को भी ' अहं, इदं, त्वं ' की लेश रहीत केवल अवांमनसगोचर सन्मात्र पूर्णब्रह्ममय मानकर दिव्य चक्रार्चनादि तत्वशुद्धियुक्त राजाधिराज योग द्वारा उपासना करना होगी। इस विषय में ऐसा लिखा है:—

" श्रीविद्या मखिलागमान्तविदितब्रह्मस्वरूपां शिवाम् ।
सत्यज्ञानसुखां विशेषरहितामाद्यन्तहीनां पराम् ॥
आत्मत्वेन विभावयेद्वरवर: सद्यो विमुक्तिं गतो—
ऽप्यादेहान्तमुपासनैकरसिकः श्रौतं विधिमानयेत् ॥ "

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुनश्च— "केवलोऽहं शिवोऽहम् ।" तथा "ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति ।"
तथा— "क्रमदीक्षायुतो देवि क्रमाच्छम्भुर्भविष्यति ॥"

इत्यादि शास्त्र वचनों का समन्वय होता है ।

श्रीविद्योपासना के पराकाष्ठा में पहुँच कर कर्म और उपासना के अनुष्ठानकी आवश्यकता नहीं होती है । अतः महासाम्राज्यमेधादीक्षा के पश्चात् वानप्रस्थाश्रम ग्रहण करना आवश्यक ही है । परन्तु शिखा—सूत्र का त्याग न करना चाहिए । बृहद्वडवानलतन्त्र में ऐसा है:—

"कौलावधूतमार्गेषु तीर्थयात्रां न च व्रजेत् ।
तीर्थाटनं च संन्यासं व्रतधारणमेव च ॥
उपवासं मुण्डनं च सर्वथा परिवर्जयेत् ।
पूर्णाभिषिक्ते शिरसि तेन तत्र न मुण्डनम् ॥"

परन्तु जिन को महासाम्राज्यमेधादीक्षा न होकर केवल (लघु) साम्राज्यमेधादीक्षा तक ही है, उनको अन्तः- करण से जीवन्मुक्त होने पर भी गृहस्थाश्रमी यदि हो तो महाराज जनक, श्रीराम तथा श्रीकृष्णादि की भाँति कर्म्म का परित्याग नकरना चाहिए । अतएव श्री १०८ स्वामी शंकराचार्यने कहा है किः—

"यद्यपि शुद्धं लोक विरुद्धं नाचरणीयं नाचरणीयम् ॥"

श्रीकृष्ण भगवान् ने भी गीता में कहा है किः—

"यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्यथा लोग इन का आदर्श सम्मुख रखकर कर्म परित्याग करने लगेंगे।

अपने अपने मत की सब ही प्रधानता मानते है। तथापि पूर्वोक्त सम्पूर्ण मतों तथा तन्त्र की अशेष आम्नायिकाओं और वेदकी चतुर्विंशति गायत्रियों की श्रीविद्या में समष्टि होने के कारण हिन्दु मात्र के हित के लिए इस से बढकर दूसरा सिद्धान्त दृष्टिगोचर नहीं होता। अतएव हिन्दू धर्म के संस्थापक श्रीं १०८ स्वामी शंकराचार्यजी ने नेपालस्थ ज्योतिर्लिङ्ग श्रींपशुपतिनाथ के शिरमें चन्दन से श्रीयन्त्र निर्माण कर नित्य तथा नैमित्तिक अर्चन करने की प्रणाली प्रचलित की है। और इसी के अनुसार श्रीपशुपतिनाथ की पूजा चलरही है। द्वैतवादी लोग पुराणादि शास्त्रों से ही शैव, वैष्णव, गाणपत, शाक्त तथा सौर इत्यादि मतमतान्तर निकाल अपने मन के अनुकूल मत स्वीकार कर स्वमत को सर्वश्रेष्ठ मान वैठते हैं, क्योकि पुराणादियों का जिस प्रकार भी अर्थ किया जा सकता है। परन्तु श्रीविद्योपासना मनोविज्ञान का मूलतत्व होने के कारण यह शाम्भवीविद्या है इसका अनेकार्थ नहीं हो सकता। इस विषय में आगमशास्त्र में ऐसा लिखा है:—

"वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव ।
इयन्तुशाम्भवीविद्या गुप्ताकुलवधूरिव ॥"

फिर अद्वैतवादी लोग अर्थात् सांख्य, पूर्वमीमांसा, न्याय, वैशेषिक, पातञ्जल और वक्रवेदान्ती शुन्यवादी आदि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अवैदिक लोग भी अपने अपने मत को प्रधान मानते हैं। इन का जब परस्पर वादविवाद (शास्त्रार्थ) चलता है और अपनी वाक्चातुरी से जो प्रतिवादी को निरुत्तर कर देता है, वही सब से विद्वान् महात्मा बन जाता है तथा उसी का मत सर्वोत्तम माना जाता है। परन्तु यह श्रीवि-द्योपासना के मत कुलवधू के समान अतिगोपनीय होने के कारण श्रीविद्योपाशक तो अपने ही मनोराज्य में विचार करते हैं न कि मनुष्यों के साथ। अतएव उन के लिए शास्त्रार्थ अथवा जय-पराजय का प्रयोजन ही नहीं है। जब श्रीविद्याका पूर्णतया अनुभव हो जाता है, तब जिस प्रकार मिश्री का आस्वादन करने वाला पुरुष 'मिश्री कडुवी होती है' इस प्रकार कहने वाले पुरुष की प्रतीति नहीं करता है, उसी प्रकार श्रीविद्यामृतपानसन्तृप्त-म मानव के लिए अन्य मतों की आवश्यकता नहीं होती है, और न उनको मानने के लिए वह उद्यत ही होता है। वास्तव में इस कुलमार्गोक्त श्रीचक्रोपासना के समान कोई भी द्वैतवादी अथवा अद्वैतवादी मत नहीं है। श्री १०८ स्वामी शंकराचार्यजी का उक्ति ऐसा है:—

"शैवाः सौराश्च गाणेशा वैष्णवा शक्तिपूजकाः ।
भवन्ति यन्मयाः सर्वे सोहमस्मि परः शिवः ॥"

सब मतों की तात्पर्य-समाप्ति इस मत में होने के कारण यह विद्या सच्चिदानन्दान्तरगत मार्ग है। इस प्रकार महत्वपूर्ण श्रीविद्योपासना को मादृश अल्पज्ञ किस प्रकार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जान सकता है ? तथापि यथा मति अब श्रीयन्त्र का षोड-शावरण का नाम संकेत देता हूं। वह पद्धति के अनुसार दियाजाएगा, किन्तु मन्त्र नहीं होगा केवल नाम मात्र रहेगा।

१. शुक्लारुणकृष्ण- त्रिरेखानिर्मित ३ भूपुर को ध्यान करके ४ द्वार में यथोक्तरूप ध्यान करके पूजा करें। यथाः—

पश्चिमाम्नाय पश्चिमद्वार, वीरकुब्जिकापश्चिमद्वारनायिका। उत्तराम्नायउत्तरद्वार, सिद्धिलक्ष्मीउत्तर नायिका। पूर्वाम्नायपूर्वद्वार, उन्मनीपूर्वद्वारनायिका। दक्षिणाम्नाय दक्षिणद्वार, आद्याकालीदक्षिणद्वारनायिका। पश्चिमे, सर्वयोगिनियां तथा सर्वभूतों। पूर्वे, क्षेत्रपाल। दक्षिणे, महागणपति। उत्तरे, वटुक भैरव। नैर्ऋत्ये, तिरस्करिणीदेवी आग्नेयां, वनदुर्गा। ईशान्यां, कामदेव। वायव्यां, वसन्त। पार्श्वयोः, शंखनिधि तथा पद्मनिधि।

प्रथमरेखा में १० सिद्धियाँ रक्तवर्णा निधिवाहना चतुर्भुजा पाश, अंकुश उपर की भुजाओं में तथा दो कमलों के नीचे की दो भुजाओं में धारण की हुई ध्यानकरके पूजा करें। यथाः— १ अणिमासिद्धि। २ लघिमासिद्धि। ३ महिमासिद्धि। ४ इशित्वसिद्धि। ५ वशित्वसिद्धि। ६ प्राकाम्यसिद्धि। ७ भुक्तिसिद्धि। ८ इच्छासिद्धि। ९ प्राप्तिसिद्धि। १० सर्वकामसिद्धि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीयरेखामें नीलवर्णा दोभुजाओं में लाल कमल तथा कपालपात्र धारण किए हुए रक्तवस्त्राभरण से सुशोभित ८ मातृकाओं का ध्यान करके पूजा करें। यथा— १ ब्रह्माणी। २ माहेश्वरी। ३ कौमारी। ४ वैष्णवी। ५ बाराही। ६ इद्राणी। ७ चामुण्डा। ८ महालक्ष्मी।

तृतीयरेखामें रक्तवर्णा रक्तवस्त्रविभूषणा चतुर्भुज उपर के दो हाथों में पाश, अंकुश नीचे के हाथों से अपने अपने मुद्रा दर्शाती हुई १० मुद्रादेवियां के ध्यान करके पूजा करें। यथाः— १ सर्वसंक्षोभिणी। २ सर्वविद्राविणी ३ सर्वाकर्षिणी। ४ सर्ववशंकरी। ५ सर्वोन्मादिनी। ६ सर्व महांकुशा। ७ सर्वत्रिखण्डा। ८ सर्व बीजा। ९ सर्वखेचरी १० सर्वयोनि।

इन सब को "**प्रकट योगिनी**" नाम से पुकारते हैं इन **त्रैलोक्यमोहनचतुरस्त्रपृष्ठत्र्यात्मकचक्र** के मध्य में **त्रिपुराचक्रनायिका** का यथोक्त ध्यान तथा पूजा कर वाम ओर में **सर्वसंक्षोभिणीमुद्रा**, दक्षिण ओर में **अणिमासिद्धि** तथा अग्र में **चार्वाकदर्शन** की पूजा करें। इति प्रथमावरणम्

२. **शुक्लारुणकृष्ण** रेखानिर्मित **त्रिवृत्तचक्र** को ध्यान करके प्रथम वृत्तमें रक्तवर्णा पाशांकुशधरा २९ मातृकाओं की पूजाकरे। यथाः— १ कालरात्री। २ खातिता। ३ गायत्री। ४ घण्टाधारिणी। ५ ङार्णात्मिका। ६ चण्डा। ७ छात्मिका। ८ जया। ९ झट्कारिणी। १० ज्ञानरूपा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की निःश्रीकता होरही है। प्रथमावस्था की बात ही ऐसी है तो द्वितीयावस्था की बातकथा कहें ? द्वितीयावस्था को मध्यम उपासना कहते हैं। इस में देहाभिमान को त्यागकर आत्माभिमान द्वारा अपने आत्मबल (Will power)को प्रधान मान के उसकी शक्ति बढ़ाने का प्रयत्न करते हैं। तृतीयावस्थाको उत्तम उपासना करते है। इस में अपने कोही इष्ट मानकर उपासनादिकर्म्म होगा। यह तो मनो विज्ञानशास्त्र है। मध्यम उपासना तथा उत्तम उपासना को बहुत ही सूक्ष्म भेद है जो कि गुरुकृपाद्वारा अनुभव से ही विदित हो सकता है। अब मैं यहाँ मन्त्र के विषय में कुछ लिखूंगा। बीजा क्षरी मन्त्रों का अर्थ तो एक ही है तथापि अपने-अपने गुरुपरंपरा भेद से अपने—अपने शिष्यों को पृथक् पृथक् तरिका से समझा देने की प्रथा है। जैसे एक छोटे से वीजके अन्तर गंत एक बडा वृक्ष है फिर उस वृक्ष के मूल से अथवा शाखा से जिसप्रकार भी वर्णन हो सकता है, वैसे ही एक मन्त्र का बीजाक्षर के अन्तर्गत एक लम्बा अर्थ है, उस की जिस प्रकार भी व्याख्या हो सकती है। फिर मन्त्र का अर्थ उपासक के भेद से ३ प्रकार से किया जाता है। अधम अधिकारी के लिए देहाभिमान से जपने का साधारण अर्थ समझायाजाता है। मधम अधिकारी के लिए आत्माभिमान से मनन करने के लिए उसी मन्त्र का अर्थ निर्गुण रूप में समझाया ज.ता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है। तथा उत्तम अधिकारी के लिए निरभिमान से निदि-ध्यासन करने के लिए उसी मन्त्र का अर्थ निर्गुण रूप से अपने में घटा कर तन्मय करा देते हैं। यह अर्थ मुख से बताया नहीं जाता है वरन् स्वयम् गुरु शिष्य को अपने साथ रखकर स्वयं अनुभव करके दिखाकर शिष्य को भी अनुभव करा देते हैं। जिस प्रकार मन्त्र के अर्थ ३ प्रकार के होते हैं, उसी प्रकार ध्यान के तथा यन्त्र के अर्थ भी ३ प्रकार के होते हैं। अतः पूजा भी ३ प्रकार से होती है। इसलिए मूर्ति, मन्त्र तथा यन्त्र का एक ही रूप माना गया है। अब यहाँ एक शंका की बात है कि यन्त्र तथा मूर्ति तो हमलोगों ने बनाया और जिस ईश्वर ने हमको बनाया उस को हम कैसे पूजें? वास्तविक बात यह है कि सर्वशक्ति मान् ईश्वर तो हम ही हैं, केवल भ्रमसे ईश्वर को अलग मान ते हैं। यह जगत् है ही नहीं, केवल हमलोगों की भ्रान्ति है। यह संसार हमने ही अपने संकल्प से रचा है फिर मोहवश उसी को सत्य मानकर अपनी ही रची हुई अनेक योनि में भ्रमणकर देहधारी बन सुखदुःख का अनुभव कर रहा है। इसी भ्रमको हटाने के लिए प्रथमा-वस्था में साधक देहाभिमान से उपासते हैं, इसलिए वह अपनी देह से मूर्ति निर्माण कर प्राणप्रतिष्ठादिकर उन को सजीव मानकर अपना मालिक बनाकर पूजते हैं। इस अवस्था में "इसमूर्तिको मैंने बनाया है" ऐसा भाव त्याग कर "यह साक्षात् भगवान् है हम इस से बने हुए हैं"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऐसा भाव साधक का होता है। तब भक्ति पूर्वक आदमी को जैसे स्नान शृंगार तथा भोजनादि कराके उन की सेवा में मग्न होजाते हैं। अधम उपासना की विधि ऐसी है।

जब साधक मध्यमाधिकारी होगा तब देहाभिमान को त्यागकर आत्माभिमान से उपासना करने के लिए मन्त्ररूप वाङ्मय मूर्त्ति को निर्माण करता है। और उस निर्गुण से अर्थ किया जायगा, और जिस देवता के मन्त्र के निर्गुणार्थ का मनन किया जायगा, उस देवता की मूर्त्ति तथा ध्यान का भी वही अर्थ बन जाएगा। यह अनुभवी गुरु के वक्त्र से जानने की बात है। अतएव यहाँ संक्षेपतः वर्णन किया है, क्यों कि मन्त्रों तथा मन्त्रार्थों को मुद्रित कराने में मैं असमर्थ हूँ। ये दोनों ही गुरु वक्त्राम्बुज से सीखने की बातें हैं न कि मुद्रित अथवा लिखित पुस्तकों से। मन्त्र के विषय में पिङ्गलामततन्त्र में ऐसा लिखा है:—

"मननाद्विश्वविज्ञानं त्राणं संसारवन्धनात्।
यतः करोति संसिद्धिं मन्त्र इत्युच्यते ततः ॥"

मेरुतन्त्रे—"साधकानां फलं दातुं तत्तद्रुपं धृतं सुरैः।
मुख्यस्वरूपं तेषां तु मन्त्रा एव न चेतरम् ॥"

फिर मन्त्र की आराधना के विषय में चामुण्डातन्त्र में ऐसा लिखा है:—

"पुस्तके लिखितो मन्त्रो येन सुन्दरि जप्यते।
नतस्य जायते सिध्दिर्हानिरेव पदे पदे ॥"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुरुमुख्याः क्रियाः सर्वाभुक्तिमुक्तिफलप्रदाः ।
गुर्वनुक्ताः क्रियाः सर्वा निष्फलाः स्युर्यतो ध्रुवम् ॥ ,,

फिर " शास्त्राद्वा गुरुवक्त्राद्वा ज्ञात्वा मन्त्रं प्रसाधयेत् " ऐसा भी तन्त्रान्तर में लिखा है। उसका अभिप्राय यह हैं कि जिस आम्नाय का मन्त्र गुरुवक्त्र से लिया हैं, उसी आम्नाय के उस मन्त्र से कम श्रेणीका मन्त्र शास्त्र देख कर दक्षिणामूर्त्ति गुरु—द्वारा पूर्वोक्त विधिसे ग्रहण करके पुरश्चरणादि करना चाहिए। यदि साधक उस आम्नाय की सर्वाधिकार ले चुका होतो उस आम्नाय के अन्य मन्त्रों के पुरश्चरणादि केवल शास्त्रदेखकर कर सकता हैं, दक्षिणा-मूर्त्तिगुरु से ग्रहणकरने की जरूरत नहीं होगी। इस विषय में पूर्व ही लिखचुका हूं। यहाँ दुबारा लिखने की जरूरत नहीं हैं। अब मैं द्वितीयावस्था अथवा मध्यम उपासना की पूजा का वर्णन करूंगा।

इस अवस्था की पूजा को कुलपूजा कहते हैं वह पूजा आत्माभिमान से मनोविज्ञान के तरी के से करनी चाहिए। कुलपूजा में सामान्यार्घ्य स्थापनादिभूतशुध्यन्त के सकल विधि स्वगुरपरंपरा—क्रम से समाप्त कर जो हेतुपूर्णकलश की स्थापना होती हैं उस में आनन्दभैरव तथा आनन्द भैरवी के आवाहन तथा अर्चन किये जाते हैं। अतः इस कलश को आनन्दघट अथवा आनन्दकलश कहते हैं। उस में अपना आनन्दरूप जो हैं, वही आनन्द भैरव तथा इस आनन्द को 'सुधा' याने बोध करानेवाली जो सत्ता है,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यही आनन्द भैरवी (सुधादेवी) हैं। वागर्थवत् इन दोनों में अभेद होने के कारण इन दोनों का साथसाथ ही आवाहन तथा पूजन होनाचाहिए। यह आवाहन करने की विधि गुरुद्वारा अभ्यास तथा अनुभव के साथ सीख लेनी चाहिए। इन्हीं आनन्दभैरव तथा आनन्द भैरवी का श्रीपात्र में भी आवाहन होता है। फिर इसी श्रीपात्र में इष्टदेवता का भी आवाहन होता हैं। उसका तात्पर्य यह है कि— आप विचार किजिए एक दीप जलरहा है। यदि उससे आप दूसरा दीप जलायें तो भी प्रथम दीप की ज्योति का ह्रास नहीं होगा ज्यों—का—त्यों ही रहेगा। फिर दूसरा दीप प्रथम दीप का ही सदृश बन जाएगा और उन दोनों में भेद भी नहीं रहेगा वैसे ही अपना आनन्द तो अपने ही साथ में है, उस से दीपवत् दूसरा आनन्द उद्धृत करके आनन्दकलश में आवाहन करना चाहिए। और आनन्द कलश का बिन्दु जिस अवस्था में श्रीपात्र में ड़ालाजाता है, उसी अवस्था में उस आनन्द से भी दूसरा आनन्द उद्धृत करके बिन्दु के साथ साथ ही श्रीपोत्र में डाल देना चाहिए। उस श्रीपात्र में भी आनन्द भैरव तथा आनन्द भैरवी का आवाहन और संक्षेपतः पूजन होगा। अब देखिए, इस अवस्था में अपना, आनन्द घट का तथा श्रीपात्र का आनन्द संमिलित होने से पूर्व आनन्द तिगुना हो जाएगा। यही आनन्द को तिगुना करने की तरीका है कौलाचार। अब वही आनन्द जो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीपात्र में रहा, उस में अपने हृदय में स्थित सच्चैतन्य (Self) रूप इष्टदेवता का दीपवत् पूर्वोक्त प्रकार से आवाहन कर उसे आनन्द में मिलाना होगा। फिर अपने हृदय में दीपवत् इष्टदेवता ज्यों-के-त्यों ही रहते हैं। एवं प्रकार से इष्ट देवता को गुरुपात्रादि अन्यपात्र में भी आवाहन करना चाहिए। उदाहरण के लिए देखिए श्रीपात्र में आनन्द का साक्षीरुप बनके ईष्टदेवतारूप आत्मचैतन्य (Self) का आवाहन होता है। फिर गुरुपात्र में वोध (Knowledge) रूप गुरु के साक्षी रुप से, भोगपात्र में इन्द्रिय (Sensetion) रुप आवरणदेवताओं के तथा अन्य अन्य पात्रों में भी एवं प्रकार साक्षीरुप से इष्ट देवता को आवाहन होता है। एवं प्रकार अपने सच्चिदानन्दरूप सर्व शक्तिमान् आत्मा (Self-power) को साचरण इष्ट देवता सराही, मूर्त्ति अथवा यन्त्र में आवाहन कर यथा मिलितो पचार से पूजा होगी। संक्षेपतः पूजा का रहस्य बतलाता हूं। स्नान से जलतत्व का, चन्दन से पृथ्वी तत्व का, सिन्दूर से रजो गुण का अक्षता से सत्वगुण का मोहिनी (कज्जल) से तमोगुण का, पुष्प से आकाशतत्व का, धूप से वायुतत्व का, दीप से तेजस्तत्व का, नैवद्य से काल (time) का तत्तत् पात्र के विन्दु के तर्पण से तत्तत् तत्वको अर्थात् श्रीपात्रामृत से आनन्द का, गुरुपात्रामृत से वोधका इत्यादि सब का आत्मारूप इष्ट देवता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

में विलीन कराना चाहिए। यही आत्मा में जगत् को विलीन कराने की तरीका है कुलार्चन। तत् पश्चात् यथोक्त विधि से पूजा को समाप्त कर विसर्जन करना चाहिए। विसर्जन का अर्थ यह है कि पहले जो दीपवत् सत्ता अपने से निकाल कर जहाँ जहाँ स्थापित की है, संहार मुद्रा से वहाँ-वहाँ से लेकर अपने हृदयस्थ दीपरूप सत्ता में उसे मिला देना है। जैसे एक सूत्र में दीप जल रहा था, भिन्न--भिन्न सूत्रों में उसी दीप से दीप जला कर भिन्न भिन्न रखकर घृत डाल दियाथा अब सब दीपों का घृत सूत्र के साथ पहले वाले दीप में मिला दिया जाए तो उस दीपका तेज कितना बढ जाएगा? इसी तरह इष्टदेवता का विसर्जन करके अपने आनन्द तथा शक्ति की वृद्धि की जाती है। जैसा दीप जलाने की और दीप में घृत सहित सूत्र डाल ने की मुद्रा पृथक्—पृथक् होती है, वैसा ही आवाहन और विसर्जन करने की मुद्रा भी पृथक—पृथक होती है। पूर्वाम्नाय पश्चिमाम्नाय दक्षिणाम्नाय और अधराम्नाय की सर्वाधिकारदीक्षा का मन्त्रार्थ में शिवशक्ति का भाव स्फुरण होने के कारण उन में करकच्छपी मुद्रा से आवाहन तथा संहारमुद्रा से विसर्जन होते है। फिर उत्तराम्नाय और ऊर्ध्वाम्नाय की सर्वाधिकारदीक्षा का मन्त्रार्थ में एक आत्मा का ही भाव स्फुरण होने के कारण उन में त्रिखण्डा मुद्रा से आवाहन तथा संहार मुद्रा से विसर्जन होते हैं। इस का रहस्य गुरुमुख से ही जान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लेना चाहिए। इत्यादि के चक्रार्चन आत्मसाधन तथा राजाधिराजयोग (Self-culture) भी कहते हैं। इस राजाधिराज—योग का तत्वशुद्धि—साधन तरीका तो एक ही है, परन्तु चक्र के नाम भेद से विसर्जन तथा स्थापना का ढंग पृथक है। उसका अत्र वर्णन करता हूँ। चक्रार्चन में मुख्य दो भेद हैं एक दिव्यचक्र दूसरा वीर-चक्र फिर इन दोनों के अन्तर्गत बहुत भेद हैं। दिव्यचक्र में "इतः पूर्वं" इत्यादिमन्त्र पढ़कर "मां मदीयं सकलं परार्पणमस्तु" यह मन्त्र पढकर दोनों हाथों के तत्वमुद्रा से जब इष्टदेवता के चरणकमलों में श्रीपात्र का बिन्दु समर्पित किया जायगा तव साधक 'तत्वमसि' हो जाय-गा। यहाँ 'तत्वमसि' का भावार्थ ऐसा है। 'तत्' पर-ब्रह्मात्मक पूज्य ईष्ट—देवता को तथा 'त्वम्' पूजक अपने को "असि" (अस × सिप्) से ऐक्य भाव देकर 'तत्त्वं' तत्त्वरूप फिर वही "असि" से वन जायगा। इसका यथार्थरहस्यगुरुवक्र से ही जानलेना चाहिए। ततपश्चात् वही श्रीपात्र उठा के तत्व—शुद्धि करनी चाहिए। यतः प्रथमतत्व शुद्धि के आगे श्रीगुरुका ध्यान करना चाहिए क्यों कि सहस्रार वोध रूप गुरु से ही ज्ञानप्राप्ति होती है। मस्तिष्क brain से ही ज्ञान Feeliugs की उत्पति होगी। तत्पश्चात् उस पात्रका अमृत प्रथमतत्व के साथ प्रथमपात्र

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वन्दन पढकर मूलमंत्र का प्रथमपाद के उच्चारण के साथ "आत्मतत्वेनात्मतत्वं स्थूलशरीरं परिशोधयामि शिवोऽहं स्वाहा" इस मन्त्र से कुलकुण्डली के मुख में हवन करने से स्थूलदेह तथा आत्मतत्व की शुद्धि होगी। अर्थात् स्थूल-देहाभिमान हट जाएगा। कुलकुण्ड़लि—मुख में हवन करने की तरीका स्वगुरुदेव से ही सीखलेना चाहिए। उसका संकेत महानिर्वाण तन्त्र में ऐसा लिखा है:—

" मूलाधारादिजिह्वान्तांचिद्रुपांकुलकुण्डलीम् ।
विभाव्य तन्मुखाम्भोजे मूलमन्त्रं समुच्चरन् ॥
परस्पराज्ञामादाय जुहुयात्कुण्डलीमुखे ॥ "

यह खाने पीने की बात नहीं है, यह अन्तर्याग की बात है। फिर हृदय में (जहा अन्तस्करण रहते हैं) आत्मारूप इष्टदेवता का चिन्तन कर द्वितीयतत्व के साथ द्वितीय पात्रवन्दन पढकर मूलमन्त्र का मध्यमपाद के उच्चारण के साथ "विद्यातत्वेन विद्यातत्वं सूक्ष्मशरीरं परिशोधयामि शिवोऽहं स्वाहा" इस मन्त्र से पूर्ववत् हवन करके सूक्ष्म देह तथा विद्यातत्व की शुद्धि कर सूक्ष्मदेहाभि-मान हटावे। तदन्तर प्राणायाम कर तृतीयतत्व के साथ मूलमन्त्र के अन्तीमपाद के उच्चारण के साथ "शिवत-त्वेन शिवतत्वं कारणशरीरं परिशोधयामि शिवोऽहं स्वाहा" इस मन्त्र से पूर्ववत् हवन करके कारणदेह शिवतत्व की शुद्धिकर कारणदेहाभिमान भी हटावे। फिर जपकर तीनों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ही तत्व के साथ चतुर्थवन्दन पढकर मूलमन्त्रोच्चारण के साथ " सर्वतत्वेनसर्वतत्वमत्रास्नयजीवं प्रकृति एवं परिशोधयामि शिवोऽहं स्वाहा ,, तदनन्तर कुण्डगोलादि के साथ शक्त्युच्छिष्टामृत पंचमवन्दन पढ़कर मेधामन्त्र के साथ " पुरुषतत्वं परिशोधयामिजुहोमि शिवोऽहं स्वाहा " इस मन्त्र से पूर्ववत् हवन करे। इस पञ्चमाहुति कुलसन्ध्या के साथ करनी चाहिए। कुलसन्ध्या की विधि गुरु से ही जान लेनी चाहिए क्योंकि यह विधि अति रहस्यपूर्ण है। इस हवन के विषय में कौलावलिनीर्णय में ऐसा है:—

" प्रथमे श्रीगुरोर्ध्यानं द्वितीये स्वेष्ठुचिन्तम् ।
प्राणायामं तृतीये च चतुर्थे जपमाचरेत् ॥
पंचमेतु महेशानि कुलसन्ध्यां समाचरेत् ।
पंचमे पंचमं कुर्याद्यावदेकादशावधिः ॥ "

ततः यथारुचि तत्व के साथ षष्ठवन्दन कर " ॐमनस्तत्वं परिशोधयामि जुहोमि शिवोऽहं स्वाहा " इस मन्त्र से पूर्वोक्त हवन करे। एवं सप्तम में बुद्धितत्व, अष्टम में अहंकार तत्व, नवम में शक्तितत्व, दशम में भैरवतत्व तथा एकादश में सर्वतत्व की शुद्धि कर उस उस अभिमान को हटावे। इसी क्रिया का नाम है तत्वशुद्धिक्रिया। जब शान्तिस्तवादि का पाठ समाप्त होगा, तब आनन्दकलशामृत भी उसी श्रीपात्र में रखकर ' ॐ देहं मन्त्रमयं ' इत्यादि पढ़कर पूर्णाहुति करनी चाहिए। यह विधि दिव्य-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चक्र की है। चक्रार्चनपद्धति में लिखा भी है कि 'दिव्यं देव्यग्रतः कार्यं वीर विसर्जनात् परम्। वीरचक्र में घट के ऊपर एक पात्र स्वाग्र में स्थापित कर उस में कुलमधु भरकर उस मधु में ही इष्टदेवता के आवाहन तथा पूजन होते हैं। इसी को सराही कहते हैं। इस विधि में जब श्रीपात्र से पूर्वोक्त प्रकार 'ईतः पूर्वं, होगा तब श्रीपात्र में स्थापित देवता को श्रीपात्र में ही रखकर केवल उसका आनन्द को सराही में मिला कर सराही को विसर्जन कर वहीं पात्र उठाकर तत्वशुद्धि होगी अन्त में सकलपात्र का अमृत दिव्य चक्र में श्रीपात्र में और वीर चक्र में उस अवस्था में श्रीपात्र का विसर्जन कर सब पात्र का अमृत सराही में एकत्रित कर सूर्यको आत्मा मानकर सूर्यार्घ्य देना चाहिए। अतः दिव्यचक्र में आनन्द श्रीपात्र में रहकर चेतना मूलदेवता में लय होगी। और उसी आनन्दमय श्रीपात्र से उल्लास मिलेगा। वीरचक्र में चेतना श्रीपात्र में रहकर आनन्द सराहीरूप मूलदेवता में लय होगा। और उसी आनन्दमय सराही से उल्लास होगा। प्रायशः तत्वशुद्धि की क्रिया बीरचक्र के सदृश ही होगी। परन्तु दिव्य—वीर चक्र में दोनों की ही मिश्रित किया होगी। चक्रार्चन बहुत प्रकार के होते हैं, सब का मुझे ज्ञान नहीं है। मुझे जितना ज्ञान है, वह पीछे वर्णन करूंगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चक्रार्चन में पंक्त्या कार वा चक्राकार से आचार्य के वाम तरफ शक्ति की स्थापना कर ज्येष्ठक्रम से वीरो को बैठ के तत्व शुद्धि करनी होगी और इसी क्रम से पात्र भ्रमण भी होगा। फिर योगिनियाँ तथा वीर सम होंगे तो दक्षिणतः क्रम से योगिनी तथा वीर, फिर योगिनी तथा वीर एवं क्रम से भी बैठने को तन्त्रशास्त्रने कहा है। इस विषय में कुलार्चनदीपका में करीब ३०० श्लोक लिखे हैं। उसका भावार्थ इतना ही होने के कारण तथा लेख ! विस्तार भय के कारण यहाँ नहीं दियाजाएगा। चक्रार्चन में जितने ही कम आदमी होंगे, उतनी शीघ्र सिद्धिप्राप्ति होगी। यतः बहुत मनुष्यों में सब की मनोवृत्ति एक ही प्रकार की होनी बहुत कठिन है। अतएव प्रथम श्रेणी में केवल एक साधक और एक शक्ति दोनों ही बैठके चक्रार्चन करना चाहिए। जब इनकी वृत्ति एक ही होजाय तब धीरे धीरे साधकान्तरों का समावेश करना चाहिए। परन्तु आठ से अधिक उपासकों की सम्मति नहीं है। इस में नीलतन्त्र का वचन ऐसा है "अथवाष्टौ समाहूय प्रान्तरेषु समाचरेत्।" परन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि सात अथवा नौ न हो। सम्भव है आठसे अधिक उपासकों की सम्मति भी किसी किसी तन्त्रान्तरमें दी गई हो। तन्त्रग्रन्थ एक नहीं अनेक हैं। हमने स्वयं बहुत कम तन्त्रग्रन्थों का अवलोकन किया है। अतः हम निश्चय से नहीं लिख सकते कि इतने ही मनुष्य चक्रार्चन में संमिलित हो सकते हैं। किन्तु यह बहुत आवश्यक है कि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सब की वृत्ति एक जैसी हो। यदि सब के मनोभाव एक न हों गे, तो यह राजाधिराज-योग कदापि पूर्ण न होगा। इस की पूर्ति के लिए सब की चित्तवृत्ति एक होनी चाहिए। और इस की सम्भवता जितने ही कम साधक होंगे उतनी ही अधिक हो सकती है। लय-योग भी राजयोगका ही अङ्ग है। तथापि तन्त्रान्तर में नाद के अभ्यास को लय-योग ध्यान तथा धारणा के अभ्यास को राज-योग मानागया है। राज-योग, लय-योग इत्यादि अनेक प्रकार के योग के वैष्णव, सौर, शाक्त, गाणपत्य, तथ शैर इत्यादि अनेक मार्गसे अभ्यास होसकता है। मंत्र-योग, लय योग, राज-योग तथा मनोविज्ञान यह चारों का मिश्रित राजाधिराज-योग के कुलमार्ग के अतिरिक्त अन्यमार्गसे अभ्यास नहीं हो सकता है। फिर कुलदीक्षा प्राप्त कर राजाधिराजयोग का अभ्यास अथवा तीव्रवैराग्य प्राप्तकर वेदान्तका श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन के अतिरिक्त किसी से भी निर्वाणमोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती। राजाधिराज-योग की विधि तो बताई गई है, अब उस के अभ्यास का तरीका संक्षेपतः यथाज्ञान लिखता हूँ। जब तत्व-शुद्धि की क्रिया समाप्त होजाय तब वीर-भोजन करके यथोक्तविधिसे मध्यम उपासक लोग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चक्र का विसर्जन करते हैं। परन्तु उत्तम उपासकों के लिए तत्व—शुद्धि के पश्चात् " देहंमन्त्रमयं " इत्यादि के आगे वीर—भोजन के साथ—साथ ही (अर्थात् अर्ध भोजन के पश्चात् अभ्यास कर फिर अर्ध भोजन) नीचे लिखाहुआ अभ्यास करना चाहिए। तत्वशुद्धि से यह निश्चय हो जायगा कि हमलोगों में वह परमशक्ति (Supreme-power) विद्यमान है। उसी के प्रभाव से यहनिश्चय होगा कि स्वयं हम लोग ही शक्ति, अनुमन्ता, भोक्ता और भर्त्ता हैं। अनुमन्ता रूप से हमलोग अनुमति करते हैं, फिर शक्तिरूपसें उस के फलका ज्ञान प्राप्त करते हैं, भोक्तारूपसे फलका भोग करते हैं और भर्तारूपसे उसी शक्तिकी पुष्टि करते हैं। वह जो परमा शक्ति हैं वह सर्वसाक्षीरूप से हमलोगों के सहस्रदल के उपर विराजमान होकर सूक्ष्मदेह (मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार) का स्थूलदेह से सम्बन्धकराकर कवली कर रही है। अब यह सूक्ष्मशरीर स्थूलशरीर की किस-किस जगह पर रहकर सम्बद्ध होरहा हैं उसका वर्णन किया जायगा। हमलोगों के मस्तिष्क के उपर भागमें ज्ञानरूपी बुद्धि और उसके नीचे भाग में विवेकरूपी बुद्धि तन्त्रशास्त्र ने उपर भागको मातृकावर्णसहित सरस्रार की गुरुपादुका के चिन्ह तथा नीचेभागको वही सरस्रार के अधोभाग आनन्दभैरवकूटाक्षरों तथा खेचरीकूटाक्षरों से अंकित

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दलों को ही माना है। उसी वुद्धि को अनुभव गम्य रीति से तीन भाग लगाकर दिव्यौघ, सिद्धौघ, तथा मानवौघ गुरुरूप माना गया है। फिर विवेकरूपवुद्धि को पूर्वोक्त द्वादशकूटाक्षरों के साथ द्वादश भागकर १० गुरु माने गये हैं, वे ऐसे हैं। १ गुरु। २ परमगुरु। ३ परापरगुरु। ४ परमेष्ठिगुरु। ५ परमाचार्यगुरु। ६ पूर्वसिद्धगुरु। ७ आदिसिद्धगुरु। ८ श्रीनाथादिगुरु। ९ सिद्धिनाथादिगुरु। १० त्रिपुरानाथादिगुरु। और दो नादविन्द्वात्मक अक्षरों के भाग में वे बीज ही गुरुरूप माने गए हैं। उसी मस्तिष्क के नीचे ललाटमें स्मृतिरूपी बुद्धि है। तन्त्रने इसको नाद-बिन्दु चक्र माना है। उसी स्मृति का ४ भाग करके शृङ्गाटक रूप नादचक्र के मध्य में, दक्षशृङ्गमें, वाम शृङ्ग में तथा बिन्दु में मैत्रेश नाथ, षष्ठीशनाथ, उड्डीशनाथ तथा चर्येशनाथ ये गुरुचतुष्क माने गए हैं,। संघट्टमुद्रा से जब पादुका मन्त्र का जप होगा तब मुद्रा के तत्व के प्रभासे सकल गुरुओं का सहस्रार की कर्णिका में ही एकीकरण होगा और उसी स्थान में उन का ध्यान होगा। यह सब अनुभवी गुरु से जानकर अनुभव कर लेना चाहिए।

वक्षःस्थलके अन्तर हृदयके ऊपर मन रहता है। जीव मन से ही संकल्प विकल्प द्वारा सब रचता है, फिर पूर्व ही लिख चुका हूँ कि **पूर्वाम्नाय सृष्टिरूप** और उस आम्नाय की नायिका **भुवनेश्वरी** है। अतः **मन** को तन्त्र शास्त्र ने **भुवनेश्वरीरूप मायावीजात्मक** माना है। उसी मनके नीचे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से लेकर नाभिस्थान तक जितनी जगह है उसके बीच का स्थान में (नेपाली भाषा में उस स्थान को ह्याँकुला कहते हैं) चित्त रहता है। मन से रचीहुई वस्तु की चित्त से ही स्थिति होती हैं, फिर पूर्व ही लिख चुका हूँ कि दक्षिणाम्नाय स्थितिरुप, फिर उस आम्नाय की नायिका दक्षिणकाली है। अतः चित्त को तन्त्रशास्त्रने (कुन्तीबीजात्मक) दक्षिणकालीरूप माना है। उस स्थान से स्वाधिष्ठान का मध्यदेश,नाभिस्थान के आसपास में अहंकार रहता हें। अब उस अहंकार के विषय में संक्षेपतः कुछ लिखने की चेष्टा करता हूँ। सूर्यवत् प्रकाशरूप परमेश्वर की किरण दर्पणवत् विमर्श रुप शक्ति के उपर पड़जाने से कुड्यवत् चित्त में जो बिन्दु—रूप बन जाता है वही अहंकार है। आगमशास्त्रमें इस विषय में ऐसा भी लिखा है:-

" प्रकाशस्यान्तर्विश्रान्तिरहंभावो हि कीर्त्तितः ॥ "

इत्यादि प्रमाण से स्पष्ट होता है कि अहंकार कामकलात्मक है। अतः अहंकारको तन्त्रशास्त्रने (उत्तराम्नायात्मक) कामकलागुह्यकाली कामबीजात्मकरूप माना फिर मूलाधार में कुण्डलिनी रहती है। कुण्डलिनी को तन्त्र ने कुब्जिका (पश्चिमाम्नायनायिका) माना है, यह बात पूर्व ही बताई गई है। इस अवस्था में कुब्जिका का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रूप खेचरीबीजात्मक है। और सब से ऊपर याने मस्तक से भी ऊपर चेतना शक्ति है। इसी चेतना शक्ति को प्रणवात्मक महात्रिपुरसुन्दरीरूप (ऊर्ध्वाम्नायात्मक) तन्त्रशास्त्रने माना है। अतएव कादि (कुण्डलिनी) क्रम में कुब्जिका विद्या में तथा हादि (हंसः) क्रम में श्रीविद्या में क्रमदीक्षा की विश्रान्ति होगी। एवं पूर्वोक्त प्रकाश से ऊपर की चेतना शक्ति और नीचे की कुण्डलिनी शक्ति के अन्तर्गत होकर इस सूक्ष्मदेह का स्थूलदेह से सम्बन्ध है। फिर पृथ्व्यादि पञ्च तत्व का स्थूलदेह से व्यापक संबन्ध है। जब ऊपर की चेतना शक्ति तथा नीचे की कुण्डलिनी शक्ति की खींचातानी निःश्वासोच्छ्वासक्रियाद्वारा होगी तब ६ स्थानों में श्वास की एक एक (महाभूतात्मक) तत्व के साथ लेकर षट्चक्ररूप स्पन्दि बन जाएगा। आगम में भी ऐसा लिखा है:—

"स्फुरत्ता मात्मनः पश्येत्तदा चक्रस्य संभवः ॥"

अब कौन कौन चक्र कैसे कैसे हैं वर्णन करता हूँ। १ मूलाधार चक्र पृथ्व्यात्मक अधराम्नायात्मक में "वँ, शँ, षँ, सँ," एवं ४ अक्षर–युक्त चतुर्दलपद्म और कर्णिका में पार्थिव बीज विद्यमान हैं। २ स्वाधिष्ठान चक्र जलात्मक (मतान्तरसे तैजसात्मक) चक्र पूर्वाम्नायात्मक में "बँ, भँ, मँ, यँ, रँ, लँ," एवं ६ अक्षरयुत षड्दलपद्म और कर्णिका में जलबीज (मतान्तर में अग्निबीज) विद्यमान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हैं। ३ मणिपूर चक्र तेजसात्मक (मतान्तर से जलात्मक) दक्षिणाम्नायात्मक में " डँ, ढँ, णँ, तँ, थँ, दँ, धँ, नँ, पँ, फँ " एवं १० अक्षरयुत दशदल पद्म और कर्णिका में अग्निबीज (मतान्तर से जलबीज) विद्यमान है। इसका वास्तविक रहस्य गुरुवक्त्र से जानलेना चाहिए, यहाँ मैं इतना तक लिखसकूँगा कि पाशवकल्प में स्वाधिष्ठान जलात्मक तथा मणिपूरतैजसात्मक, वीर-कल्प और कुल-कल्प में स्वाधिष्ठान तैजसात्मक तथा मणिपूर जलात्मक चक्र माने गए हैं। ४ अनाहतचक्र वाय्वात्मक में " कँ, खँ, गँ, घँ, ङँ, चँ, छँ, जँ, झँ, ञँ, टँ, ठँ, " एवं १२ अक्षरयुत द्वादशदलपद्म पश्चिमाम्नायात्मक और कर्णिका में वायुबीज विद्यमान है। ५ विशुद्धिचक्र आकाशात्मक उत्तराम्नायात्मक में " अँ" से " अः " तक १६ स्वरवर्णयुतषोडशदलपद्म और कर्णिका में वायुबीज विद्यमान है। ६ आज्ञाचक्र ऊर्ध्वाम्नायात्मक में " हँ, क्षँ " इति द्व्यक्षरयुत द्विदलपद्म और कर्णिका में प्रणव विद्यमान हैं। इन सब चक्रों के पीतादिवर्ण गुरुपरम्परा भेद से पृथक् पृथक् होते हैं। इन सबका यथार्थ तत्वका गुरूपदिष्टविधि से मनन करने से ऊपर के ३ चक्र मन में समष्टि होकर मन चन्द्ररूप होने के कारण सहस्रार में चन्द्रमण्डलबनकर चेतना शक्ति में लय होकर शुक्लवर्ण पराप्रासादरूप बन जाएगा, फिर नीचे के ३ चक्र अहंकार में समष्टि होकर " अहमेवआत्मा इस श्रुति वचनानुसार सूर्यरूप बनकर नाभिस्थित जठरा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नल अग्निमें पहुंचकर उनके साथ मिलकर अग्निरूप बन कर मूलाधार में कुण्डलिनी शक्ति में लय होकर रक्तवर्णा श्रीप्रासादरूप बन जाएगा। तदनन्तर चन्द्रमंडल से लाक्षा-रसप्रभा द्रवन्ती अवच्छिन्न सुधा-धारा दो बीजों का परस्परजननस्पर्श से निकाल उस परामृत से अपने को आपादमस्तक सेचन कर शिवरूप बने। इस विषय में कुलार्णवतन्त्र में निम्नलिखित प्रकार का संकेत दिया है:—

"सर्वकर्माणि कुर्वीत मन्त्रीतत्तत्फलाप्तये।
मूले प्रासादवीजञ्च तरुणादित्यसन्निभम् ॥
उत्तमाङ्गे परावीज चन्द्रायुतसमप्रभम् ।
परस्परजनस्पर्शजनितानन्दनिर्भरः ॥
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं अनवच्छिन्नरूपिभिः ।
परमामृतसंसिक्तैः सिक्तमापादमस्तकम् ॥
आत्मानं भावयेन्नित्यं स भवेदजरामरः ।
एवं ध्यात्वा कुलेशानि सर्वकर्माणि साधयेत् ॥"

तत्पश्चात् इस प्रकार स्वयं शिवरूप बन कर षडन्वय शाम्भव का चिन्तन स्वगुरूपदिष्टविधि से करना चाहिए। इस विषय में यथार्थ तरीका गुरुवक्त्र से ही जानलेना होगा तथापि मैं संक्षेपतः यहाँ कुछ लिखकर समझाने की चेष्टा करूँगा। आप विचार लीजिये कि आप एक गेंद (Boll) एक दीवार (Wall) की तरफ फेंकदिया तो टक्कर लगकर आपकी तरफ ही वापिस होकर आजाएगी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और जितना ही निकट से फेकेंगे उतना ही जोरदार होजाएगी तथा उतना ही दूरतक वापिस होके पहुंच जाएगी। ठीक इसी प्रकार सहस्रार में षडन्वयेश्वरको ध्यानकर वह पूर्वोक्त दो प्रासाद बीज के प्रभाव से आज्ञाचक्र में परेश्वरकूट को भावना कर परेश्वरानन्दनाथ का ध्यान कर मूलाधार में परेश्वरी बीज को भावना कर उनके मन्त्र द्वारा ऊपर का कूट से नीचे का बीज में टकर मार कर सहस्रार के ऊपर लेजाके वहाँ षट्कोण भावना कर उस में रश्मी का स्मरणकर मध्यमें परेश्वरानन्दनाथपरेश्वरीपराम्बारुप बनावे। एवं विशुद्धि में चिच्चेश्वरानन्दनाथचिच्चेश्वरीपराम्बा, अनाहत में हंसेश्वरानन्दनाथहंसेश्वरीपराम्बा, मणिपूरे में संवर्तेश्वरानन्दनाथसंवर्तेश्वरीपराम्बा, स्वधिष्ठान में द्वीपेश्वरानन्दनाथद्वीपेश्वरीपराम्बा तथा मूलाधार में नवात्मेश्वरानन्दनाथ नवात्मेश्वरीपराम्बा के रूप बनाके षडन्वयेश्वरमहाशाम्भवरूपमें समष्टि कराके उनको सर्वमन्त्रेश्वरीपराहूप फिर पूर्वोक्त प्रकार दो प्रासादबीजों शुद्धवर्णों को अपने मस्तक का चन्द्रमण्डल के वीच में फिर वह चन्द्रमण्डल भी षोड़शस्वरवर्णयुक्तकला के ध्यान कर अष्टोत्तरसहश्र जपकरे। मेरे गुरुदेवने बताया है कि यह जप करते करते स्वयं ही समाधि हो जाएगी तब जप की संख्या की जरूरत नहीं है, परन्तु मुझे तो अभीतक इस अनुभवका सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ है। तत्पश्चात् मन से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुछ भी स्मरण न कर मन खाली रखने का अभ्यास करना चाहिए। उत्तम उपासना की विधि यही है। उपरोक्त क्रिया के विषय में कुलार्णवतन्त्र में ऐसा संकेत है:—

" मस्तकस्थितसम्पूर्णचन्द्रमण्डलमण्डलम् ।
श्रीप्रासादपराबीजं षोडशस्वरसंयुतम् ॥
शुद्धस्फटिककर्पूरकुन्देन्दुधवलं प्रिये ।
सच्चन्द्रबिम्बसञ्जातसुधाप्लावितविग्रहम् ॥
आत्मानं भावयेन्नित्य निश्चलेनान्तरात्मना ।
सर्वाभीष्टं विलीयेत श्रीभद्रप्राप्तिकारणम् ॥
श्रीप्रासाद परामन्त्रमष्टोत्तरसहस्रकम् ।
तरुणोल्लाससहितो मण्डलं भावयेत् प्रिये ॥
अपमृत्यु महारोग जरामरणजं भयम् ।
जित्वाधिव्याधिरहितः पुत्रपौत्रसमन्वितः ॥
जीवेद्वर्षशतं सार्द्धं पूजितः सर्वमानवैः ।
अश्रुतं बुध्यते शास्त्रं कविता निर्मला भवेत् ॥
चिन्मये रोचते साक्षात्तत्रकार्याविचारणा ॥ "

एवं प्रकार से अभ्यास करने से विविध प्रकार की भुक्तिमुक्ति देनेवाली सिद्धियाँ मिल जाएँगी। वह भाषा में व्याख्या करने से लम्बा होगा, अतः लेखविस्तार भयसे यहां केवल कुलार्णवतन्त्र का वचन ही दे दूँगा। वह निम्नलिखित प्रकार है:—

" ज्वरोन्मादादिरोगेषुजपेच्छिरसि चिन्तयन् ।
शूलवातव्रणग्रन्थिमूत्रकृच्छ्रादिसम्भवे ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्तस्थानेषु संस्पृष्ट्वापूर्ववच्चिन्तयन् जपेत् ।
महारोगेषु जातेषु सर्वाङ्गेषु विचिन्तयेत् ॥
तत्क्षणाच्छान्तिमायान्ति रोगाः सर्वे न संशयः ।
देहेन्द्रियेषु योध्यायेल्लभेदिन्द्रियसौष्ठवम् ॥
यत्रबीजं स्मरेत्तत्र तत्फलं लभते ध्रुवम् ।
सदायश्चिन्तयेन्मूर्ध्नि सभवेदजरामरः ॥
सर्वरोगप्रहरणं विद्यारोग्यप्रदं प्रिये ।
अस्मात्परतरं कालं नास्ति सत्यं न संशयः ॥
सात्विकध्यानजंदेवि फलमेतदुदीरितम् ।
शान्तिकर्माणि सर्वाणि विधिनानेन कारयेत् ॥
विधिनानेन देवेशि सौभाग्यमतुलं लभेत् ॥
द्वादशाधारपद्मेषु द्वादशस्वरसंयुतम् ।
बीजं सञ्चिन्तयेद्यस्तु स भवेदजरामरः ॥
षडाधारेषु वा दीर्घयुक्तं बीजं विचिन्तयेत् ।
षडाधारस्थदेवीभिः पूज्यते कुलनायिके ॥
हृत्पद्मकर्णिकामध्ये सूर्यमण्डलसंस्थितम् ।
पराप्रासादबीजन्तु तरुणारुणसन्निभम् ॥
जवाबन्धूकसङ्काशं पद्मरागप्रभोज्ज्वलम् ।
पन्चविंशतिभिः स्पर्शाक्षरैर्वाचान्तमम्बिके ॥
तत्प्रभापटलच्छायाव्यक्तीकृतजगत्त्रयम् ।
आत्मानन्च स्मरेद्देवि निश्चलेनान्तरात्मना ॥
पराप्रासादबीजन्तु तरुणोल्लाससंयुत ।
अष्टोत्तर सहस्रन्तु मण्डलं प्रजपेत्सुधीः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवदानवगन्धर्वसिद्धकिन्नरगुह्यकान् ।
विद्याधरान्मुनीन् यक्षान् नागानप्सरसः स्त्रियः ॥
सिंहव्याघ्रोरगेन्द्रादीन् न्यासदुष्टमृगानपि ।
वश्यान्करोत्यसन्देह किं पुनर्मानवादयः ॥
सहदैश्वर्यमाप्नोति स्वर्गभोगादिकं प्रिये ।
यस्य मूर्ध्नि स्मरन् जप्यात् स वश्यो जायते हठात् ॥
राजसध्यानजं देवि फलमेतदुदीरितम् ।
वश्यकर्माणिसर्वाणि विधिनानेनकारयेत् ॥
सर्व वश्यकरंदेवि सर्वैश्वर्यफलप्रदम् ।
अस्मात् परतरं ध्यानं नास्ति सत्यं न सं शयः ॥ "

अब पृथ्व्यादि पञ्चतत्व के द्वारा मुद्रा तथा न्यासादि से क्या क्या अनुभव करना चाहिए, वह सब यथा ज्ञान संक्षेपतः लिखने की चेष्टा करूंगा। राजाधिराजयोग के विषय में, वह बहुत गहन विषय होने के कारण इस लेख में स्वाल्पज्ञानानुसार पाठकों को समझाने का प्रयत्न किया है। यदि उस में समर्थन रहा तो पाठक लोग क्षमा करें।

हमारी शरीर पृथ्व्यादि पञ्चतत्वात्मक हैं। उन तत्वों को शरीर में किस प्रकार जगाना चाहिए, इस विषयका वर्णन करता हूं। हमारे हाथों की कनिष्टिकायें पृथ्वी-तत्व की चाबी हैं। वे दो अँगुलियाँ दबाकर 'लँ' इस बीज का मनन याने मन से जप करने से पार्थिव तत्व का पीत-ज्योति का अनुभव होगा। वैसे ही अनामिकायें जल-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्व की चाबी होने के कारण पूर्ववत् 'वँ' बीज से शुक्लज्योति का, मध्यमाये अग्नितत्व की चाबी होने के कारण पूर्ववत् 'रँ' बीज से रक्तज्योति का, तर्जनियाँ वायु तत्व की चाबी होने के कारण पूर्ववत् 'यँ' बीज से हरितज्योति का तथा अँगुष्ठों आकाशतत्व की चाबी होने के कारण पूर्ववत् 'हँ' बीज से श्वेत में विचित्र वर्णके बिन्दु—मिश्रित ज्योति का अनुभव होगा। लेख से क्या होगा। गुरुजी से अनुभव कर लेने पर स्वयं विदित होगा। फिर इसी के द्वारा मानसिक पूजा की मुद्रायें भी सीखकर अभ्यास करना चाहिए। इस में एक बात है। किस—किस अँगुली के दवाने से किस तत्व का उत्पादन होगा, यह बता चुका हूँ। यह विचार कीजिए कि केवल नर्तन के लिए ही मुद्रायें दिखाना शंकरजी ने नहीं बताया है। किन्तु पूजा के लिये भी बताया है। इस में रहस्य होने के कारण ही शंकरजी ने ऐसा कहा है कि अमुकबीज मन से उच्चारण करके अमुक मुद्रा दिखाना। इस का तात्पर्य यह है कि उस बीज का उच्चारण करके वह मुद्रादिखाने से वह तत्व उत्पन्न होगा। उदाहरण के लिए देखिए, हठ-योगीलोग प्रथम देहद्वारा योगाभ्यास करने के कारण उन लोगों के लिए योनि मुद्रा के कायिक आसन बताया अर्थात् ऐसे आसन कर बैठने से योनिमुद्रा बनेगी जिस से योनितत्व का उत्पादन होगा। कुलयोगीलोग प्रथम आत्म

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शक्ति द्वारा मन से राजाधिराज-योगाभ्यास करने के कारण उनलोगों के लिए योनि मुद्रा के हस्तवद्ध करने के लिए ऐसा बताया है:—

"मध्यमे कुटिलेकृत्वा तर्जन्युपरि संस्थिते ।
अनामिके मध्यगते तथैव हिकनिष्ठिके ॥
सर्वा एकत्र संयोज्य अंगुष्ठपरिपीडिताः ।
एषातु प्रथमामुद्रा योनिमुद्रेति संज्ञिता ॥"

अतः कौल लोग हाथ से योनिमुद्रा बनाकर योनि बीज का उच्चारण करके योनितत्व का उत्पादन कराते हैं। खेचरी मुद्रा आदि का भी ऐसा ही तात्पर्य है। बात यह है कि अन्य सकल प्रकार का योगाभ्यासक्रम में देहशुद्धि (Physical-culture) से आरम्भकर आत्मशुद्धि (Will-culture) में विश्रान्ति करते हैं। राजयोग तथा राजाधिराजयोग में आत्मशुद्धि (Will-eulture) से आरम्भकर देहशुद्धि में विश्रान्ति करते हैं। राजयोग तथा राजाधिराजयोग में भेद इतना ही है कि राजयोग में समाधिके लिए यमनियमादिप्रणायामप्रत्याहार तक सब हठ योग के सदृश ही करना पडेगा, परन्तु राजाधिराज योग में इन नियमादि कि जरूरत नहीं केवल चक्रार्चन के पूर्वोक्त तत्वशुद्धि द्वारा स्वयं ही सबीजसमाधि हो जाएगी फिर जोजो मुद्रायें हठयोगियों के आसनों में नहीं हैं वे वे मुद्रायें भी कुलयोगियों के हाथ तथा मन्त्रों से हो सकती

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हैं। मुद्रा का फल मेरुतन्त्र में निम्नलिखित प्रकार का है:—

" मुदं स्वरूपलाभाभ्यां देहद्वारेण चात्मनः ।
या अर्पयन्त्ययत्नेन मुद्रास्ताः शक्तयो मताः ॥
मोदयन्ति ग्रहादिभ्यः पापौघं द्रवयन्ति च ।
मोदनं द्रावणं यस्मादतो मुद्राः प्रकीर्तिताः ॥ "

वैसे ही न्यास में भी देवरूप बनने की विधि है। शरीर के अमुक-अमुक स्थान पर अमुक—अमुक अँगुली से अमुक—अमुक मन्त्र मनन करके स्पर्श करने से अमुक अमुक तत्व का उत्पादन होकर देह देवमय हो जाएगी। अतः न्यास करने को शंकरजीने बताया है। सब से पहले कर न्यास का ही विचार करें जिसजिस अँगुली का न्यास होगा उसउस तत्व की जागृति होगी। एव सब से प्रथम करन्यास कर पञ्चमहाभूतो का तत्व जगाकर अन्य न्यासादि करने को कहा है। षडंगन्यास की विधि ऐसी है:—

" अंगुष्ठा ऋजवो हस्तशाखा ।
भवेन्मुद्रा हृदये शीर्षके च ॥
अधोऽगुंष्ठा खलु मुष्टिः शिखायाम् ।
करद्वन्द्वां गुलयो वर्मणि स्युः ॥
नराचमुष्टिर्ध्वतबाहुयुग्म—
कांगुष्ठतर्जन्युदितो ध्वनिस्तु ॥
विष्वग्विभक्तः कथितास्तु मुद्रा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यन्नाक्षिणी तर्जनिमध्यमे स्तः ॥
नेत्रत्रयं तत्र भवेदनामा ।
षडङ्गमुद्राः कथितायथावत् ॥ ”

एवं मुद्रा से मन्त्रोच्चारण के साथ तत्तत्स्थान में स्पर्श करने से तत तत् तत्व द्वारा तद्रूप की सिद्धि होगी। एवं प्रकार अन्य अन्य न्यासों के भी मुद्रा हैं, जो गुरुदेव द्वारा सीख के अनुभव करना चाहिए। आगम में लिखा है:—

“ देवोभूत्वा यजेद्देवं नादेवो देवमर्चनम् ॥ ”

फिर “ न्यासप्रिया तु श्रीविद्या ” ऐसा भी लिखा है। मैंने यहाँ इस विषय में बहुत संक्षेपतः लिखा है। मुझ जैसा अल्पज्ञ इस विषय में इस से अधिक क्या लिख सकता है ? वह सबतो गुरुजी से ही अभ्यास करके जान-लेने की बातें हैं।

अब चक्रार्चन के विषय में लिखता हूँ। बहुत से लोग सभी चक्रार्चनों को भैरवी चक्र ही समझते हैं। यह बात ठीक नहीं है। प्रत्येक चक्रार्चन में देहाभिमानत्याग कर आत्माभिमान से ही अर्चन हुआ करती है। इस लिए उस अवस्था :भिमानका जाति—भेद नहीं माना जाता है। फिर भैरवीचक्र के विषय में आगम में ऐसा लिखा है:—

“ प्रवृत्ते भैरवीचक्रे सर्वे वर्णाः द्विजातयः ।
निवृत्ते भैरवीचक्रे सर्वे वर्णाः पृथक् पृथक् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शायद इस उक्ति के लोग सब चक्रार्चनों को भैरवी चक्र ही समझते होंगे परन्तु अन्य चक्रार्चनों के विषय में भी ऐसी उक्ति है। वह ऐसा है:—

"श्रीपत्रे स्थापिते यत्र सर्ववर्णाः द्विजातयः।
विसर्जिते तु श्रीपात्रे सर्ववर्णाः पृथक् पृथक्॥"

अब यहाँ एक शंका की बात आई। जिस गुरु परम्परा में शक्ति सङ्गमतन्त्र का निम्नलिखित वचनानुसार श्रीपात्र की स्थापना ही नहीं होती तो उस में क्या किया जाए?

"सामान्यार्घ्यविशेषार्घ्यौ द्वौ प्रोक्तौ यत्रपार्वति।
चतुष्पात्राणि सामान्ये घटस्त्वावश्यको मतः॥"

अब इस गुरुपरम्परा के विषय में वही शक्तिसंगमतन्त्र का निम्नलिखित वचनानुसार सामान्यार्घ्य तथा विशेषार्घ्य मानकर पूर्वोक्त वचन प्रशस्त होगा।

"सामान्यार्घ्यंश्च श्रीपात्रमेकमन्यन्महेश्वरि।
सामान्यार्घ्येणसिद्धिश्च विशेषार्घ्येण पूजनम्॥"

अथवा महानिर्वाणतन्त्र का निम्नलिखित वचन भी इस विषय में प्रशस्त है:—

"यथाब्रह्मार्पितेऽन्नादौ स्पृष्टदोषो न विद्यते।
तथा तव प्रसादेऽपि जातिभेदं विवर्जयेत्॥"

अब यहा एक विचारणीय बात है। जब श्रीपात्र की स्थापना होगी तब चक्र में संमिलित हुये सब उपासक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भैरव तथा भैरवियाँ बन जाते हैं। यतः उन में देहाभिमान तनिक भी न रहना चाहिए। इस लिए वहाँ देहभेद यानि जातिभेद का लेश भी नहीं रहेगा। जब श्रीपात्र का विसर्जन होगा, तब देहाभिमान आजाएगा। और जातिभेद का भी अवश्य ही विचार करना पडेगा। नहीं तो 'बिसर्जिते तु श्रीपात्रे सर्वे वर्णाः पृथक् पृथक्' ऐसा क्यों लिखा ? इस लिए हम हिन्दू लोगों को चक्रार्चन के वाहर वर्णाश्रम धर्म्मको अवश्य पालन करना चाहिए। श्रीपात्रस्थापना की यह उक्ति सब प्रकार के चक्रार्चनों में लागू होती है। परन्तु भैरवीचक्र में यह उक्ति लागू न होकर पूर्वोक्त 'प्रवृत्ते भैरवीचक्रे' वाला वचन लागू होगा, क्यों कि भैरवीचक्र में श्रीपात्र की स्थापना नहीं होती है। इस विषय में महानिर्वाणतन्त्र में ऐसा है:—

"भैरवी चक्रविषये नतादङ्नियमः प्रिये ।
यथा समयमासाद्य कुर्याच्चक्रमिदं शुभम् ॥"

पुनश्चतत्रैव— "विशेषमत्र वक्ष्यामि श्रृणुष्वामरवन्दिते ।
गुर्वादिनवपात्राणां नात्र स्थापनमिष्यते ॥"

अब चक्रार्चन के विषय में जो थोडा बहुत मैं जनता हूँ वही लिखता हूं। चक्रार्चन मुख्यतः दो प्रकार हैं— एक दिव्य चक्र, दूसरा वीर चक्र इन का वर्णन, पूर्व में ही कर चुका हूँ। दिव्यचक्र में मूर्ति अथवा यन्त्र में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वीरचक्र में सराही में पूजा होती है। अब फिर दिव्य वीरचक्र में मूर्ति वा यन्त्र के आगे सराही की स्थापना करके अन्य विधियाँ वी॰ चक्रवत् करते हैं। फिर वीरदिव्य चक्र में सराही के उपर यन्त्रवामूर्ति रखकर अर्चन कर के पात्रभ्रमण के समय यन्त्र वा मूर्त्ति जिस में जिस का अर्चन हुआ था उनको सराही से निकाल कर स्थानान्तर में रखकर वीरचक्रवत् करते हैं। बहुत से तन्त्रों और आचार्यों का मत यही है। परन्तु महानिर्वाणतन्त्र ने तत्वचक्र को भी दिव्यचक्र ही बताया है। उसतत्व चक्र में तो पूजा की भी जरूरत नहीं है। उसके विषय में ऐसा लिखा है:—

"नघटस्थापनाऽत्रास्ति न वाहुल्येन पूजनम् ।
सर्वत्र ब्रह्मभावेन साधयेत् तत्वसाधनम् ॥"

परन्तु इस चक्रका अधिकारी बनना वड़ी कठिन बात है। केवल मुँह से सोऽहं कहने से नहीं होगा। इस विषय में निर्वाण तन्त्र में ऐसा लिखा है:—

"नात्राधिकारः सर्वेषां ब्रह्मज्ञान् साधकान् विना ।
परब्रह्मोपासका ये ब्रह्मज्ञा ब्रह्मतत्पराः ॥
शुद्धान्तः करणाः शान्ताः सर्वप्राणिहितेरताः ।
निर्विकारानिर्विकल्पा दयाशीला दृढव्रताः ॥
सत्यसंकल्पका ब्राह्मास्त एवात्राऽधिकारिणः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्रह्मभावेन तत्वज्ञे ये पश्यन्ति चराचरम् ॥
तेषां तत्वविदां पुंसां तत्वचक्रेऽधिकारिता ॥ ”

इस लिए यह चक्र विशेषतः हम जैसे साधारण साधकों के लिए सिद्धिदायक नहीं है।

अब भैरवीचक्र का वर्णन करता हूं। साधारण भैरवी चक्र और भैरवीचक्र—महायाग (महाभैरवीचक्र) का विधान पृथक् है तथा याग का उद्देश्य भी पृथक् है। भैरवीचक्र में केवल मूलमन्त्र से ही मपञ्चक की शुद्धि होगी। इस विषय में महानिर्वाणतन्त्र में लिखा है:—

“ कुलाचार्यो रम्यभूमावास्तीर्यासनमुत्तमम् ।
कामाद्येनास्त्रबीजेन संशोध्योपविशेत्ततः ॥
सिंदूरेण कुसीदेन केवलेन जलेन वा ।
त्रिकोणञ्चतुरस्रञ्च मण्डलं रचयेत् सुधिः ॥
विचित्रघटमानीय दध्यक्षतविमृक्षितम् ।
फलपल्लवसंयुक्तम् सिन्दूरतिलकान्वितम् ॥
सुवासितजलैः पूर्णं मण्डले तत्र साधकः ।
प्रणवेन तु संस्थाप्य धूपदीपौ प्रदर्शयेत् ॥
संपूज्य गन्धपुष्पाभ्यां चिन्तयेदिष्टदेवताम् ।
संक्षेपपूजाविधिना तत्र पूजां समाचरेत् ॥
विशेषमत्रवक्ष्यामि श्रृणुष्वाऽमरवन्दिते ।
गुर्वादिनवपात्राणां नात्र स्थापनमिष्यते ॥
यथेष्टं तत्वमादाय संस्थाप्य पुरतो व्रती ।
प्रोक्षयेदस्त्रमन्त्रेण दिव्यदृष्ट्याऽवलोकयेत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अलियन्त्रे गन्धपुष्पं दत्वा तत्र विचिन्तयेत् ।
आनन्दभैरवींदेवीं आनन्दभैरवं तथा ॥ ”

अर्थात् भैरवी चक्र के विषय में आचार्य केवल कामबीज के पीछे अस्त्रबीज का उच्चारण कर जलसेचन कर एक आसन पर बैठ अपने आगे सिन्दूर वा रक्तचन्दन अथवा केवल जल से भूमिपर त्रिकोण और चतुरश्र लिख कर उसके ऊपर दध्यक्षत से आभूषित किएहुए एक घट को कर्पूरादि सुवासितजल से पूर्णकर प्रणवोच्चारणद्वारा स्थापित्त करे और उसे धूप तथा दीप दिखावे। इस के बाद पुष्पाक्षत से उस घट की प्रणव से पूजाकर अपने इष्ट देवता का ध्यान कर उस घट में आवाहन करे। तत्पश्चात् संक्षेपतः उस में (इष्टदेवता की) पूजा करे और उसी घट के आगे यथेष्ट तत्व रखकर उसी अलियन्त्र को अस्त्रमन्त्र से जलद्वारा सेचन कर दिव्य दृष्टि से अवलोकन करे। फिर अलियन्त्र में गन्धपुष्पाक्षत समर्पणकर आनन्द भैरवी तथा आनन्द भैरव का ध्यान करे। वह ध्यान मैं पिछले लेख में दे चुका हूँ। आगेलिखा है:—

“ ध्यात्वैवमुभयोस्तत्र सामरस्यंविचिन्तयेत् ।
प्रणवादि नमोन्तेन नाम मन्त्रेण देशिकः ॥
संपूज्यगन्धपुष्पाभ्यां शोधयेत्कारणं ततः ।
पाशाद्वित्रिक बीजेन स्वाहान्तेन कुलार्चकः ॥
अष्टोत्तरशतावृत्या जपन् हेतुं विशोधयेत् ॥ ”

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अर्थात् उस अलियन्त्र में आनन्द भैरव तथा आनन्द भैरवी का आवाहन कर उन दोनों के सामरस्य की भावना कर प्रणवादी नमोन्ब नाम मन्त्र से गन्धपुष्पद्वारा पूजा करे। तब पाश, माया, अंकुशबीज और स्वाहा इस मन्त्र को अष्टोत्तरशत बार जपने से हेतु शोधन होगा। यहाँ देखिए, हेतुशोधन का शापमोचन, दोषमोचन, अमृतीकरणादि तथा गायत्र्यादि से संशोधन करनेको नहीं बताया है। फिर अन्य मकारादि के शोधन की बात दूर ही रही। इस विषय में उसी महानिर्वाणतन्त्र में ऐसा लिखा है:—

" म्लेच्छेन श्वपचेनापि किरातेनापि हूणुना।
आसं पक्वं यदानीतं वीरहस्तार्पितं शुचि॥ "

अतः उपर्युक्त विधिसे हेतु शोधनकर उसी हेतु से तत्वशुद्धियाँ कर भोजनादि करे। परन्तु भैरवीचक्र महायाग (महाभैरवी चक्र में ऐसा नहीं है। उस की विधि में तो घटस्थापना होती है। उस घट में इष्टदेवता को सविधि पूजन होता है। तत्वादिका भी सविधि अन्य चक्राचंन वत् संस्कार होगा। इस महायाग की विधि में इष्टदेवता के पूजन के पहले घट में कर्म्मकुञ्जि का की पूजा होगी। इस विधि में भी श्रीपात्रादि का स्थापन नहीं होता है। परन्तु नवचरु की स्थापना होगी। केवल भैरवी चक्र में घट में संक्षेपतः इष्टदेवता की पूजा करने को जो बताया है, उस में जिस आम्नाय के इष्टदेवता की पूजा होगी, उसी आम्नाय का भैरवीचक्र माना जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परन्तु इस **भैरवीचक्रमहायाग** (**महाभैरवीचक्र**) प्रत्येक आम्नाय तथा आवरण की पूजादि की पृथक् पृथक् पद्धति होती है। मेरे पास केवल ऊर्ध्वाम्नाय की पद्धति है। अन्य आम्नाय का भैरवीचक्रमहायाग किस प्रकारका है, वह मैं नहीं जानता हूँ। ऊर्ध्वाम्नाय के भैरवीचक्रमहायाग को षडाम्नायात्मक भैरवीचक्रमहायाग भी कहते हैं, क्यों कि इस में **निर्वाणमहात्रिपुरसुन्दरी** की पूजा होती है। उनका ध्यान मैं उर्ध्वाम्नाय के विवरण में लिख चुका हूँ। अब यहाँ मैं इस पटल को समाप्त करता हूँ। अब अगले लेख में यथाज्ञान महायागादिका कुछ संकेत लिखने की चेष्टा करूंगा॥

इति श्रीधनशम्शेरवर्म्मणा संग्रहित श्रीतान्त्रिकोपासनादर्पणे साधनाविधिविवरणन्नमः दशमः पटलः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्री शङ्कर भगवान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परन्तु इस भैरवीचक्रमहायाग (महाभैरवीचक्र) प्रत्येक आम्नाय तथा आवरण की पूजादि की पृथक् पृथक् पद्धति होती है। मेरे पास केवल ऊर्ध्वाम्नाय की पद्धति है। अन्य आम्नाय का भैरवीचक्रमहायाग किस प्रकारका है, वह मैं नहीं जानता हूँ। ऊर्ध्वाम्नाय के भैरवीचक्रमहायाग को षडाम्नायात्मक भैरवीचक्रमहायाग भी कहते हैं, क्यों कि इस में निर्वाणमहात्रिपुरसुन्दरी की पूजा होती है। उनका ध्यान मैं ऊर्ध्वाम्नाय के विवरण में लिख चुका हूँ। अब यहाँ मैं इस पटल को समाप्त करता हूँ। अब अगले लेख में यथाज्ञान महायागादिका कुछ संकेत लिखने की चेष्टा करूंगा॥

इति श्रीधनशम्शेरवर्म्मणा संग्रहित श्रीतान्त्रिकोपासनादर्श्ये साधनाविधिविवरणात्मकः दशमः पटलः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



श्री शङ्कर भगवान्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ ॐ ॥

॥ अथ एकादशः पटलः ॥

॥ ॐ नमः श्रीपरदेवतायै ॥

अब ऊर्ध्वाम्नायात्मक भैरवीचक्र–महायाग के विषय में मेरे पास जो पद्धति है, उस के अनुसार संक्षेपतः लिखता हूँ। एक स्थण्डिल निर्माण करके उसके आगे आचार्य बैठे और भैरवीचक्र के सदृश एक घट स्थापित करे। उसी स्थंडिल के ऊपर उसी घट के आस–पास में दीप, शान्ति (वरुण) कलश तथा महागणपति की भी स्थापना कर पूजा करनी चाहिए दिग्बन्धन, प्राणायाम, भूतशुद्धि इत्यादि तो यथा समय यथाक्रम करना ही चाहिए। तत्पश्चात् संकल्प करे। यथा— "ॐ अद्यत्यादि देशकालौ संकीर्त्य मम स्वेष्टदेवताप्रीतिपूर्वक निजामुककामनासिद्ध्यर्थं भैरवीचक्रमहायाग कर्माहं करिष्ये। इस के बाद मूल घट में कर्मकुब्जिका की यथोक्त विधिसे आवाहन तथा पूजन कर उस घट के आगे एक बलिपात्र स्थापितकर उस में कूष्माण्ड बलि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शताक्षरी मन्त्र से देवे— प्रणवके बाद पञ्चतार उच्चारण कर तत्पश्चात् धेनु, योनि तथा बिन्दु मुद्रा दिखा कर मूल घट के दक्ष भाग में उसी स्थण्डिल के उपर ही नवचरु की स्थापना करनी चाहिए। नवचरुस्थापना के लिये निम्नलिखित प्रकार का नवयोन्यात्मक यन्त्र लिखे।



इस यन्त्र के नौ त्रिकोणों में दिए हुए अंक क्रम से निम्नलिखित प्रकार के यन्त्रो को लिख कर निम्नलिखित चक्रों भी भावना करे।

१. ऊर्ध्वाम्नायात्मक आज्ञाचक्र।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

२. उत्तराम्नायात्मक विशुद्धिचक्र ।

३. पश्चिमाम्नायात्मक अनाहतचक्र ।

४. दक्षिणाम्नायात्मक मणिपुरचक्र ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

५. पूर्वाम्नायात्मक स्वाधिष्ठानचक्र ।



६. अधराम्नायात्मक मूलाधारचक्र ।

७. सूर्यचक्र ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

८. सोमचक्र ।

९. अग्निचक्र ।



तत्पश्चात् मूल घट के आगे नौ प्रकार के यथेष्ट हेतु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्थापना कर यथोक्त विधिसे शोधन करे। हेतु शोधन का मन्त्रोद्धार महानिर्वाणतन्त्र में ऐसा लिखा है:—

"ॐ एकमेव परंब्रह्म स्थूलसूक्ष्ममयं ध्रुवम् ।
कचोद्भवां ब्रह्महत्यां तेन ते नाशयाम्यहम् ॥
सूर्यमण्डल मध्यस्थे वरुणालयसम्भवे ।
अमाबीजमये देवि शुक्रशापाद्विमुच्यताम् ।
वेदानां प्रणवो बीजं ब्रह्मानन्दमयं यदि ॥
तेन सत्येन ते देवि ब्रह्महत्या व्यपोहतु ।
ह्रीँ हँसः शुचिषद् वसुरन्तरिक्षस—
द्धोता वेदिसदतिथिर्दुरोणसत् ॥
नृसद्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा ।
गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत् ॥
वारुणेन च बीजेन षड्दीर्घस्वरभाजिना ।
ब्रह्मशापविशब्दान्ते मोचितायै पदं वदेत् ॥
सुधादेव्यै नमः पश्चात् सप्तधा ब्रह्मशापनुत् ।
अंकुशं दीर्घषट्केन युतं श्रीमाययायुतम् ॥
सुधा पश्चात्कृष्ण शापं मोचयेतिपदं ततः ।
अमृतं श्रावयद्वन्दं द्विठान्तो मनुरीरितः ॥

महानिर्वाणतन्त्र में तो इतना ही है। परन्तु मेरी गुरुपरम्परा में तो इस से अधिक बहुत है। इस प्रकार शोधनकरके आज्ञाचक्रवाले कोण में शान्तिकलसवत एक कलस स्थापित कर उसे द्राक्षा हेतु से पूर्णकर महाशंख

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

